हिन्दी सांध्य दैनिक

# प्रखर पूर्वांचल

अखबार नहीं आंदोलन

RNI:UPHIN/2016/68754 | www.prakharpurvanchal.com | Email ID: prakharpurvanchal@gmail.com

गाजीपुर से प्रकाशित व वाराणसी, चंदौली, सोनभद्र, मऊ, बलिया, आजमगढ़, भदोही, मिर्जापुर, जौनपुर, लखनऊ, प्रयागराज, गोरखपुर, कुशीनगर, महाराजगंज तथा देवरिया से प्रसारित

वर्ष: 8, अंक: 271, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00, आमंत्रण मूल्य 2.00 | 3 अप्रैल, 2024 दिन बुधवार | गाजीपुर/वाराणसी

## वे कर्फ्यू लगवाते थे, हम कांवड़ यात्रा निकलवाते हैं : योगी

### बरेली पहुंचे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ: विपक्ष पर जमकर साधा निशाना

बरेली। बरेली इंटर कॉलेज मैदान में प्रबुद्ध सम्मेलन को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि लोकसभा चुनाव से पहले बरेली आया था। कई विकास कार्य की सौगात दी थी। देश में चहुओंर एक आवाज गूंज रही है। फिर एक बार मोदी सरकार। इसके पीछे एक कारण है। पीएम मोदी ने 10 वर्ष विकास कार्य किया। सुरक्षा, निवेश, आजीविका दिलाई। आस्था का सम्मान किया, देश की छवि को वैश्विक मंच पर पहुंचाया। उन्होंने कहा कि किसी ने हमारे लिए कुछ किया है तो अवसर आने पर कृतज्ञता ज्ञापित करना चाहिए। एयर एनेक्टिविटी बेहतर हुई। आईआईटी, एम्स है। घर जल समेत कई कल्याणकारी योजना, कृषि सिंचाई योजना, बीमा योजना, किसान सम्मान निधि, पीएम विश्वकर्मा, स्टार्टअप आदि योजना समेत महिला कल्याण की कई योजनाए देखने को मिल रही हैं, उन्हीं सब को देखते हुए अब कृतज्ञता ज्ञापित करने का समय है। मुख्यमंत्री ने कहा कि फैमिली फर्स्ट की बात करने वालों ने विकास अवरूद्ध किया था। एक तरफ माफिया राज को प्रश्रय देने वाले, भ्रष्टाचार को बढ़ावा देने वाले, तुष्टिकरण के नाम पर चेहरा



देखकर योजना का लाभ देने वाले हैं।

दूसरी ओर विकास, सुरक्षा, भ्रष्टाचार समाप्त करने, वन नेशन समेत अन्य संकल्प के साथ मोदी देश को बढ़ा रहे हैं। देश को विकास पथ पर अग्रसर करना यह मोदी की गारंटी है। रामलला के मंदिर को स्थापित करना मोदी की गारंटी है। सुरक्षा के साथ समृद्धि दी है। बीती सरकार कर्फ्यू लगाती थी, हम कांवड़ यात्रा निकलवाते हैं। सांसद संतोष गंगवार ने अपने 30 वर्ष के कार्यकाल की जानकारी देते हुए प्रत्याशी छत्रपाल गंगवार के समर्थन में अपील की।

भाजपा प्रत्याशी छत्रपाल गंगवार ने कहा कि सांसद संतोष गंगवार का आशीर्वाद उनके साथ है। भाजपा ने उन्हें टिकट दिया है इसका आभार जताया। बेहतर कार्य का भरोसा वहां मौजूद समर्थक व कार्यकर्ता को दिलाया। प्रबुद्ध सम्मेलन में सांसद संतोष गंगवार, बरेली से भाजपा प्रत्याशी छत्रपाल सिंह गंगवार, आंवला से प्रत्याशी धर्मेंद्र कश्यप, कैबिनेट मंत्री धर्मपाल ,वन राज्य मंत्री डॉ अरुण कुमार सक्सेना, श्याम बिहारी , डीसी वर्मा, संजीव अग्रवाल, एमपी आर्य, महापौर उमेश गौतम, डॉ राघवेंद्र, पूर्व जिला अध्यक्ष राजकुमार शर्मा, जिला अध्यक्ष पवन शर्मा, महानगर अध्यक्ष अधीर सक्सेना संचालक, बोहरन लाल मौर्य, जिला पंचायत अध्यक्ष रश्मि पटेल, लोकसभा प्रभारी देवेंद्र सिंह, शिव सिंह चटर्जी ,संयोजक के एमअरोड़ा, घनश्याम खंडेलवाल आदि मौजूद रहे।

**मुख्यमंत्री के भाषण के दौरान पीछे खड़ा कमांडो गश खाकर गिरा, साथी ने संभाला**- पीलीभीत में लोकसभा चुनाव को लेकर सियासी सरगर्मी तेज होने लगी है। मंगलवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रबुद्ध सम्मेलन को संबोधित कर सियासी समीकरण साधे। उनके कार्यक्रम में गर्मी का असर भी देखने को मिला। मुख्यमंत्री के भाषण के दौरान उनके पीछे खड़ा एक कमांडो गश खाकर गिर गया। यह देख अन्य सुरक्षा कर्मियों ने तत्काल उसे पकड़ लिया और संभालते हुए कुर्सी पर बैठा दिया। इससे वहां पर एकाएक खलबली मच गई। काफी देर तक कमांडो कुर्सी पर बैठा रहा। बता दें कि कार्यक्रम के समय तेज धूप और गर्मी भी काफी थी। संभावना जताई जा रही है कि इसी के चलते सुरक्षा कर्मी गश खाकर गिर गया।

### अखिलेश का भाजपा पर हमलाः बोले- केजरीवाल की गिरफ्तारी ने कराई फजीहत, कई देशों में इसके विरोध में उठ रही आवाज

कन्नौज। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी पर सपा मुखिया अखिलेश यादव ने भाजपा पर हमला बोला है। उन्होंने कहा कि चुने हुए मुख्यमंत्री की गिरफ्तारी ने दुनिया भर में फजीहत करवा दी है। कई देशों में इसके विरोध में आवाज उठ रही है। कहा कि चुनाव हारने के डर से भाजपा चुने हुए मुख्यमंत्रियों को गिरफ्तार करवा रही है। लोकसभा चुनाव में पार्टी के प्रचार अभियान का आगाज करने कन्नौज पहुंचे सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने पार्टी कार्यालय में आयोजित कार्यकर्ता सम्मेलन में भाजपा को कई मुद्दों पर जमकर घेरा। कहा कि एक तरफ भाजपा वाले 400 पार का नारा दे रहे हैं। दूसरी तरफ सरकार जाती दिखने की घबराहट में विपक्षी पार्टियों को निशाना बनाया जा रहा है। पहले झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को ईडी से गिरफ्तार करवाया। अब दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को गिरफ्तार करवा लिया। विश्वगुरू बनने का दावा कर रहे थे, अब दुनिया में थू-थू हो रही है। यह कार्रवाई घबराहट में की जा रही है। भाजपा वाले झूठ बोलने में माहिर हैं। झूठ बोलकर देश की सत्ता हासिल की। अब हकीकत सामने आने पर सरकारी एजेंसियों का दुरुपयोग किया जा रहा है।

## सुप्रीम कोर्ट से आप सांसद संजय सिंह को बड़ी राहत, छह महीने बाद मिली जमानत

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली उत्पाद शुल्क नीति घोटाले से संबंधित धन शोधन मामले में आप सांसद संजय सिंह को जमानत दे दी। जस्टिस संजीव खन्ना, न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता और न्यायमूर्ति पीबी वराले की पीठ ने मंगलवार को छह महीने से जेल में बंद संजय सिंह को जमानत देने का आदेश दिया। सुनवाई के दौरान प्रवर्तन निदेशालय ने कहा कि अगर आप नेता को मामले में जमानत दी जाती है तो उसे कोई आपत्ति नहीं है। इसके बाद जस्टिस संजीव खन्ना, जस्टिस दीपांकर दत्ता और जस्टिस पीबी वराले की पीठ ने छह महीने से जेल में बंद संजय सिंह को रिहा करने का आदेश दिया। पीठ ने कहा कि आप नेता अपनी राजनीतिक गतिविधियां जारी रख सकते हैं लेकिन इस मामले के संबंध में कोई बयान नहीं दे सकते। हालांकि, बेंच ने साफ किया कि संजय सिंह को दी गई जमानत को मिसाल के तौर पर नहीं लिया जाएगा। तीन जजों की बेंच ने कहा कि सिंह पूरे मुकदमे के दौरान जमानत पर बाहर रहेंगे और उनकी जमानत की शर्तें विशेष अदालत तय करेगी। ईडी की ओर से पेश अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल एसवी. राजू ने कहा कि उन्होंने जांच एजेंसी से निर्देश ले लिए हैं और अगर सिंह को जमानत दी जाती है तो उसे कोई




आपत्ति नहीं है। इससे पहले सुप्रीम कोर्ट ने ईडी से पूछा था कि क्या सिंह को और कुछ समय के लिए हिरासत में रखने की जरूरत है? सुप्रीम कोर्ट ने ईडी से कहा था कि अगर दिल्ली आबकारी नीति घोटाला मामले में आप नेता संजय सिंह की हिरासत की जरूरत है तो लंच ब्रेक के बाद इससे उसे अवगत कराया जाए। इसके अलावा शीर्ष अदालत ने कहा खा कि आप नेता संजय सिंह छह महीने जेल में बिता चुके हैं और उनके खिलाफ दो करोड़ रुपये की रिश्वत लेने का आरोप है। इन आरोपों की जांच ट्रायल के दौरान की जा सकती है। सिंह की ओर से पेश हुए वरिष्ठ अधिवक्ता सिंघवी ने कहा आप गिरफ्तारी की 'जरूरत' के मुद्दे पर विचार कर रहे हैं। यह धारा 19 पीएमएलए के लिए महत्वपूर्ण है। उन्होंने धारा 19 (1) पढ़कर सुनाई और साथ ही विजय मदनलाल चौधरी के फैसले का हवाला दिया। जस्टिस खन्ना ने इस पर कहा कि कृपया आप सही तथ्य पर बात करें। इस पर सिंघवी ने कहा कि प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के मुख्य गवाह दिनेश अरोड़ा ने पहले अपने नौ बयानों में संजय सिंह का नाम नहीं लिया था। इस पर खन्ना ने कहा कि क्या दिनेश अरोड़ा को सीबीआई मामले में 16 नवंबर 2022 में माफी मिली? इस पर सिंघवी ने कहा कि तब तक उनके बयानों में सिंह का नाम नहीं था। दिनेश अरोड़ा को न्यायिक हिरासत में भेजा गया, जिसके बाद उन्होंने पहली बार आरोप लगाए। पिछली सुनवाई में संजय सिंह के लिए पेश वरिष्ठ वकील अभिषेक मनु सिंघवी ने कहा था कि प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के मुख्य गवाह दिनेश अरोड़ा ने पहले अपने नौ बयानों में संजय सिंह का नाम नहीं लिया था।

## 'दिनेश अरोड़ा ने करीब 10 बयानों में संजय सिंह का नहीं लिया नाम', जमानत के बाद आप का दावा

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने कथित दिल्ली आबकारी नीति घोटाले से संबंधित धन शोधन मामले में आम आदमी पार्टी (आप) सांसद संजय सिंह को जमानत दे दी है। जस्टिस संजीव खन्ना, न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता और न्यायमूर्ति पीबी वराले की पीठ ने मंगलवार को छह महीने से जेल में बंद संजय सिंह को जमानत देने का आदेश दिया। आप नेता को मिली जमानत के बाद दिल्ली सरकार में मंत्री सौरभ भारद्वाज ने इस फैसले की सराहना की। साथ ही इस दिन को भारतीय लोकतंत्र में एक बड़ा मील का पत्थर बताया। मंत्री सौरभ भारद्वाज ने कहा कि संजय सिंह को बेल सुप्रीम कोर्ट की तीन जजों की बेंच ने दी है। जमानत को देते वक्त सुप्रीम कोर्ट ने जो प्रश्न केंद्र सरकार के वकील से पूछे उनके जवाब उनके पास नहीं थे। सुप्रीम कोर्ट ने पूछा एक आदमी है दिनेश अरोड़ा। उसके एक दो बार नहीं दस बार अलग-अलग बयान दर्ज किए गए। सभी बयानों में उसने संजय सिंह का कोई जिक्र नहीं किया। आपने (ईडी) उसे अरेस्ट किया, उसको सरकारी गवाह बनाया, फिर आपने




उसे दोबारा अरेस्ट किया। फिर आप उसका 11वां बयान लेते हैं, जिसमें वह संजय सिंह के विरोध में गोलमोल बयान दे देते हैं। अब यह कौन तय करेगा कि पहले दिए गए 10 बयान गलत थे और 11वां बयान सही है। दूसरा सवाल सुप्रीम कोर्ट ने किया कि इस पूरे मामले में मनी ट्रेल कहां है? पैसे की रिकवरी कहां है? पैसा अगर कहीं खर्च हुआ है तो आप बताइए। जो आपके गवाह हैं वो विश्वास योग्य नहीं हैं। जिसने पैसे दिए वो नहीं बोल रहा है, जिसने पैसे लिए वो नहीं बोल रहा है। तो यह पूरा का पूरा केस डगमगाने लगा। इससे पहले सुप्रीम कोर्ट ने ईडी से पूछा था कि क्या संजय सिंह को और कुछ समय के लिए हिरासत में रखने की जरूरत है? सुप्रीम कोर्ट ने ईडी से कहा था कि अगर दिल्ली आबकारी नीति घोटाला मामले में आप नेता संजय सिंह की हिरासत की जरूरत है तो लंच ब्रेक के बाद इससे उसे अवगत कराया जाए। इसके अलावा शीर्ष अदालत ने कहा था कि आप नेता संजय सिंह छह महीने जेल में बिता चुके हैं और उनके खिलाफ दो करोड़ रुपये की रिश्वत लेने का आरोप है। इन आरोपों की जांच ट्रायल के दौरान की जा सकती है।

### बीजापुर में सुरक्षाकर्मियों से मुठभेड़, अब तक नौ नक्सली ढेर, हथियारों का जखीरा बरामद

बीजापुर। छत्तीसगढ़ के बीजापुर में मंगलवार की सुबह सुरक्षाबल के जवानों को बड़ी कामयाबी मिली। गंगालूर इलाके में पुलिस और नक्सलियों के बीच हुई मुठभेड़ में जवानों ने अब तक नौ नक्सलियों को मार गिराया है। वहीं घटना स्थल से एलएमजी, लांचर और भारी मात्रा में नक्सलियों का सामान बरामद हुआ है। खबर है कि मौके से कई अत्याधुनिक हथियार बरामद हुए हैं। पुलिस ने बताया कि सोमवार की रात डीआरजी, एसटीएफ, कोबरा व सीआरपीएफ की संयुक्त पार्टी सर्च अभियान के लिए गंगालूर इलाके में रवाना हुई थी। अभियान के दौरान मंगलवार की सुबह 6 बजे के करीब गंगालूर थाना क्षेत्र के लेंड्रा के जंगल में पुलिस की नक्सलियों के साथ मुठभेड़ हो गई। शुरूआत में इस मुठभेड़ के दौरान पुलिस जवानों ने चार नक्सलियों को मार गिराया। मौके से जवानों ने नक्सलियों के शव सहित एक एलएमजी, आटोमेटिक हथियार, बीजीएल



लांचर व भारी मात्रा में हथियार तथा गोला बारूद दैनिक उपयोग की सामग्री जब्त की। पुलिस ने दावा किया है कि मुठभेड़ में कई नक्सली घायल भी हुए हैं। इलाके में सर्चिंग अभियान जारी है। दोपहर तक मरने वाले नक्सलियों की संख्या नौ पहुंच गई है।

## आम चुनाव के लिए कांग्रेस की एक और सूची, 17 उम्मीदवारों का किया एलान

नई दिल्ली। कांग्रेस ने लोकसभा चुनाव के लिए अपने उम्मीदवारों की एक और सूची जारी की है। इसके मुताबिक, वाईएस शर्मिला रेड्डी आंध्र प्रदेश के कडप्पा से, एमएम पल्लम राजू काकीनाडा से चुनाव लड़ेंगे। सूची में मोहम्मद जावेद को किशनगंज और तारिक अनवर को कटिहार से चुनावी मैदान में उतारा गया है। इससे पहले पार्टी ने बीते दिन महाराष्ट्र की अकोला और तेलंगाना की वारंगल लोकसभा सीट पर प्रत्याशियों का एलान किया था। पार्टी की ओर से जारी उम्मीदवारों की 11वीं सूची में आंध्र प्रदेश से पांच, बिहार से तीन, ओडिशा से आठ और पश्चिम बंगाल से एक उम्मीदवार का नाम शामिल है। बता दें कि बिहार की कटिहार सीट से तारिक अनवर को पिछले लोकसभा चुनाव में हार मिली थी। उन्हें जदयू के उम्मीदवार दुलालचंद गोस्वामी ने हराया था। इस सीट पर एक बार फिर से उनका मुकाबला गोस्वामी से होगा। कांग्रेस ने इसके



अलावा भागलपुर लोकसभा क्षेत्र से पार्टी के वरिष्ठ नेता और विधायक अजीत शर्मा को उम्मीदवार बनाया गया है। कांग्रेस बिहार की कुल 40 लोकसभा सीटों में से नौ पर चुनाव लड़ रही है। वहीं, 26 सीट पर उसकी सहयोगी राष्ट्रीय जनता दल (राजद) और पांच सीट पर वाम दल चुनाव लड़ रहे हैं। बिहार में गठबंधन के फॉमूर्ले के तहत कांग्रेस के हिस्से में नौ सीटें आई हैं। इनमें किशनगंज, कटिहार, पटना साहिब, भागलपुर, सासाराम, मुजफ्फरपुर, समस्तीपुर, पश्चिम चंपारण और महाराजगंज की सीट शामिल हैं। उधर कांग्रेस ने आंध्र प्रदेश में पूर्व मानव संसाधन विकास मंत्री पल्लम राजू को काकीनाड़ा से उम्मीदवार बनाया गया है। शर्मिला रेड्डी को आंध्र प्रदेश के कडप्पा से उम्मीदवार बनाया गया है। ओडिशा के कोरापुट से वर्तमान सांसद सप्तगिरि उलाका को फिर से उम्मीदवार बनाया गया है। कांग्रेस ने आंध्र प्रदेश विधानसभा चुनाव के लिए 114 और ओडिशा विधानसभा चुनाव के लिए भी 49 उम्मीदवार घोषित किए हैं।

## चुनाव आयोग ने राज्यों में की विशेष पर्यवेक्षकों की नियुक्ति, प्रशासन-सुरक्षा और खर्च की करेंगे निगरानी

नई दिल्ली। चुनाव आयोग (ईसी) ने मंगलवार को कई राज्यों के लिए विशेष पर्यवेक्षकों की नियुक्ति की। ये पर्यवेक्षक प्रशासन, सुरक्षा और खर्चे की निगरानी के लिए मकसद से तैनात किए जाएंगे। ताकि आगामी लोकसभा चुनाव के दौरान समान अवसर सुनिश्चित किए जा सकें। आयोग ने कहा कि शानदार ट्रैक रिकॉर्ड वाले इन पूर्व लोक सेवकों को चुनाव प्रक्रिया के दौरान सतर्कता के साथ देखरेख का काम सौंपा गया है। ये पर्यवेक्षक खासकर पैसा, ताकत और फर्जी सूचना से पैदा होने वाली चुनौतियों की निगरानी करेंगे। इसने आगे कहा कि पश्चिम बंगाल, उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र और बिहार में आबादी सात करोड़ से ज्यादा है, वहां और आंध्र प्रदेश में भी विशेष पर्यवेक्षक तैनात किए गए हैं। आंध्र प्रदेश में विधानसभा चुनाव भी एक साथ कराए जाने हैं। आंध्र प्रदेश, कर्नाटक, तमिलनाडु, उत्तर प्रदेश और ओडिशा में विशेष व्यय पर्यवेक्षकों को तैनात किया गया है। चुनाव आयोग चुनावी राज्यों में सामान्य व्यय पर्यवेक्षकों के अलावा विशेष पर्यवेक्षकों को तैनात कर रहा है। आयोग ने कहा कि विशेष पर्यवेक्षक राज्य मुख्यालय में खुद को तैनात करेंगे और जरूरत पड़ने पर उन क्षेत्रों का दौरा करेंगे, जो अधिक संवेदनशील हैं और जहां जरूरी समन्वय की जरूरत है। आयोग ने कहा कि ये विशेष पर्यवेक्षक जहां भी जरूरी हो, संसदीय निर्वाचन क्षेत्रों, विधानसभा क्षेत्रों या जिलों में तैनात पर्यवेक्षकों से समय-समय पर जानकारी मांग सकते हैं। उन्हें इनपुट हासिल करने और निगरानी गतिविधियों में शामिल विभिन्न एजेंसियों के क्षेत्रीय प्रमुखों और नोडल अधिकारियों के साथ समन्वय करने करने के लिए भी कहा गया है। विशेष पर्यवेक्षकों का सीमावर्ती क्षेत्रों पर फोकस होगा और प्रलोभनों के प्रवाह को रोकने की दिशा में काम करेंगे। जनता की शिकायतों के समाधान पर काम करेंगे। भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) के सेवानिवृत्त अधिकारी मंजीत सिंह को बिहार में सामान्य विशेष पर्यवेक्षक के रूप में तैनात किया गया है।

## 'मोदी छुट्टी नहीं लेते और राहुल विदेश में छुट्टी मनाते हैं', शाह बोले- दोनों में कोई मुकाबला नहीं

बंगलूरू। देशभर में लोकसभा चुनाव को लेकर सरगर्मियां तेज हैं। जीत हासिल करने के लिए तमाम दलों के बीच बयानबाजियों का सिलसिला भी जोर पकड़ रहा है। अब केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने राहुल गांधी पर तंज कसा है। दरअसल शाह उत्तरी बंगलूरू लोकसभा सीट में भाजपा कार्यकताओं को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने इंडी गठबंधन को परिवारवादियों का गठबंधन करार दिया।

**मोदी-राहुल के बीच कोई मुकाबला नहीं- शाह**- केंद्रीय मंत्री ने कहा कि उन्हें विश्वास है कि कर्नाटक में भाजपा सभी 28 लोकसभा सीटों पर जीत हासिल करेगी। उन्होंने विपक्षी दलों पर भ्रष्टाचार और घोटालों का आरोप लगाते हुए कहा कि भाजपा के नेतृत्व वाले राजग और कांग्रेस के नेतृत्व वाले इंडी गठबंधन के बीच कोई मुकाबला नहीं है। शाह ने इस दौरान राहुल गांधी पर भी तंज कसते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कभी छुट्टी नहीं लेते और कांग्रेस नेता राहुल गांधी गर्मियां शुरू होते ही विदेश यात्रा पर चले जाते हैं। ऐसे में दोनों के बीच कोई मुकाबला ही



नहीं है।

**विपक्ष पर अमित शाह का वार**- दरअसल अमित शाह उत्तरी बेंगलूरू के पैलेस ग्राउंड में पांच लोकसभा क्षेत्रों के शक्ति केंद्र प्रमुख सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। केंद्रीय मंत्री ने इस दौरान विपक्ष को परिवारवादियों का गठबंधन करार दिया। उन्होंने दावा किया कि मनमोहन सिंह और सोनिया गांधी के नेतृत्व में कांग्रेस ने 10 वर्षों के शासन के दौरान 12 लाख करोड़ रुपये का घोटाला किया। उन्होंने कहा कि 2014 में कर्नाटक की जनता ने हमें 17 सीटों पर जीत दिलाई। इसके बाद 2019 में 25 सीटों पर भाजपा को जीत मिली लेकिन इस बार जनता से अनुरोध है कि भाजपा गठबंधन को सभी 28 सीटों पर जीत दिलाएं।

### कच्चातिवु द्वीप पर बयानबाजी को लेकर चिदंबरम ने सरकार को चेताया, बोले- इससे संघर्ष हो सकता है

नई दिल्ली। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता पी चिदंबरम ने केंद्र सरकार को चेताया है कि कच्चातिवु द्वीप पर भ्रामक और आक्रामक बयानबाजी श्रीलंका सरकार और तमिलों में संघर्ष का कारण बन सकती है। सोशल मीडिया पर साझा एक पोस्ट में चिदंबरम ने यह बात कही। चिदंबरम ने कहा कि केंद्र सरकार को चीन को आक्रामकता दिखानी चाहिए, जिसने हमारी दो हजार वर्ग किलोमीटर जमीन पर कब्जा कर लिया है। चिदंबरम ने कहा कि भारतीय विदेश मंत्री और अन्य नेताओं के बयान भारत और श्रीलंका के संबंधों को प्रभावित कर सकते हैं, उन्हें याद रखना चाहिए कि श्रीलंका में 25 लाख श्रीलंकाई तमिल और 10 लाख भारतीय तमिल नागरिक रहते हैं। ऐसे में 50 वर्षों के बाद कच्चातिवु द्वीप को लेकर कोई भी भ्रामक और आक्रामक बयानबाजी श्रीलंकाई सरकार और 35 लाख तमिलों के बीच संघर्ष का कारण बन सकती है। चिंदबरम ने कहा कि चीन द्वारा लगातार गांवों के नाम बदले जा रहे हैं। ऐसे में विदेश मंत्री इस मुद्दे पर क्यों नहीं बोल रहे हैं। पी चिदंबरम का यह बयान ऐसे वक्त सामने आया है, जब विदेश मंत्री जयशंकर ने सोमवार को दावा किया कि कांग्रेस के पूर्व पीएम ने भारतीय मछुआरों के अधिकारों की अनदेखी करते हुए कच्चातिवु द्वीप को श्रीलंका को दे दिया था। इससे पहले पीएम मोदी ने भी कच्चातिवु द्वीप को श्रीलंका को देने के लिए कांग्रेस की पूर्व की सरकार की आलोचना की थी। कच्चातिवु द्वीप श्रीलंका के नेदुनथीवु और भारत के रामेश्वरम के बीच स्थित द्वीप है। 285 एकड़ में फैले इस द्वीप की भारतीय तट से दूरी लगभग 33 किलोमीटर दूर स्थित है। श्रीलंका के तमिल बहुल जाफना से इस द्वीप की दूरी करीब 62 किलोमीटर है। इस द्वीप को श्रीलंका को सौंपने के चलते तमिलनाडु में कई आंदोलन हुए हैं। साल 1974 में तत्कालीन इंदिरा गांधी सरकार ने इस द्वीप को श्रीलंका को सौंप दिया था।

## संपादकीय

### खुशी का पैगणना में भारतीय जीवन दर्शन भी हो शामिलमाना

खुशी मापने के वैश्विक पैमाने को लेकर तमाम किंतु-परंतु रहे हैं लेकिन फिर भी भारत के नीति-नियंताओं को इस सवाल पर आत्ममंथन करना चाहिए कि भारत दुनिया के करीब 140 देशों में 126वें नंबर पर क्यों है। खुशी मापने के पश्चिमी चश्मे पर हमेशा से ही सवाल उठते रहे हैं, फिर भारत जैसे विशाल जनसंख्या व सांस्कृतिक विविधता वाले देश को एक पैमाने से मापना अतार्किक ही है। हो सकता है जिस बात पर अमेरिकी नागरिक खुश होते हों, वह एक आम भारतीय की खुशी की वजह न हो। सही मायनों में खुशी का आधार संतोष होता है। जो एक सापेक्ष स्थिति है। एक मनःस्थिति है। फिर भारत जैसे देश का दर्शन भौतिक संपदा के बजाय आंतरिक शांति और संतुष्टि में खुशी तलाशता रहा है। फकीरों की मौज को खुशी के पैमाने पर कदापि नहीं आंका जा सकता। वैसे पश्चिमी मापदंड के आधार पर कर्ज में डूबे व अराजकता से जूझते देश पाकिस्तान को भारत के मुकाबले ज्यादा खुशहाल बताने का तर्क गले से नहीं उतरता। इस बार की वर्ल्ड हैपीनेस रिपोर्ट में एक बार फिर सातवीं दफा फिनलैंड लगातार खुशहाल देश बना है। उसके बाद डेनमार्क व आइसलैंड का नंबर आता है। ये देश विकसित मगर भारत के एक छोटे शहर की जितनी आबादी वाले देश हैं। निस्संदेह, बड़ी जनसंख्या का हमारी नागरिक सेवाओं पर प्रतिकूल असर पड़ता ही है। भले ही हमारे नीति-नियंताओं की नीतियों में खोट रहे हों और भ्रष्टाचार व्यवस्था को लीलता रहा है, लेकिन हम कैसे भूलें कि देश सदियों की गुलामी से निकलकर अपने पैरों पर खड़ा हुआ है। भले ही देश में घनघोर आर्थिक असमानता हो, लेकिन फिर भी आज देश की आर्थिक विकास की दर दुनिया में सबसे ज्यादा है। जरूरी है कि आर्थिक विकास समतामूलक होना ही चाहिए। लेकिन यहां एक सवाल यह भी है कि क्या आर्थिक संपन्नता ही खुशी का आधार है? अगर वाकई आधार है तो क्यों आम भारतीयों के सपनों का अमेरिका पहले दस खुश देशों की सूची से बाहर है? क्यों कोई भी विकसित बड़ा राष्ट्र पहले दस खुश देशों में शामिल नहीं है? बहरहाल, वैश्विक खुशी का सूचकांक हमारे नीति-नियंताओं को आत्ममंथन का मौका देता है। सत्ताधीशों को विचार करना होगा कि आखिर आम भारतीय कैसे खुश हो सकता है। देश में गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं और बेहतर शिक्षा व्यवस्था कैसे स्थापित की जा सकती हैं। देश में व्याप्त सामाजिक कुरीतियों, जातीय भेदभाव, निरक्षरता और आर्थिक असमानता को दूर करने की गंभीर पहल तो होनी ही चाहिए। बेरोजगारी की समस्या को प्राथमिकता के आधार पर संबोधित करने की जरूरत है। महिलाओं को सशक्त बनाकर अर्थव्यवस्था में उनकी बड़ी भूमिका निर्धारित की जानी चाहिए। लोगों का देश की कानून व्यवस्था के प्रति भरोसा बने, ऐसी नीतियों को क्रियान्वित करने की जरूरत है। कोशिश होनी चाहिए कि देश में प्रति व्यक्ति आय बढ़े। सत्ताधीशों की विश्वसनीयता बने और संवैधानिक संस्थाओं को मजबूती प्रदान की जाए। यदि ऐसा होता है तो देश में खुशी के सूचकांक में सुधार संभव है। भारतीय सामाजिक तानेबाने की अपनी विशेषताएं रही हैं। उसे वैश्विक मंच पर मान्यता दिलाने की जरूरत है। उल्लेखनीय है कि इस रिपोर्ट का एक सकारात्मक पक्ष यह भी है कि भारतीय वृद्धों में जीवन के प्रति संतुष्टि का स्तर ऊंचा है। इसका आधार भारतीय जीवन मूल्यों की मजबूती भी है। जबकि पश्चिमी देशों में वृद्धों की बड़ी आबादी आज भी एकाकी जीवन के त्रास को झेल रही है। भारत में संयुक्त परिवारों में बिखराव के बावजूद बड़ी आबादी फिर भी अपने बुजुर्गों का ख्याल रखती है। दरअसल, मीडिया में प्रकाशित नकारात्मक समाचारों से आम लोगों में भारतीय पारिवारिक मूल्यों के प्रति भ्रामक धारणा बनती है। इसके बावजूद आम भारतीय के जीवन स्तर को सुधारने के लिये कई मोर्चों पर अभी बहुत कुछ किया जाना बाकी है। देश में सामाजिक समरसता और सांप्रदायिक सद्भाव की दिशा में भी बहुत काम किये जाने की जरूरत है।

### रहना है विवादित!



रह रह कर जिह्वा से ।  
आते हैं बयान ।।  
रहना है विवादित ।  
इसी में सम्मान ।।  
छोड़ कर सब काम ।  
किए एजेंडा तय ।।  
पकड़ लिए हैं अपनी ।  
जो पुरानी लय ।।  
है नजदीक चुनाव ।  
चर्चा में अब रहना ।।  
बोल कर कुछ बोल ।  
है आगे टहलना ।।  
रोटी पानी बनी रहे ।  
है उसका जुगाड़ ।।  
हल्की फुल्की इसलिए ।  
दिखती ये दहाड़ ।।  
–कृष्णेन्द्र राय

# यूपी में पहले चरण की 8 सीटों पर 80 प्रत्याशी

**अजय कुमार**

उत्तर प्रदेश की आठ लोकसभा सीटों के लिए हो रहे पहले चरण के चुनाव की तस्वीर साफ हो गई है। नामांकन के आखिरी दिन चार उमीदवारों ने नाम वापस ले लिया. अब 80 प्रत्याशी मैदान में बचे हैं। चार प्रत्याशियों ने नाम वापस लिया जिसमें सहारनपुर से दो, कैराना व मुरादाबाद से एक-एक प्रत्याशी शामिल हैं। कैराना में सबसे अधिक 14 व सबसे कम छह-छह प्रत्याशी नगीना व रामपुर लोकसभा सीट में बचे हैं। मालूम हो कि पहले चरण के चुनाव में 30 मार्च को नाम वापसी का अंतिम दिन था। पहले चरण का मतदान 19 अप्रैल को होगा।

यूपी की जिन 8 सीटों पर प्रथम चरण में वोटिंग होगी। इसमें रामपुर, सहारनपुर, पीलीभीत, नगीना, बिजनौर, मुरादाबाद, मुजफ्फरनगर और कैराना लोकसभा सीट शामिल है। इन 8 लोकसभा सभा चुनाव में पीलीभीत की सीट सबसे हॉट सीट बन गई है, क्योंकि वरुण गांधी का पत्ता बीजेपी ने साफ कर दिया है और कुछ साल पहले कांग्रेस से आए जितिन प्रसाद को अपना उम्मीदवार घोषित कर दिया है। लेकिन बात अगर राजनीति की करें तो यह क्षेत्र मेनका और वरुण गांधी के लोकसभा क्षेत्र के रूप में भी जाना जाता है, लेकिन इस बार 2024 के लोकसभा चुनाव में बीजेपी ने वरुण गांधी का टिकट काटकर यहां से जितिन प्रसाद को अपना उम्मीदवार घोषित किया है। समाजवादी पार्टी ने भी यहां से कुर्मी बिरादरी पर दांव लगाया है, सपा ने भगवत शरण गंगवार को अपना प्रत्याशी बनाया है। दूसरी सीट बिजनौर की है। बिजनौर से एनडीए के उम्मीदवार के तौर पर आरएलडी के प्रत्याशी चंदन चौहान हैं, जबकि समाजवादी पार्टी ने दीपक सैनी को अपना उम्मीदवार बनाया है। बसपा ने यहां जाट प्रत्याशी चौधरी वीरेंद्र सिंह को दिया है। बीजेपी ने गुर्जर बसपा ने जाट और समाजवादी पार्टी ने ओबीसी प्रत्याशी उतारे हैं। आरएलडी को इस गठबंधन में दी गई दो सीटों में एक सीट बिजनौर की है। बिजनौर लोकसभा के इतिहास की बात करें तो राम मंदिर आंदोलन के बाद से यानी 1991 से अब तक भारतीय जनता पार्टी चार बार इस सीट पर अपना कब्जा जमा चुकी है। जबकि इस बीच में समाजवादी पार्टी दो बार रालोद एक बार इस सीट का प्रतिनिधित्व कर चुका है और वर्तमान में इस सीट पर बसपा का कब्जा है. जिसके सांसद मलूक नागर हैं।

तीसरी सीट नगीना इसलिए खास है क्योंकि चंद्रशेखर आजाद रावण यहां से अपनी सियासी जमीन की तलाश कर रहे हैं। वो पहली बार चुनाव मैदान में हैं। बीजेपी ने ओम कुमार तो सपा ने मनोज कुमार को अपना प्रत्याशी बनाया है, वहीं बसपा ने सुरेंद्र सिंह मेनवाल को अपना प्रत्याशी बनाया है. नगीना लोकसभा सीट सुरक्षित सीट है। हालांकि यह सीट सुरक्षित सीट है, लेकिन इस सीट पर मुसलमानों की संख्या सबसे ज्यादा है। करीब साढ़े 7 लाख वोटर इसमें मुसलमान है. दलित वोटर की संख्या लगभग साढे चार लाख के आसपास है. 2009 में यह सीट अस्तित्व में आई और इस पर पहली बार लोकसभा चुनाव हुआ। इस चुनाव में समाजवादी पार्टी के यशवीर सिंह पहली बार विजय हुए थे। उसके बाद 2014 के चुनाव में भारतीय जनता पार्टी के सांसद यशवंत सिंह ने सपा प्रत्याशी को हराकर इस सीट पर अपना कब्जा जमाया था। जबकि 2019 के चुनाव में सपा और बसपा के गठबंधन के चलते बहुजन समाज पार्टी के प्रत्याशी गिरीश चंद्र इस सीट पर विजय रहे जो वर्तमान में इस सीट का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं।



कैरानाः ये इलाका हिन्दू और मुसलमान गुजर बहुल माना जाता है, सपा ने इकरा हसन को अपना उम्मीदवार बनाया है, तो बीजेपी ने प्रदीप चौधरी को। दोनों गुजर हैं, लेकिन अब यहां की सियासत में बिरादरी से बड़ा धर्म का झोल है। चौथी सीट कैराना लोकसभा में पांच विधानसभा मौजूद है। जिसमें कैराना, शामली, थाना भवन नुकुड और गंगोह विधानसभा सीट है। कैराना लोकसभा में जातीय समीकरण की बात करें तो यहाँ पर सबसे ज्यादा मुस्लिम मतदाता हैं। जिनकी संख्या करीब 5:45 लाख के आसपास है। 2019 के लोकसभा चुनाव की बात करें तो उस दौरान यहां पर भाजपा कैंडिडेट ने करीब 75000 से अधिक वोटों से जीत हासिल की थी। पांचवी सीट सहारनपुर से समाजवादी पार्टी ने इमरान मसूद को तो बीजेपी ने राघव लखन पाल को मैदान में उतारा है। सहारनपुर लोकसभा सीट कई मायनों में सभी राजनीतिक दलों के लिए अहम मानी जाती है। सहारनपुर सीट पर सबसे पहला लोकसभा चुनाव 1952 में हुआ था और तभी से यह सीट कांग्रेस का गढ़ बन गयी। 1952 से लेकर 1977 तक इस सीट पर कांग्रेस का कब्जा रहा था। 1977 में इमरजेंसी के बाद हुए चुनाव से लेकर 1996 तक इस सीट पर जनता दल या जनता पार्टी का कब्जा रहा। दो बार की हार के बाद 1984 के चुनाव में कांग्रेस ने एक बार फिर यंहा पर बाजी मारी थी। 1996 के बाद सहारनपुर सीट दो बार भारतीय जनता पार्टी, दो बार बहुजन समाज पार्टी, एक बार समाजवादी पार्टी और फिर 2014 में मोदी लहर के चलते 16 साल बाद यह सीट भारतीय जनता पार्टी के खाते में गई थी। इससे पहले भाजपा 1998 में इस सीट से चुनाव जीती थी। लेकिन 2019 के चुनाव में इस सीट पर एक बार फिर बसपा ने कब्जा कर लिया। 2019 में सहारनपुर लोकसभा सीट से महागठबंधन से प्रत्याशी बने बसपा के हाजी फजलुर्रहमान ने 514139 वोट पाकर जीत दर्ज की। उन्होंने भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी राघव लखनपाल को 22,417 वोटों से हरा कर इस सीट पर अपना परचम लहराया और इस सीट से लोकसभा सांसद बने। इस लोकसभा सीट पर दलित और मुस्लिम वोट निर्णायक रहते हैं, जो इसे राजनीतिक दलों के लिए अहम बनाता है। छठी सीट मुरादाबाद पर आजम खान की जिद ने अखिलेश को मुरादाबाद में अपना प्रत्याशी बदलने पर मजबूर कर दिया है, एसटी हसन की जगह सपा ने अब रुचिवीरा को अपना उम्मीदवार बनाया है, जबकि बीजेपी ने फिर कुंवर सर्वेश सिंह पर अपना दाँव लगाया है। मुरादाबाद उत्तर प्रदेश की एक महत्वपूर्ण लोकसभा है। पीतल हस्तशिल्प उद्योग के कारण पीतल-नगरी के नाम से मशहूर मुरादाबाद लोकसभा की बात करें तो उसमे कुल 5 विधानसभा आती हैं। मौजूदा सांसद डॉ एसटी हसन समाजवादी पार्टी से मुरादाबाद लोकसभा के सांसद हैं, हालांकि मुरादाबाद का इतिहास रहा है कि यहां हर लोकसभा चुनावों में अलग पार्टी का सांसद बनता है जैसे 2019 में सपा सांसद, 2014 में भाजपा से सांसद कुंवर सर्वेश सिंह, 2009 में कांग्रेस से क्रिकेटर मोहम्मद अजरूद्दीन सांसद रह चुके है।

सातवीं सीट मुजफ्फरनगर से बीजेपी ने अपने जाट चेहरे संजीव बालियान को तीसरी बार मैदान में उतारा है तो सपा ने कांग्रेस से आये जाट नेता चौधरी हरेंद्र सिंह को अपना उम्मीदवार बनाया है। बात उत्तर प्रदेश की मुजफ्फरनगर लोकसभा सीट की करें तो यह सीट 2013 दंगे के बाद से उत्तर प्रदेश की मुख्य सीटों में गिनी जाती है। क्योंकि 2013 दंगे के बाद 2014 में जो लोकसभा के चुनाव हुए थे उसमें भारतीय जनता पार्टी ने सभी पार्टियों का एक तरफ सुपड़ा साफ कर दिया था। 2014 के इस चुनाव में मुजफ्फरनगर लोकसभा सीट पर भाजपा ने डॉक्टर संजीव बालियान को अपना प्रत्याशी बनाकर मैदान में उतारा था। बीजेपी की इस आंधी में संजीव बालियान को इस चुनाव में 653391 वोट मिले थे। जबकि दूसरे नम्बर पर रहे बसपा के प्रत्याशी कादिर राणा मात्र 252241 वोट ही मिल पाए थे। जिसके चलते भाजपा प्रत्याशी डॉक्टर संजीव बालियान ने इस चुनाव में बसपा प्रत्याशी कादिर राणा को 401150 रिकॉर्ड मतों से मात दी थी। इसके बाद 2019 के लोकसभा चुनाव में भी बीजेपी ने एक बार फिर से डॉक्टर संजीव बालियान पर अपना दांव लगाया था। इस बार संजीव बालियान के सामने राष्ट्रीय लोक दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष रहे स्वर्गीय अजीत सिंह थे। इस चुनाव में भी संजीव बालियान ने जीत हासिल करते हुए अजीत सिंह को 6526 वोट से हराकर यह चुनाव जीता था।

# भारत को पुनः विश्व गुरु बनाना ही संघ का मुख्य लक्ष्य

**प्रह्लाद सबनानी**

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की अखिल भारतीय प्रतिनिधि सभा की बैठक नागपुर में दिनांक 15 से 17 मार्च 2024 को सम्पन्न हुई है। इस बैठक में पूरे देश से 1500 से अधिक प्रतिनिधियों ने भाग लिया और ह्लश्रीराम मंदिर से राष्ट्रीय पुनरुत्थान की ओरह्व विषय पर एक प्रस्ताव भी पास किया गया। जैसा कि सर्वविदित ही है कि गौरवशाली हिन्दू सनातन संस्कृति विश्व में सबसे पुरानी संस्कृति मानी जाती है और इसी हिंदू सनातन संस्कृति का अनुपालन करते हुए भारत का इतिहास वैभवशाली रह पाया है तथा हिंदू सनातन संस्कृति का विस्तार इंडोनेशिया तक एवं सुदूर अमेरिका तक रहा है।

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के बारे में अक्सर यह कहा जाता है कि संघ एवं इसके स्वयंसेवक करते क्या हैं? इसके उत्तर में अक्सर यह जवाब दिया जाता है कि संघ को यदि समझना है तो आपको संघ की शाखा में आना होगा। संघ, मां भारती को एक बार पुनः विश्व में गौरवशाली स्थान दिलाने के पवित्र लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए गम्भीर प्रयास कर रहा है। इस पवित्र लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए लाखों की संख्या में स्वयंसेवक आज संघ के साथ जुड़ चुके हैं। आज भारत के 45,600 स्थानों पर संघ की 73,117 शाखाएं, 27,717 साप्ताहिक मिलन एवं 10,567 संघ मंडली लगाई जा रही हैं। इन शाखाओं, साप्ताहिक मिलनों एवं संघ मंडलियों में स्वयंसेवकों में राष्ट्र के प्रति समर्पण का भाव (राष्ट्र प्रथम) जागृत किया जाता है ताकि वे समाज में जाकर समाज की सज्जन शक्ति को साथ लेकर भारत में समाज परिवर्तन का कार्य दक्षतापूर्वक कर सकें। संघ की शाखा सामान्यतः 60 मिनट की लगती है एवं इसमें शारीरिक व्यायाम, योग, प्राणायाम, खेल, बौद्धिक एवं प्रार्थना शामिल रहती है। बौद्धिक में सनातन संस्कृति एवं भारत के गौरवशाली इतिहास की जानकारी के साथ साथ भारतीय संतो, महात्माओं एवं महापुरुषों की जानकारी प्रदान की जाती है। समय के साथ साथ संघ ने अपनी कार्यप्रणाली में परिवर्तन भी किया है एवं कई नए आयाम एवं कार्य अपने साथ जोड़े हैं। जैसे समाज के किन किन क्षेत्रों में क्या क्या काम करना है यह संघ के स्वयंसेवकों को बहुत स्पष्ट रूप से सिखाया जाता है। संगठन श्रेणी के साथ ही संघ में जागरण श्रेणी भी कार्यरत है। संगठन श्रेणी में शाखाओं के विस्तार, इसे सुचारू रूप से चलाने सम्बंधी कार्य, स्वयसेवकों का प्रशिक्षण एवं गुणवत्ता विकास आदि कार्य शामिल रहते हैं जबकि जागरण श्रेणी में समाज में जाकर किन क्षेत्रों में जागरण करना है, का निर्धारण किया जाकर इस क्षेत्र में स्वयसेवकों द्वारा कार्य किया जाता है। जैसे वर्तमान में जागरण श्रेणी में शामिल कार्य हैं - सेवा, सम्पर्क एवं प्रचार सम्बंधी कार्य। इसके अलावा 6 गतिविधियां भी हैं जो स्वयसेवकों द्वारा समाज के सहयोग से चलाई जाती हैं। इनमे शामिल हैं - धर्म जागरण समन्वय, गौ सेवा, ग्राम विकास, कुटुंब प्रबोधन, सामाजिक समरसता एवं पर्यावरण संरक्षण।

22 जनवरी 2024 को अयोध्या धाम में प्रभु श्रीराम के भव्य मंदिर में श्रीराम लला के श्रीविग्रहों की प्राण प्रतिष्ठा के पूर्व दिनांक 1 से 15 जनवरी 2024 तक श्रीराम जन्मभूमि तीर्थक्षेत्र के आह्वान पर संघ के स्वयंसेवकों एवं समाज के विविध संस्थानों तथा संगठनों के कार्यकताओं द्वारा चलाया गया गृह सम्पर्क अभियान अभूतपूर्व सफल रहा था। देश के समस्त प्रांतों के 578,778 गांवों एवं 4727 नगरों के कुल 19.38 करोड़ से अधिक परिवारों से स्वयंसेवकों सहित 44.98 लाख से अधिक व्यक्तियों ने सम्पर्क किया था। यह भारतीय समाज में संघ की गहरी पहुंच और समाज में उसकी स्वीकार्यता को दर्शाती है।

संघ के 40 से अधिक अनुशांगिक संगठन भी भारत में विभिन्न क्षेत्रों में कार्यरत हैं, जो हिंदू सनातन संस्कृति एवं भारतीय परम्पराओं के आधार पर समाज में अपने कार्य को आगे बढ़ाते हैं। विश्व में वामपंथी विचारधारा के आधार पर चल रहे विभिन्न मजदूर संगठन अपने श्रमिक सदस्यों को संस्थान के केवल लाभ में हिस्सा लेने की प्रेरणा देते हैं और अपनी मजदूरी में वृद्धि के लिए अक्सर हड़ताल आदि का सहारा लेते हैं। उद्योग संस्थान में हड़ताल होने से न केवल उस विशेष उद्योग संस्थान का बल्कि देश की अर्थव्यवस्था का भी नुक्सान होता है।जबकि, भारतीय मजदूर संघ, जो कि संघ का ही एक अनुशांगिक संगठन है, अपने श्रमिक सदस्यों को हड़ताल करने के लिए निरुत्साहित करता है और उसका नारा है कि ह्यसंस्थान के लिए करेंगे पूरा काम और काम के लेंगे पूरे दामह्व। यह अंतर है वामपंथी विचारधारा और राष्ट्रीय विचारधारा के संगठनों में। इसी प्रकार संघ के अन्य अनुशांगिक संगठनों में शामिल हैं - (1) सेवा के क्षेत्र में कार्य करने वाले संगठन - आरोग्य भारती, राष्ट्रीय सेवा भारती, भारत विकास परिषद, राष्ट्रीय चिकित्सा संस्थान, आरोग्य भारती, सक्षम (दिव्यांग नागरिकों के लिए), दीन दयाल शोध संस्थान। (2) सामाजिक संगठन - विश्व हिंदू परिषद, वनवासी कल्याण आश्रम, जनजाति सुरक्षा मंच, क्रीड़ा भारती, राष्ट्रीय सेविका समिति। (3) शिक्षा के क्षेत्र में कार्य करने वाले संगठन - विद्या भारती, अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद, भारतीय शिक्षण मंडल, अखिल भारतीय शेक्षिक महासंघ, संस्कृत भारती, शिक्षा संस्कृत उत्थान न्यास। (4) आर्थिक क्षेत्र में कार्य करने वाले संगठन - भारतीय किसान संघ, लघु उद्योग भारती, भारतीय मजदूर संघ, स्वदेशी जागरण मंच, सहकार भारती, ग्राहक पंचायत। (5) वैचारिक समूह में कार्य करने वाले संगठन - प्रज्ञा प्रवाह, विज्ञान भारती, संस्कार भारती, इतिहास संकलन, साहित्य परिषद, अधिवक्ता परिषद। (6) सुरक्षा के क्षेत्र में कार्य करने वाले संगठन - सीमा जागरण मंच, हिंदू जागरण मंच, अखिल भारतीय रक्षा परिषद। उक्त समस्त संगठनों को पूर्ण स्वायत्तता प्रदत्त है एवं संघ की ओर से किसी भी प्रकार का बंधन इन संगठनों पर नहीं रहता है। हां, इन संगठनों की कार्य प्रणाली को भारतीय संस्कारों के अनुरूप ढालना आवश्यक रहता है। अपने आचरण, आचार विचार एवं कार्य पद्धति के आधार पर भारतीय मूल के नागरिक हिंदू सनातन संस्कृति के संवाहक के रूप में अन्य कई देशों में कार्यरत हैं एवं वहां निवास कर रहे हैं और इन देशों की अर्थव्यवस्था में अपने योगदान को दिनोदिन मजबूती प्रदान कर रहे हैं। इन देशों के विभिन्न क्षेत्रों यथा सामाजिक, आर्थिक, सांस्कृतिक आदि में भारतवंशियों के योगदान को इन देशों मूल नागरिकों ने पहचाना एवं स्वीकारा है। इसके चलते लाखों की संख्या में विदेशी मूल के नागरिक हिंदू सनातन संस्कृति की ओर आकर्षित हुए हैं एवं अब ऐसा माना जाने लगा है कि हिंदू सनातन संस्कृति पूरे विश्व में भविष्य का विश्व धर्म होने जा रही है। अतः आज विश्व के 53 देशों में ह्लहिंदू स्वयंसेवक संघह्व की स्थापना की जा चुकी है एवं इन देशों में 1480 शाखाएं एवं 112 मिलन चलाए जा रहे हैं। हाल ही में आस्ट्रेलिया एवं अमेरिका के कई नगरों में संघ शिक्षा वर्ग आयोजित किए गए थे तथा इसी प्रकार विश्व के अन्य देशों को मिलाकर कुल 17 हिंदू हेरिटेज कैम्प भी आयोजित किए गए थे।

# राजनीति में बदल रहे नैतिकता के मायने

**सुरेश हिंदुस्तानी**

भारतीय राजनीति में ऐसे कई उदाहरण दिए जा सकते हैं, जो आज भी नैतिकता के आदर्श हैं। लेकिन आज की राजनीति को देखकर ऐसा लगने लगा है कि नैतिकता की राजनीति दूसरा तो अवश्य करें, पर जब स्वयं को नैतिकता की कसौटी पर परखने की बारी आए तब नैतिकता के मायनों को बदल दिया जाता है। भारतीय राजनीति में राजनेताओं पर आरोप लगने पर कई लोगों ने अपने पद को त्याग दिया था, दिल्ली के शराब घोटाले के मामले में मुख्यमंत्री अरविन्द केजरीवाल ने भारतीय राजनीति को अलग राह पर ले जाने का उदाहरण पेश किया है, हालांकि इस उदाहरण को आदर्श वादिता के रूप में स्वीकार नहीं किया जा सकता, क्योंकि केजरीवाल भ्रष्टाचार के आरोप में गिरफ्तार किए गए हैं। यह एक मुख्यमंत्री पद पर रहने वाले व्यक्ति के लिए शोभनीय नहीं हैं। केजरीवाल स्वयं कहते थे कि वे राजनीति में भ्रष्टाचार को समाप्त करने के लिए आए हैं, लेकिन अब जब उन पर ही सवाल उठ रहे हैं, तब उनसे भ्रष्टाचार मुक्त राजनीति की आशा करना बेमानी ही कही जाएगी। यहाँ सवाल यह भी उठ रहा है कि दिल्ली के शराब घोटाले में अभी तक जिन पर आरोप लग रहे हैं, उनको जमानत लेने का पर्याप्त आधार नहीं मिल रहा, इसका आशय यह भी है कि सरकार की ओर से कोई न कोई गलत आचरण किया गया होगा, अन्यथा एक मुख्यमंत्री को ऐसे ही गिरफ्तार नहीं किया जाता। प्रवर्तन निदेशालय की ओर से भी यही कहा जा रहा है, उसके पास इस बात के पर्याप्त सबूत हैं कि आम आदमी पार्टी के नेताओं के संकेत पर पैसों का लेनदेन हुआ। दिल्ली में शराब घोटाले के मामले में मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को जिस प्रकार से प्रवर्तन निदेशालय ने गिरफ्तार किया है, उस पर विपक्ष की ओर से सत्ता पक्ष पर कई प्रकार के सवाल उठाए जा रहे हैं। सवाल उठाना विपक्ष की राजनीतिक मजबूरी हो सकती है, लेकिन इन सवालों की परिधि में प्रवर्तन निदेशालय की ओर से जो आरोप लगाए जा रहे हैं, उस पर विपक्ष कुछ भी बोलने की हिम्मत नहीं जुटा पा रहा है। इससे इस बात को भी बल मिलता है कि दाल में कुछ काला अवश्य है। प्रवर्तन निदेशालय ने यह साफ तौर पर संकेत दिया है कि केजरीवाल शराब घोटाले का मुख्य आरोपी है। अब यह जांच के बाद ही पता चलेगा कि मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल पर लगाए जा रहे आरोप किस हद तक सही हैं या फिर केजरीवाल अपने आपको निर्दोष साबित कर पाते हैं या नहीं। अगर प्रवर्तन निदेशालय की ओर से लगाए गए आरोपी प्रमाणित होते हैं तो यह स्पष्ट कहा जा सकता है कि मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने एक संवैधानिक पद के प्रभाव का दुरुपयोग किया है। हम यह भली भांति जानते हैं कि अरविंद केजरीवाल अण्णा हजारे के भ्रष्टाचार विरोधी आंदोलन की उपज हैं। उस समय अरविंद केजरीवाल ने अपने आपको ऐसा



प्रचारित किया कि एक वे ही भारतीय राजनीति के उच्चतम आदर्श हैं। लेकिन उनके आचरण पर स्वयं अण्णा हजारे ने सवाल उठाए थे, हालांकि अण्णा हजारे के सवालों को केजरीवाल ने दरकिनार कर दिया। इसका तात्पर्य यही है कि अन्ना हजारे राजनीति में जिस प्रकार का पारदर्शी व्यवहार चाहते थे, वैसा दिखाई नहीं दे रहा था। अब अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी पर भी समाजसेवी अण्णा हजारे की ओर से साफ सुथरी टिप्पणी आई है, जिसमें अण्णा हजारे ने शराब पर नीति बनाने से रोका था। अण्णा हजारे ने केजरीवाल की गिरफ्तारी को उनके कर्मों का परिणाम बताया। आज दिल्ली का शराब घोटाला यही चरितार्थ करते हुए लग रहा है कि शराब किसी भी संस्था या व्यक्ति को बर्बाद कर देती है। यह बात केजरीवाल पर लागू होती है या नहीं, यह तो समय बताएगा, लेकिन जब आग लगती है तब ही धुंआ उठता है और इस धुंए का कालिमा किस किस के शक्ल को बिगाड़ने का काम करेगी, यह समय के गर्भ में है। केजरीवाल की सरकार पर सवाल उठना तो उसी समय प्रारंभ हो गए थे, जब उनका पहला मंत्री जेल में गया। उसके बाद तो जैसे लाइन ही लग गई। राजनीतिक शुचिता लाने का दम दिखाने वाले आम आदमी पार्टी के नेताओं पर इस प्रकार के आरोप लगने केवल राजनीतिक विद्वेष नहीं हो सकता। अगर यह कार्यवाही राजनीतिक होती तो स्वाभाविक रूप से इन सभी को जमानत भी मिल जाती। जमानत नहीं मिलने से यह आशंका प्रबल हो जाती है कि भ्रष्टाचार हुआ है। आम आदमी पार्टी के नेता भी केवल अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी का ही विरोध कर रहे हैं, कोई भी यह नहीं कह रहा कि दिल्ली में शराब घोटाला नहीं हुआ या फिर गोवा के चुनाव में आम आदमी पार्टी ने भ्रष्टाचार का पैसा नहीं लगाया। यह बात सही है कि राजनीतिक तौर पर तर्क तो कई दिए जा सकते हैं, लेकिन इन तर्कों का आधार क्या है? यह कोई नहीं बता पाता। भारत की राजनीति में इसे विसंगति ही माना जाएगा कि कोई अपराधी और उसके समर्थक उसे ऐसे नायक के रूप में प्रस्तुत करते दिखाई देते हैं, जैसे वह समाज के लिए आदर्श बन गया हो। ऐसे तमाम उदाहरण दिए जा सकते हैं जिसमें नेता जमानत पर बाहर आकर राजनीतिक वातावरण को स्वच्छ करने की बात करते हैं। क्या वास्तव में ऐसे राजनेता देश के राजनीतिक वातावरण को सकारात्मक दिशा देने का सामर्थ्य रखते हैं। कदाचित नहीं। क्योंकि आज के राजनीतिक माहौल में राजनेता जैसा अपने आपको दिखाने का प्रयास करते हैं, वैसा सिद्धांततः होता नहीं है। उनके क्रियाकलाप केवल और केवल भ्रमित करने वाली राजनीति करने की ही होती है। देश में एक समय यह आम धारणा बन चुकी थी कि राजनीतिक भ्रष्टाचार इस देश की नियति बन चुकी है, लेकिन पिछले दस साल में इस धारणा को बदलने की सुगबुगाहट भी सुनाई देने लगी है। यह सुगबुगाहट कई राजनीतिक दलों को पसंद नहीं आ रही। ऐसे कई राजनेता हैं जो भ्रष्टाचार के दोषी सिद्ध हो चुके हैं और देश की राजनीति को सुधारने की कवायद कर रहे हैं। अब सवाल यह भी आता है कि क्या बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद यादव भ्रष्टाचार मुक्त शासन देने की बात करने का साहस दिखा सकते हैं। इसका उत्तर नहीं ही होगा, लेकिन वे फिर राजनीतिक क्षेत्र में सक्रिय हैं। भारत में साफ सुथरी राजनीति के क्या यही मायने हैं? क्या ऐसे नेता राजनीति को सही दिशा दे सकते हैं, इसका उत्तर हमें स्वयं तलाश करना होगा? ऐसे ही दिल्ली सरकार के घोटाला में होता हुआ लग रहा है। क्योंकि यह स्पष्ट रूप से कहा जा रहा कि गोवा में 45 करोड़ रुपए हवाला के माध्यम से दिए गए। ऐसे में सवाल यही है कि क्या यही साफ सुथरी राजनीति के मायने हैं? तर्क कुछ भी हों, परन्तु अब ऐसी राजनीति से देश को अलग करने का समय आ गया है।

# सोशल मीडिया पर भड़काऊ मैसेज पोस्ट करने व शेयर करने वालों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर की जाएगी गिरफ्तारी : एसपी

चन्दौली। अगर आप सोशल मीडिया पर कुछ भी पोस्ट कर रहे हैं तो सावधान हो जाएं। जोश में होश न खोएं। किसी की भावना को न आहत करें न ही किसी पर कुछ गलत कमेंट न ही शेयर। अगर ऐसा करेंगे तो आपके प्रत्येक पोस्ट पर पुलिस की पैनी नजर है। आपकी लापरवाही व जरा सी चूक न सिर्फ आपके लिए बल्कि एडमिन के लिए भी परेशानी का सबब बन सकती है।

पुलिस अधीक्षक चन्दौली डा. अनिल कुमार द्वारा मुख्य निर्वाचन आयुक्त के निर्देश के बाद पुलिस की सोशल मीडिया सेल की टीम को सक्रिय कर दिया है। सोशल मीडिया पर सांप्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने, धार्मिक भावना को ठेस पहुंचाने, जाति विशेष व धर्म पर आपत्तिजनक टिप्पणी करने, भड़काऊ आडियो-वीडियो के आदान- प्रदान करने के अलावा राजनैतिक कमेंट के मैसेज व ब्लाग पोस्ट करने पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। सोशल मीडिया पर किए जाने वाले हर पोस्ट की पड़ताल की जा रही है।

लोकसभा चुनाव का बिगुल बजते ही विभिन्न राजनैतिक दलों के नेताओं व पार्टी कार्यकताओं के




साथ ही समर्थकों की सोशल मीडिया पर सक्रियता बढ़ गयी है। पार्टी व प्रत्याशी के प्रचार प्रसार सोशल मीडिया पर नजर रखने के लिए सोशल मीडिया निगरानी सेल गठित्त करदी गई है। इस सेल का कार्य वाट्सएप ग्रुप फेसबुक, ट्विटर, यूट्यूव, इंस्टाग्राम, वेबसाइट ब्लाग समेत अन्य पर निगरानी रखना है। सांप्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने, धार्मिक भावना को ठेस पहुंचाने, विशेष जाति-धर्म पर आपत्तिजनक टिप्पणी करने, भड़काऊ मैसेज पोस्ट करने व शेयर करने वालों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर गिरफ्तारी की जाएगी। मैसेज को शेयर व पोस्ट करने वालों के साथ ही ग्रुप एडमिन भी इस कार्रवाई से बच नहीं पाएंगे। मुख्य निर्वाचन आयुक्त ने अधिसूचना जारी करते हुए सोशल मीडिया के लिए गाइड लाइन भी जारी कर दी है। इसके लिए उन्होंने गूगल, फेसबुक, जैसे प्रमुख सोशल मीडिया के लिए अलग से नियमावली जारी की है। ट्विटर, इंस्टाग्राम, फेसबुक, यूट्यूब, वाट्सएप समेत अन्य सोशल मीडिया पर राजनीतिक पार्टियों से जुड़े कोई भी वीडियो व आडियो के अलावा अन्य मैसेज को पोस्ट करने और उसे शेयर करने वालों पर निगरानी रखने के लिए पुलिस अधिकारियों ने जिले में सोशल मीडिया निगरानी सेल का गठन किया है। यह सेल पुलिस अधीक्षक कार्यालय में संचालित है। सेल में आइटी के विशेषज्ञ निरीक्षक सहित मुख्य आरक्षी व आरक्षियों की तैनाती की गई है। पुलिस की ओर से बनायी गई सोशल मीडिया निगरानी सेल अपना कार्य शुरू कर दिया है। इसी प्रकार से जिला निर्वाचन अधिकारी की ओर से भी एक सेल बनाया गया है। जो राजनैतिक पार्टी व उनके नेताओं की ओर से चुनाव से संबंधित खबर, प्रचार प्रसार से संबंधित विज्ञापनों पर नजर रखेगी।

# बिना परमिशन के खनन माफिया कर रहे है 9 फीट तक की खुदाई

चहनियां। चंदौली। डेढ़ वर्ष चुप रहने के बाद खनन माफिया फिर से सक्रिय हो गये है। जो बिना लाइसेंस के मानक के विपरीत खुदाई करवा रहे है। यह कार्य भोर से सुबह तक चल रहा है। गंगा किनारे खुदाई करने से ग्रामीणों को भी खतरा बढ़ गया है। सरकार द्वारा गंगा किनारे गांवो को कटान से बचाने के लिए लगातार प्रयास किया जा रहा है। किन्तु खनन माफियाओं ने तो हद ही कर दी है।



डेरवा खुर्द गांव में गंगा किनारे से महज 500 से 700 मीटर पर एक तो बिना लाइसेंस के खनन किया जा रहा है ऊपर से 8 से 9 फीट की खुदाई हो रही है। जबकि खुदाई करने का मानक महज तीन फीट ही है। खनन माफियाओं द्वारा यह कार्य भोर से रात तक कराया जा रहा। जो जेसीबी से खनन कर दर्जनों ट्रैक्टर से ढुलाई किया जा रहा है। 8 से 9 फीट की खुदाई करने से गांवो का भी आस्तित्व खतरे में आ जायेगा। खनन माफिया द्वारा मनमाने तरीके से दबंगो द्वारा कराया जा रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि बाढ़ के दौरान ये मिट्टी ही पानी को रोकता है जो ज्यादा मात्रा में खनन होने पर पानी तेजी से गांव में आ जायेगा। हर तरफ तबाही हो सकती है। किन्तु खनन माफियाओं को इससे कुछ भी लेना देना नही है। उन्हें तो सिर्फ रुपयों से मतलब है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि इन्हें नही रोका गया तो आने वाले बाढ़ के दिनों में लोगो को गांव छोड़कर पलायन होना पड़ेगा।

## सिंचाई विभाग में होली मिलन समारोह मनाया गया



प्रखर वाराणसी। मिनिस्ट्रियल एसोसिएशन इरीगेशन डिपार्टमेंट जनपद शाखा- वाराणसी के तत्वावधान में आज मंगलवार को "होली मिलन समारोह" का आयोजन सिगरा स्थित सिंचाई कालोनी, मूसा खाड़ बॉध प्रखण्ड, वाराणसी कार्यालय के सामने पार्क में आयोजित किया गया। जिसमें विभाग के सभी अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे। इस अवसर पर लोगो ने एक दूसरे को अबीर गुलाल लगा गले मिल कर होली की शुभकामना व्यक्त करते हुए होली मिलन समारोह मनाया गया। समारोह में मुख्य रूप से कमलेश कुमार सिंह, जनार्दन यादव, सर्वेश उपाध्याय, संजय दुबे, विनोद कुमार श्रीवास्तव, संजय कुमार पांडेय, जयशंकर सिंह, राम अवतार राम, रत्नेश प्रसाद, आरिफ अंसारी, दीनानाथ, निरंजन, रमाकांत आदि के साथ ही मिस्ट्रियल एसोसिएशन इरिगेशन डिपार्टमेंट के पदाधिकारी व सदस्यगण उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाया।

## गेंहू के फसल व भूसे में लगी आग

पिंडरा। वाराणसी जौनपुर फोरलेन मार्ग के किनारे पिंडरा बाईपास पर रामपुर गांव के सामने स्थित अचानक गेंहू के खेत मे लगी आग से जहा डेढ़ बीघा भूसा जलकर राख हो गया वही 10 विस्वा से अधिक खड़ी गेंहू की फसल भी जलकर खाक हो गई। घटना दिन के एक बजे के लगभग की है। बताते है किसी राहगीर द्वारा गेंहू के खेत मे बीड़ी या सिगरेट फेक दिए जाने से लगी आग से रामपुर निवासी गया प्रसाद उर्फ बच्चा सिंह का डेढ़ बीघा मड़ाई के बाद रखा भूसा जल गया वही रामपुर के ही भालचंद सिंह व अवधेश सिंह का लगभग 10 विस्वा गेंहू की खड़ी फसल जलकर राख हो गई। ग्रामीणों व राहगीरों के अथक प्रयास के बाद आग पर काबू पाया जा सका।

# कृषि अध्यापक को दी गयी भावभीनी विदाई

चहनियां। चंदौली। चहनियां स्थित खण्डवारी देवी इण्टर कॉलेज में विदाई समारोह आयोजित किया गया । जिसमें कृषि के प्रवक्ता कपिलदेव सिंह जी को सेवानिवृत्त होने पर संस्थापक प्रधानाचार्य डॉ. राजेन्द्र प्रताप सिंह व प्रबन्धक आद्या प्रताप सिंह ने स्मृति चिन्ह, अंगवस्त्रम, गीता आदि देकर भवभीनी विदाई दी गई। कार्यक्रम की शुरआत सर्वप्रथम अतिथिद्वय ने मां सरस्वती के तैल चित्र पर दीप प्रज्वलित करके किया। कपिलदेव सिंह का सभी अध्यापकों ने भूरी भूरी प्रसंशा किया। इस दौरान संस्थापक प्रधानाचार्य डॉ. राजेन्द्र प्रताप सिंह ने कहा कि एक शिक्षक का कर्तव्य है कि वह अपने शिष्य को निखार कर उसे अपने मंजिल पर पहुचाये। विद्यालय में विगत 39 वर्षों तक कृषि विभाग में कपिल सिंह ने ईमानदारी से



कार्य किया है वह प्रसंशनीय है। कभी भी शिकायत का मौका नही दिया। अंत मे कपिलदेव सिंह ने विद्यालय में बिताये 39 वर्षों के बीते यादों को साझा किया तथा विद्यालय के प्रति धन्यबाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ.आशुतोष सिंह कैलाशी, महाविद्यालय के पूर्व प्राचार्य डॉ. अजय सिंह, प्राचार्य डॉ. हेमंत कुमार, डॉ. अश्वनी श्रीवास्तव, विभागाध्यक्ष डॉ. नवनीत तिवारी, सेवानिवृत्त अध्यापकों में राजेंद्र पाण्डेय, दीनानाथ पाण्डेय, दारोगा सिंह, श्री नारायण सिंह, श्रीकान्त तिवारी, प्रेमनाथ पाठक, वर्तमान अध्यापकों में सुनील सिंह, शिवकुमार सिंह, उपेन्द्र दूबे, जाहिदा बेगम, कमलेश सिंह, बाबूलाल यादव, मुरलीधर तिवारी, आशुतोष मिश्रा, रितेश सिंह आदि लोग उपस्थित रहे । संचालन अशोक सिंह ने किया ।

# लीकेज बनाने के लिए गढ्ढा खोदकर छोड़ दिया

चहनियां। चंदौली। चहनियां में जलनिगम विभाग के लापरवाही की अब तो हद हो गयी है । अधिकारी व कर्मचारी सुनने को तैयार नही है । विभाग द्वारा चहनियां में लीकेज बनाने के लिए विगत पांच दिनों से गढ्ढा खोदकर छोड़ दिया गया है । जिसे दुरुस्त करने की जरूरत नही समझी गयी । कई घरों की सप्लाई ठप्प है। विभाग के लोग मौन बनकर बैठे है। जिसे लेकर लोगो मे आक्रोश व्याप्त है। चहनियां जलनिगम टँकी से चहनियां कस्बा सहित सोनहुला, सिंगहा, खण्डवारी ,जगरनाथपुर, रमौली, रानेपुर गांव के लोगो को पानी की सप्लाई होती है । अन्य गांवो को तो जैसे सप्लाई हो रही है किंतु चहनियां में स्टेट बैंक के पास विभाग द्वारा लिकेच बनाने के लिए विगत पांच दिन पूर्व गढ्ढा खोदकर छोड़ दिया है । जिससे दर्जनों घरों में पानी की सप्लाई ठप्प है । एक तो लोगो को पांच दिनों से पानी ठप्प है ऊपर से आने जाने वालों को खतरा बना रहता है । ग्रामीणों का कहना है कि चहनियां में पानी जलनिगम टँकी के भरोसे लोगो को पानी की सप्लाई होती है । किन्तु इधर कई महीनों से जलनिगम विभाग द्वारा लापरवाही की हद हो गयी है । सर्दी के मौषम में जैसे तैसे काम चला लिए किन्तु गर्मी में पानी के लोगो को झेलना पड़ता है । एक तो वैसे ही सड़क क्षतिग्रस्त होने के कारण लोगो को पानी कम,पतला,बदबूदार मिल रहा है । ऊपर से जलनिगम विभाग के लोग पांच दिन पूर्व लिकेच




बनाने के लिए गढ्ढा खोदकर छोड़ दिये है । पानी की सप्लाई ठप्प है । विभागीय अधिकारी चुप्पी साधे हुए है । मामूली सा कार्य भी दो हप्ते लगा देते है । ग्रामीणो ने जिलाधिकारी का ध्यान आकृष्ट कराते हुए सप्लाई ठीक कराने की मांग की है ।

## विवाहिता को दहेज के लिए फाँसी पर लटकाया

वाराणसी। फूलपुर थाना क्षेत्र के सिंधुरिया गांव में दो दिन पूर्व विवाहिता को दहेज के लिए फांसी पर लगाकर आत्महत्या का रुप देने के मामले में पुलिस ने पति समेत 5 लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया। विवाहिता के पिता भइयालाल यादव निवासी टेडवा केराकत जौनपुर निवासी ने आरोप लगाया कि 24 पुत्री खुशबू यादव को बाइक व 10 लाख रुपए



दहेज के रूप में देने पर ससुराल वालों ने उसे फांसी पर लटका दिया। इसके लिए कई बार फोन कर हम परिजनों पर भी दबाव बनाया गया। पुलिस ने विवाहिता के पिता की तहरीर पर सिंधुरिया फूलपुर निवासी पति सतीश यादव, ससुर जोखू यादव, सास लालती देवी व ननद गुड़िया व बिंदु देवी के खिलाफ दहेज हत्या की धारा 498 ए तथा दहेज अधिनियम की धारा 3/4 के तहत मुकदमा दर्ज किया। इंस्पेक्टर संजय मिश्रा ने बताया कि एसीपी के जांचोपरांत गिरफ्तारी होगी।

# छात्रों को स्मृति चिन्ह और अंकपत्र देकर किया गया सम्मानित

चकिया। ए.एम.पी.एस.स्कूल मंगरौर चकिया चंदौली में सोमवार को अंकपत्र एवं खेल पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत मुख्य अतिथि अजय राय एवं मैनेजिंग डायरेक्टर औरंगजेब खान तथा प्रिंसिपल संजय जायसवाल द्वारा संयुक्त रूप से सरस्वती जी के तैलचित्र पर माल्यार्पण, दीप प्रज्वलन तथा सरस्वती वंदना से किया गया। मुख्य अतिथि एवं एम.डी. द्वारा क्लास प्लेग्रूप से लेकर 8th तक के सभी प्रथम, द्वितीय तथा तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले रैंकर एवं एकेडमिक टॉपर को क्रमशः गोल्ड मेडल, सिल्वर मेडल, ब्रोंज मेडल, प्रमाण पत्र तथा मोमेंटो से सम्मानित किया गया। इसके अलावा बेस्ट अटेंडेंस अवार्ड, स्कूल डिसिप्लिन्ड अवार्ड से भी बच्चों को सम्मानित किया गया। अंत में एनुअल स्पोर्ट्स डे 2024 के दौरान विभिन्न खेलों जैसे- खो खो, कबड्डी, सैक रेस, बैडमिंटन, दौड़, फुटबॉल, इत्यादि खेल में सिंगल, डबल तथा ग्रुप टीम में प्रथम ,द्वितीय, तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले खिलाड़ियों को क्रमशः गोल्ड, सिल्वर, ब्रॉन्ज तथा प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। स्कूल के मैनेजिंग डायरेक्टर श्री औरंगजेब खान ने अतिथियों का माल्यार्पण एवं बैच लगाकर स्वागत किए और अपने संबोधन में बच्चों को आगे बढ़ने और स्कूल में सहयोग की प्रतिबद्धता जताई। कार्यक्रम का संचालन समृद्धि जायसवाल ने किया। अंत में स्कूल के प्रधानाचार्य ने सभी बच्चों को लक्ष्य की प्राप्ति हेतु सतत परिश्रम करने के लिए प्रेरित किया तथा धन्यवाद ज्ञापित कर आभार प्रगट किया। कार्यक्रम के दौरान अतिथि के रूप में रिंकू विश्वकर्मा, अश्वनी, श्यामबिहारी और स्कूल के स्टॉफ उपप्रधानाचार्य अर्चना रस्तोगी, रिंकी सिंह, ममता, पूजा, रागिनी, राजनंदिनी, वर्षा, सृष्टि, अनिता, राधिका, महानंद, मोहित इत्यादि के अलावा सैकड़ों बच्चे सहित अभिभावकगण उपस्थित रहे।

# गैंगेस्टर एक्ट के तीन वांछित अपराधी गिरफ्तार

पीडीडीयु नगर। चंदौली। पुलिस अधीक्षक जनपद चन्दौली महोदय डा. अनिल कुमार के द्वारा जनपद में अपराध पर प्रभावी अंकुश लगाने हेतु पंजीकृत अभियोगों के वांछित व पुरस्कार घोषित अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु दिये गये निदेर्शों के अनुपालन में चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक चन्दौली श्री विनय कुमार सिंह के निर्देशन एवम् क्षेत्राधिकारी पं0 दीन दयाल उपाध्याय नगर श्री अनिरूद्ध सिंह के कुशल पर्यवेक्षण में थाना अलीनगर पर गठित पुलिस की दो टीमों द्वारा थाना अलीनगर पर पंजीकृत मु.अ.सं. 364/23 धारा 3(1) उ.प्र.गिरोहबन्द एवम् समाज विरोधी क्रियाकलाप निवारण अधिनियम से सम्बन्धित अभियुक्तगण गैंग लीडर पारस राजभर पुत्र स्व. मोती राजभर निवासी खनाव बच्छाव थाना रोहनिया जनपद वाराणसी उम्र तथा सदस्य (2) मनोहर पुत्र पारस राजभर निवासी खनाव बच्छाव थाना रोहनिया जनपद वाराणसी एवं मु.अ.सँ. 349/23 धारा 3(1) उ.प्र.गिरोहबन्द एवम् समाज विरोधी क्रियाकलाप निवारण अधिनियम थाना अलीनगर जनपद चन्दौली से सम्बन्धित वांछित अभियुक्त गैंग के सदस्य वशिष्ठ यादव पुत्र स्व. विक्रमा यादव निवासी हनुमानपुर थाना मुगलसराय जनपद चन्दौली को सोमवार मुखबिर की सूचना के आधार पर गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार अभियुक्तगण के विरूद्ध आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है। गिरफ्तारी में शामिल पुलिस टीम में निरीक्षक रमेश कुमार यादव निरीक्षक अपराध थाना अलीनगर जनपद चन्दौली। उ.नि. मनीष कुमार सिंह चौक प्रभारी जफरपुर थाना अलीनगर , चन्दौली ।उ.नि. मो. जावेद सिद्दिकी थाना अलीनगर जनपद चन्दौली। का. कुलदीप सरोज थाना अलीनगर जनपद चन्दौली। का. शैलेन्द्र कुमार थाना अलीनगर, चन्दौली। का. दीपक यादव थाना अलीनगर जनपद चन्दौली।

# सेवानिवृत शिक्षक डॉ. महेंद्र प्रताप यादव को दी विदाई

चहनियाँ (चंदौली)। क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय पुरवा नादी निधौरा में प्रधानाध्यापक पद से सेवानिवृत्त हुए डॉ. महेंद्र प्रताप यादव का विदाई समारोह सोमवार को विद्यालय परिसर में आयोजित हुआ, जिसमें सैकड़ों शिक्षकों, ग्रामीणों, बुद्धिजीवियों और विद्यालय के बच्चों ने नम आंखों से उन्हें विदाई दी और प्रधानाध्यापक के आगे के जीवन के लिए अपनी शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर बोलते हुए कार्यक्रम के मुख्य वक्ता उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा चार बार पुरस्कृत राकेश यादव रौशन ने कहा कि शिक्षक समाज का आईना होता है। शिक्षक के व्यक्तित्व और चरित्र से लोग प्रेरणा लेते हैं। शिक्षक आने वाली पीढ़ियों के निमार्ता होता है। यह सभी खूबियां डॉ. महेंद्र प्रताप यादव जी में विद्यमान हैं। विशिष्ट वक्ता राष्ट्रीय शैक्षिक संघ के जिलाध्यक्ष चंदौली अजय कुमार



सिंह ने कहा कि अपने सेवाकाल में डॉ. एमपी सिंह यादव ने एक शिक्षक की गरिमा को बनाए रखा और बेदाग चरित्र के साथ सेवानिवृत्त हुए हैं। उनका व्यवहार अपने सहयोगियों और शिक्षकों के साथ हमेशा सहयोगात्मक रहा। प्राथमिक विद्यालय ड्योढ़ा के प्रधानाध्यापक फैयाज अहमद ने कहा कि सेवानिवृत्ति के बाद शिक्षक का दायित्व और बढ़ जाता है। अब सामाजिक गतिविधियों में सक्रिय भूमिका का निर्वहन कर सकेंगे। उन्होंने आगे कहा कि मैंने अपने जीवन का तीन साल डॉक्टर साहब के साथ शिक्षण कार्य किया है, इस दौरान इनसे बहुत कुछ सीखने का अवसर मिला। कार्यक्रम की अध्यक्षता अवकाश प्राप्त वायु सेना अधिकारी रामलच्छन यादव ने और संचालन राज्य शिक्षक पुरस्कार प्राप्त शिक्षक वीरेंद्र यादव ने किया। इस अवसर पर प्रथमिल शिक्षक संघ चहनियां के अध्यक्ष राजीव यादव, ग्राम प्रधान कुंजे यादव, पूर्व प्रधान विजयी यादव, कोटेदार विंध्याचल, रामशुभ यादव , इंद्रजीत यादव ,निशा यादव, साधना यादव, फिरोजुद्दीन , ओमप्रकाश यादव , हरिवंश यादव, राजू यादव शिक्षक, जामवंत दादा, , गीता, संगीता, सुराही आदि लोग उपस्थित थे।

# संक्षिप्त खबरें

## तेजस ने लगातार दूसरे वर्ष भी मारी बाजी

प्रखर जौनपुर। नगर के वाजिदपुर तिराहे पर स्थित हरिहर सिंह पब्लिक स्कूल के कक्षा 4 के छात्र तेजस जायसवाल ने अपने कक्षा के टाप–3 में दूसरा स्थान पाकर परिवार का मान बढ़ा दिया। उसने पूर्णांक 1600 में 1384 अंक प्राप्त करके 86.50 प्रतिशत से परीक्षा उत्तीर्ण किया। साथ ही ए2 स्थान प्राप्त करके लगातार दूसरे वर्ष भी टाप–3 में दूसरा स्थान प्राप्त किया। बता दें कि तेजस पिछले वर्ष भी अपने कक्षा में दूसरा स्थान प्राप्त किया था जो अपनी मेहनत के बल पर इस बार भी टाप–3 में स्थान बना लिया। वहीं इसकी जानकारी होने पर परिवार में खुशी की लहर दौड़ गयी।




विद्यालय प्रांगण में आयोजित समारोह में प्रधानाचार्य श्रीमती वन्दना सिंह ने अंक प्रमाण पत्र के साथ 3 विशेष प्रमाण पत्र देकर तेजस का हौसला बढ़ाया। वहीं विद्यालय के संस्थापक ओम प्रकाश सिंह, प्रबन्धक पवन सिंह, क्लास टीचर दीपा मैम, सरोज सिंह, छाया सिंह सहित तमाम गुरूजनों ने आशीर्वाद देते हुये तेजस सहित सभी बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना किया।

## ट्रांसफर जलने से गांव में अंधेरा

प्रखर जखनियां गाजीपुर। क्षेत्र के जलालपुर फीडर के अंतर्गत बारोडीह गांव सभा में 63 के बी का लगा ट्रांसफार्मर चार दिन पूर्व हाई वोल्टेज होने से जल गया। पूरा गांव अंधेरे में पड़ा है। विद्युत उपभोक्ताओं द्वारा ट्रांसफार्मर जलने की जानकारी पावर हाउस पर देने के बाद भी विभाग द्वारा ट्रांसफार्मर बदलने की पहल नहीं होने से ग्रामीणों में आक्रोश है। इस ट्रांसफार्मर से संबंधित गांव के लोगो का बत्ती, पंखा का आदि का कनेक्शन है। अब गांव के लोगों को मोबाइल चार्ज करवाने के लिए भी पड़ोस के गांव में जाना पड़ रहा है। गांव के लोग बढ़ती गर्मी व तेज धूप की जलालत झेलते हुए अंधेरे में रहने को मजबूर हैं।

## मुहम्मदाबाद पुलिस ने किया धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने में वांछित को गिरफ्तार

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। पुलिस अधीक्षक गाजीपुर द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण के कुशल निर्देशन व क्षेत्राधिकारी मुहम्मदाबाद के निकट पर्यवेक्षण में मंगलवार को उप निरीक्षक अनिल कुमार पाण्डेय मय हमराह द्वारा मुखबिर खास की सूचना पर थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0 73/2024 धारा 295अ, 505(2) भादवि में वांछित चल रहे अभियुक्त सफीर उर्फ मु0 शब्बीर पुत्र स्व0 मु0 सलीम उर्फ शिबलू निवासी जफरपुरा थाना मुहम्मदाबाद जनपद गाजीपुर उम्र करीब 61 वर्ष को अदिलाबाद चौराहा के पास से समय करीब 12.50 बजे गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त उपरोक्त के विरुद्ध अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम, उप निरीक्षक अनिल कुमार पाण्डेय थाना मुहम्मदाबाद, हेड कांस्टेबल महेन्द्र तिवारी थाना मुहम्मदाबाद, हेड कांस्टेबल हरिमाधव पाण्डेय थाना मुहम्मदाबाद जनपद गाजीपुर शामिल रहे।

## नन्दगंज पुलिस ने किया पास्को एक्ट सम्बन्धित वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। पुलिस अधीक्षक गाजीपुर द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत अपर पुलिस अधीक्षक नगर के कुशल निर्देशन व क्षेत्राधिकारी भुडकुड़ा के निकट पर्यवेक्षण में थाना नन्दगंज पर पंजीकृत मु0अ0सं0 052/2024 धारा 376, 506 भा0द0वि0 व 66-इआईटी एक्ट से सम्बन्धित वांछित अभियुक्त राकेश कुमार पुत्र शिवकुमार निवासी ग्राम धामूपुर धरवाँ थाना नन्दगंज जनपद गाजीपुर को मंगलवार को पहाड़पुर चौराहे के पास से गिरफ्तार किया गया । वादिनी मुकदमा द्वारा लिखित तहरीर दिया गया था कि अभियुक्त राकेश कुमार पुत्र शिवकुमार निवासी ग्राम धामूपुर (धरवाँ) थाना नन्दगंज जनपद गाजीपुर द्वारा वादिनी के साथ 03 वर्षों से शादी का झाँसा देकर शारीरिक सम्बन्ध बनाता रहा किन्तु शादी करने की बात पर जान से मारने की धमकी व पीड़िता की प्राइवेट फोटो वायरल कर दिया था । जिसके सम्बन्ध में थाना नन्दगंज पर मु0अ0सं0 052/2024 धारा 376, 506 भा0द0वि0 व 66-इआईटी एक्ट में अभियोग पंजीकृत कर वांछित अभियुक्त की तलाश की जा रही थी। गिरफ्तारशुदा अभियुक्त के विरुद्ध नियमानुसार विधिक कार्यवाही की जा रही है। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में उप निरीक्षक श्याम सिंह थाना नन्दगंज, मुख्य आरक्षी विकास कुमार सिंह थाना नन्दगंज, आरक्षी आशुतोष पासवान थाना नन्दगंज जनपद गाजीपुर शामिल रहे।

## पुलिस अधीक्षक ने दिया मृतक आरक्षी संदीप कुमार सिंह के पत्नी को 75 लाख का चेक



प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। मंगलवार को पुलिस अधीक्षक ओमवीर सिंह द्वारा स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के क्षेत्रिय प्रबन्धक की उपस्थिति में पुलिस सैलरी पैकेज के तहत मिलने वाले लाभ के रूप में रुपये 75 लाख का चेक मृतक आरक्षी पी.एन.ओ. 052012105 संदीप कुमार सिंह की पत्नी को प्रदान किया गया। जानकारी के अनुसार मृतक आरक्षी संदीप सिंह ग्राम मदनही पोस्ट उसही कला थाना करंडा गाजीपुर के रहने वाले थे जो जनपद सोनभद्र के थाना रायपुर में आरक्षी के पद पर नियुक्त थे जिनकी 20 जून 2023 को थाना रायपुर क्षेत्र में पिकेट ड्यूटी के दौरान गाड़ी से कुचल कर घायल हो गए थे जिनकी अस्पताल में इलाज के दौरान मृत्यु हो गई थी।

## शराब की दुकान का विरोध, महिलाओं ने हाथ में झाड़ू बेलन लेकर किया प्रदर्शन

प्रखर दुल्लहपुर (गाजीपुर)। स्थानीय बाजार के चौहान मार्केट में दुल्लहपुर ख के नाम से खुलने वाली देशी शराब की दुकान के विरोध में आस पास की विरोध प्रदर्शन किया। सोमवार की सुबह स्थानीय महिलाओं को जब यह पता चला कि उनके घर के बगल में देसी शराब की दुकान खुल रही है तो महिलाओं ने इकठ्ठा होकर हाथ में झाड़ू लेकर विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया। प्रदर्शन की अगुवाई करने वाली सुषमा त्रिपाठी ने कहा कि एक तरफ सरकार शराब की दुकान को राजमार्ग से 500 मीटर दूर खोलने का आदेश दे रही है। जबकि राजमार्ग से कुछ ही दूरी पर ठेका खोला जा रहा हैं। जिसको लेकर महिलाओं ने हाथ में झाड़ू और बेलन लेकर विरोध प्रदर्शन किया। सुषमा त्रिपाठी ने कहा कि अपने जमीन पर ठेका खुलवाने वाले घुरहू चौहान के खिलाफ डीएम को ज्ञापन सौंपा जायेगा।भाजपा नेता राजेश सोनकर ने कहा कि देसी दारू का ठेका खुलने वाले स्थान से कुछ ही दूरी पर एक इंटर कॉलेज व डिग्री कॉलेज तथा एक नर्सरी विद्यालय भी है। इसी रास्ते से लोग आते जाते हैं।आसपास की महिलाएं इसी रास्ते से होकर बाजार जाती है। देसी दारू का ठेका खुलने से यहां पर दारूबाज आए दिन गाली गलौज मारपीट की घटना को अंजाम देंगे। जिससे यहां पर रहने वाले लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ेगा। वहीं बच्चों का भविष्य भी चौपट होगा इसको लेकर लोग देसी शराब के दुकान का विरोध प्रदर्शन किए हैं।

## संक्षिप्त खबरें

### अफगानिस्तान में बम फटने से नौ बच्चों की मौत

**काबुल।** पूर्वी अफगानिस्तान के गजनी प्रांत में गोला-बारूद फटने से नौ बच्चों की जान चली गई। सरकारी बख्तर समाचार एजेंसी ने सोमवार को यह जानकारी दी। घटना गजनी प्रांत के गीरो जिले के जादरान इलाके में दोपहर उस समय हुई जब चार से 10 साल की उम्र के बच्चों को यह उपकरण मिला और वे इसके साथ खेलने लगे और उपकरण में अचानक विस्फोट हो गया, जिससे नौ बच्चों की मौके पर ही मौत हो गई। बख्तर ने गजनी के सूचना एवं संस्कृति विभाग के निदेशक मुल्ला हमीदुल्ला निसार के हवाले से कहा कि गत 22 मार्च को दक्षिणी हेलमंद प्रांत में इसी प्रकार की घटना में तीन बच्चों की मौत हो गई।

### यूनिसेफ ने सोमालिया को भेजी हैजा वैक्सीन

**मोगादिशु।** सोमालिया को हैजे के बढ़ते मामलों के बीच संयुक्त राष्ट्र बाल कोष (यूनिसेफ) से 25 लाख अमेरिकी डॉलर मूल्य की ओरल हैजा वैक्सीन की 14 लाख खुराकें मिली हैं। यूनिसेफ की ओर से जारी बयान के मुताबिक इस बीमारी के प्रकोप को रोकने के लिए उठाए गए कदमों के तहत देश भर के पांच हॉटस्पॉट जिलों में टीके वितरित किए जाएंगे। हैजे से जनवरी से अब तक 4388 लोग संक्रमित हुए है और 54 लोगों की जानें गयी है , जिनमें से दो-तिहाई बच्चे थे।

### गाजा के मुख्य अस्पताल से इस्राइली सेना हटी

**गाजा।** इस्राइली सेना ने दो हफ्तों तक लगातार हमलों के बाद गाजा के मुख्य अस्पताल से अपने सैनिकों को हटा लिए हं। हमले में अस्पताल पूरी तरह से तबाह हो चुका है। फिलिस्तीनी निवासियों ने यह जानकारी दी। इस्राइली सैनिकों को हटाए जाने के बाद सोमवार इलाके में लौटे लोगों को शफा अस्पताल के अंदर और बाहर शव पड़े मिले। इस्राइली सेना ने इस हमले को करीब छह महीने से चल रहे युद्ध के सबसे सफल अभियान में से एक बताया और कहा कि उसने सैकड़ों हमास और अन्य आतंकवादियों को मार गिराया तथा कुछ अहम खुफिया दस्तावेज भी जब्त किए।

### बी प्राक की धुन पर झूमा दिल्ली एनसीआर

**गुरुग्राम।** यहां गे निवासियों के लिए इंपीरियल ब्लू सुपरहिट नाइट्स शानदार जश्न का मौका लेकर आई। इंपीरियल ब्लू सुपरहिट नाइट्स के दौरान बी प्राक ने शानदार परफॉर्मेंस दी। कार्यक्रम का आयोजन हुडा जिमखाना क्लब में किया गया। यहां दिल्ली एनसीआर के संगीत के दीवानों ने बड़ी संख्या में हिस्सा लिया। बी प्राक को अपनी शानदार आवाज और चार्ट-टॉपिंग हिट्स के लिए जाना जाता है। कार्यक्रम के दौरान बी प्राक ने दर्शकों को अपने प्रदर्शन से बांध लिया। पूरा माहौल उत्साह से भर गया और प्रशंसक भी उनके साथ गाने लगे। इंपीरियल ब्लू सुपरहिट नाइट्स को बेहतरीन लाइव म्यूजिक एक्सपीरियंस के लिए जाना जाता है। बी प्राक के साथ गठजोड़ इसकी बड़ी उपलब्धि है। परनॉड रिकार्ड इंडिया के जनरल मैनेजर इशविंदर सिंह ने कहा ने यह जानकारी दी। इस कार्यक्रम को लेकर बी प्राक ने कहा, 'इस यादगार पल के लिए इंपीरियल सुपरहिट नाइट्स के साथ गठजोड़ का अनुभव शानदार रहा है। दर्शकों का उत्साह देखने लायक था और मै खुद को उनके उत्साह का हिस्सा बनने से नहीं रोक पाया।

# चुनाव से पहले फिर कच्चातिवु मुद्दा गरम

■ चेन्नई (भाषा)।

भारत सरकार द्वारा 1974 में श्रीलंका को सौंपे गए छोटे-से द्वीप कच्चातिवु का भावनात्मक मुद्दा पूर्व मुख्यमंत्रियों एम. करुणानिधि और जे. जयललिता के बीच हमेशा विवाद की जड़ रहा और जयललिता ने मछुआरों के मुद्दों का समाधान करने के लिए इस द्वीप को वापस हासिल करने तक का आह्वान किया था।

इस निर्जन द्वीप को 1974 में श्रीलंका को तब सौंप दिया गया था जब तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने श्रीलंका के अपने समक्ष एस. भंडारनायके के साथ किए गए भारत-श्रीलंका समुद्री समझौते के तहत कच्चातिवु को श्रीलंकाई क्षेत्र माना था। इस समझौते का उद्देश्य पाक जलसंधि में समुद्री सीमाओं के मसले को हल करना था। इसके बाद 1976 में एक और समझौते पर हस्ताक्षर किए गए जिसके तहत दोनों देशों के मछुआरों को एक-दूसरे के विशिष्ट आर्थिक क्षेत्र में मछली पकड़ने से रोक दिया गया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को इस मुद्दे को लेकर कांग्रेस तथा उसके सहयोगी दल द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) को आड़े हाथों लिया जो समझौते के वक्त सत्ता में थे। इसके बाद तमिलनाडु में लोकसभा चुनाव के लिए 19 अप्रैल को होने वाले मतदान से कुछ दिनों पहले यह मुद्दा अब केंद्र में आ गया है।

■ भाजपा इस द्वीप को श्रीलंका को सौंपने के लिए कांग्रेस तथा द्रमुक को जिम्मेदार ठहरा रही है

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) इस द्वीप को श्रीलंका को सौंपने के लिए कांग्रेस तथा द्रमुक को जिम्मेदार ठहरा रही है। द्रमुक अध्यक्ष और तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम के स्टालिन ने कच्चातिवु मुद्दे को लेकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा उनकी आलोचना किए जाने पर सोमवार को पलटवार करते हुए चुनाव से पहले मछुआरों के लिए भाजपा के 'अचानक उमड़े प्यार' पर सवाल उठाया। उन्होंने तमिलनाडु द्वारा मांगे 37,000 करोड़ रुपए के बाढ़ राहत पैकेज समेत कई मुद्दों को लेकर भी प्रधानमंत्री पर सवाल उठाया।

तमिलनाडु में राजनीतिक दल और मछुआरे संघ कथित समुद्री उल्लंघन के लिए तमिलनाडु के मछुआरों को श्रीलंका द्वारा गिरफ्तार किए जाने के इकलौते समाधान के तौर पर कच्चातिवु को वापस हासिल करने पर लंबे समय से जोर देते रहे है। उनका कहना है कि भारतीय मछुआरों के इस विवादित द्वीप पर मछली पकड़ने के पारंपरिक अधिकार है।

जयललिता ने इस द्वीप को फिर से हासिल करने के लिए उच्चतम न्यायालय में खुद याचिका दायर की थी। बाद में अन्नाद्रमुक की अगुवाई वाली राज्य सरकार ने खुद को मामले में पक्षकार बनाया था। कांग्रेस और द्रमुक पर प्रहार जारी रखते हुए विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने भी सोमवार को दावा किया कि कांग्रेस के प्रधानमंत्रियों ने कच्चातिवु द्वीप को लेकर उदासीनता दिखायी और भारतीय मछुआरों के अधिकार छीन लिए। जयशंकर ने एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि जवाहरलाल नेहरू और इंदिरा गांधी जैसे प्रधानमंत्रियों ने कच्चातिवु को एक 'छोटा द्वीप' और 'छोटी चट्टान' बताया था। उन्होंने कहा कि यह मुद्दा अचानक सामने नहीं आया है बल्कि यह हमेशा से एक जीवंत मुद्दा है। कच्चातिवु को वापस लेने का मुद्दा प्रमुख द्रविड़ दलों के बीच तीखी बहस का विषय रहा है। जून 2016 में तत्कालीन मुख्यमंत्री जयललिता ने करुणानिधि पर इस द्वीप को श्रीलंका को सौंपने से रोकने के लिए 'कुछ न करने' का आरोप लगाया था।

## कांग्रेस के पीएम 'कच्चातिवु' पर उदासीन रहे मछुआरों के अधिकार छीने : जयशंकर

■ नई दिल्ली।

विदेशमंत्री एस. जयशंकर ने सोमवार को दावा किया कि कांग्रेस के प्रधानमंत्रियों ने कच्चातिवु द्वीप को लेकर उदासीनता दिखाई और भारतीय मछुआरों के अधिकार छीन लिए।



जयशंकर ने कहा, जवाहरलाल नेहरू और इंदिरा गांधी जैसे प्रधानमंत्रियों ने कच्चातिवु को एक 'छोटा द्वीप' और 'छोटी चट्टान' बताया था। उन्होंने कहा, यह मुद्दा अचानक सामने नहीं आया है बल्कि यह हमेशा से एक जीवंत मुद्दा है। कच्चातिवु द्वीप समुद्री सीमा समझौते के तहत 1974 में श्रीलंका को दे दिया था। जयशंकर ने कहा, आए दिन यह मुद्दा संसद में उठाया जाता है। इसे लेकर अक्सर केंद्र तथा राज्य सरकार के बीच पत्राचार होता है। जयशंकर ने कहा, खुद उन्होंने कम से कम 21 बार मुख्यमंत्री को जवाब दिया है।

विदेशमंत्री ने जनता के सामने इस समझौते के खिलाफ होने का रुख दिखाने के लिए द्रमुक पर निशाना साधा। उन्होंने कहा, द्रमुक नेता और तत्कालीन मुख्यमंत्री एम. करुणानिधि को भारत और श्रीलंका के बीच 1974 में हुए समझौते के बारे में पूरी जानकारी दी गई थी। कांग्रेस और द्रमुक ने संसद में यह इस तरह मुद्दा उठाया जैसे कि उनकी इसके लिए कोई जिम्मेदारी ही नहीं है जबकि यही वे दल है जिन्होंने यह समझौता किया। उन्होंने कहा, द्रमुक की 1974 में और उसके बाद इस स्थिति को पैदा करने में कांग्रेस के साथ काफी हद तक 'मिलीभगत' थी।

## भाजपा के समर्थन में अमेरिका के 20 शहरों में कार रैली



■ वॉशिंगटन (भाषा)।

अमेरिका में 'ओवरसीज फ्रेंड्स ऑफ बीजेपी' (ओएफबीजेपी-यूएसए) ने देश के 20 अलग-अलग शहरों में कार रैलियां निकालकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के तीसरे कार्यकाल के प्रति समर्थन जताया और आगामी आम चुनाव में भाजपा नीत राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) को 400 से ज्यादा सीट दिलाकर भारी बहुमत से विजयी बनाने का आग्रह किया।

ओएफबीजेपी-यूएसए के अध्यक्ष अदापा प्रसाद ने कहा, भारतीय-अमेरिकी समुदाय मोदी के नेतृत्व वाली भाजपा और राजग को 400 सीट से अधिक सीट पर जीतता देखने के लिए बेहद उत्साहित है। उन्होंने कहा कि भारतीय अमेरिकी चाहते है कि राजग लोकसभा चुनाव में अब की बार 400 पार का लक्ष्य हासिल करे। ओएफबीजेपी-यूएसए के राष्ट्रीय महासचिव वासुदेव पटेल ने कहा, समुदाय ने ओएफबीजेपी द्वारा पूर्वी तट से पश्चिमी तट और उत्तर से दक्षिण तक लगभग 20 शहरों में समन्वित रूप से आयोजित कार रैलियों में उत्साहपूर्वक भाग लिया है। अमेरिका की राजधानी और उसके आसपास के इलाकों में सिख समुदाय के लोगों ने भी प्रधानमंत्री मोदी के समर्थन में कार रैली निकाली। उन्होंने कहा कि भाजपा की जीत न केवल भारत के लिए, बल्कि दुनिया में भी शांति एवं स्थिरता लाने के लिए समय की मांग है। कार रैली वॉशिंगटन डीसी के मैरीलैंड उपनगर में आयोजित की गई। रैली में भाग लेने वाले लोग पहले गुरुद्वारे गए और फिर रैली स्थल पर आए। कारों को भाजपा के झंडों और अमेरिकी झंडों से सजाया गया था।

# चीन ने फिर अरुणाचल प्रदेश पर किया दावा

## सूची जारी कर 30 जगहों के नाम बदले

■ बीजिंग (भाषा)।

अरुणाचल प्रदेश पर अपना दावा पेश करने की चीन की हालिया कोशिशों के बीच बीजिंग ने भारतीय राज्य में विभिन्न स्थानों के 30 नए नामों की चौथी सूची जारी की है। हालांकि भारत ने चीन द्वारा अरुणाचल प्रदेश के स्थानों का नाम बदलने की कवायद को खारिज करते हुए कहा कि अरुणाचल प्रदेश देश का अभिन्न अंग है और काल्पनिक नाम रखने से इस वास्तविकता में कोई बदलाव नही आएगा।

■ भारत ने कहा कि अरुणाचल देश का अभिन्न अंग, काल्पनिक नाम रखने से वास्तविकता में कोई बदलाव नहीं

चीन के सरकारी मीडिया 'ग्लोबल टाइम्स' ने रविवार को बताया कि चीनी नागरिक मामलों के मंत्रालय ने 'जंगनान' में मानकीकृत भौगोलिक नामों की चौथी सूची जारी की। चीन अरुणाचल प्रदेश को 'जंगनान' कहता है और दक्षिण तिब्बत के हिस्से के रूप में इस राज्य पर अपना दावा करता है। मंत्रालय की आधिकारिक वेबसाइट पर क्षेत्र के लिए 30 अतिरिक्त नाम पोस्ट किए गए। यह सूची एक मई से प्रभावी होगी।

रिपोर्ट में कहा गया है कि अनुच्छेद 13 के अनुसार, इस घोषणा के क्रियान्वयन में कहा गया है कि चीन के क्षेत्रीय दावों और संप्रभुता अधिकारों को नुकसान पहुंचा सकने वाले विदेशी भाषाओं में रखे गए, स्थानों के नामों को बिना प्राधिकार के सीधे उद्धृत या अनुवादित नहीं किया जाएगा। चीनी नागरिक मामलों के मंत्रालय ने 'जंगनान' में छह स्थानों के मानकीकृत नामों की पहली सूची 2017 में जारी की थी, जबकि 15 स्थानों की दूसरी सूची 2021 में जारी की गई थी। इसके बाद 2023 में 11 स्थानों के नामों के साथ एक और सूची जारी की गई थी।

अरुणाचल प्रदेश पर दावों को लेकर चीन की हालिया बयानबाजी उस समय शुरू हुई जब उसने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के राज्य के दौरे को लेकर भारत के साथ राजनयिक विरोध दर्ज कराया था। इस दौरे में मोदी ने अरुणाचल प्रदेश में 13 हजार फुट की ऊंचाई पर बनी सेला सुरंग को राष्ट्र को समर्पित किया था। चीनी विदेश और रक्षा मंत्रालयों ने क्षेत्र पर चीन का दावा पेश करते हुए कई बयान जारी किए थे। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने अरुणाचल प्रदेश पर चीन द्वारा बार-बार किये जा रहे दावे को 23 मार्च को बेतुका करार देते हुए इसे खारिज कर दिया था और कहा था कि यह सीमांत राज्य भारत का स्वाभाविक हिस्सा है। उन्होंने नेशनल यूनिवर्सिटी ऑफ सिंगापुर (एनयूएस) के 'साउथ एशियन स्टडीज इंस्टीट्यूट' में व्याख्यान में मुद्दे पर एक सवाल के जवाब में कहा था, यह कोई नया मुद्दा नहीं है। मेरा मतलब है कि चीन ने दावा किया है, इसने अपने दावे को दोहराया है। ये दावे शुरू से बेतुके है और आज भी बेतुके ही है।

## असम के दक्षिण दो जिलों में बारिश और तूफान का कहर

■ गुवाहाटी (भाषा)।

असम के दक्षिण सलमारा-मनकचार जिले में भारी बारिश और तूफान के बीच ब्रह्मपुत्र नदी में एक नौका के पलटने से चार साल के एक बच्चे की मौत हो गई और दो लोग लापता बताए जाते हैं। एक वरिष्ठ अधिकारी ने सोमवार को यह जानकारी दी।

अधिकारी ने बताया कि केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने राज्य की स्थिति के बारे में जानकारी लेने के लिए मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा को फोन किया और सभी तरह की सहायता का आश्वासन दिया। असम राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एएसडीएमए) के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) ज्ञानेंद्र देव त्रिपाठी ने बताया कि रविवार की शाम राज्य के कई हिस्सों में अचानक आए तूफान के साथ ओलावृष्टि और भारी बारिश हुई, जिससे पेड़ एवं बिजली के खंभे उखड़ गए गए और घरों को भी नुकसान हुआ। उन्होंने कहा, कल शाम करीब पांच बजे सिशुमरा घाट से नेपुरेर अलगा घाट की ओर जाते समय नेपुरेर अलगा गांव में एक नौका पलट गई। स्थानीय लोगों ने एक बच्चे का शव बरामद कर लिया है और दो लोग लापता हैं। त्रिपाठी ने बताया कि मृतक बच्चे की पहचान समिन मंडल (चार) के रूप में हुई है, जबकि कोबट अली मंडल (56) और इस्माइल अली (आठ) लापता हैं।

■ ब्रह्मपुत्र नदी में नौका पलटने से बच्चे की मौत

उन्होंने कहा, एसडीआरएफ की एक टीम ने आज सुबह तलाशी अभियान शुरू किया और धुबरी तथा गोलपाड़ा जिलों के गोताखोरों को भी बुलाया गया है। बचाव प्रयासों में सहयोग के लिए राष्ट्रीय आपदा मोचन दल (एनडीआरएफ) की एक टीम घटनास्थल पर पहुंच रही है। सीईओ ने बताया कि अभियान के दौरान निगरानी के लिए एएसडीएमए ड्रोन भेज रहा है। उन्होंने बताया कि नौका में 15 यात्री थे और बाकी लोग स्थानीय लोगों की मदद से सुरक्षित बाहर निकलने में कामयाब रहे। त्रिपाठी ने बताया कि कई जिलों में आकाशीय बिजली गिरने की घटनाएं हुई हैं, लेकिन अभी तक किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है।

# इमरान-बुशरा बीबी को बड़ी राहत

## तोशाखाना भ्रष्टाचार मामले में दोनों की सजा निलंबित

■ इस्लामाबाद (भाषा)।





पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान को और बुशरा बीबी को बड़ी राहत मिली है। पाकिस्तान के उच्च न्यायालय ने सोमवार को तोशाखाना भ्रष्टाचार मामले में दोनों की सजा निलंबित कर दी। उल्लेखनीय है कि दोनों को इस मामले में 14 साल की सजा सुनाई गई थी।

■ दोनों को इस मामले में 14 साल जेल की सजा सुनाई गई

पाकिस्तान में आम चुनाव से कुछ दिन पहले 1 जनवरी को सरकारी उपहारों में कथित भ्रष्टाचार के लिए जवाबदेही अदालत ने दोनों को 14-14 साल जेल की सजा सुनाई थी। इस मामले में इमरान और बुशरा बीबी ने सजा को इस्लामाबाद उच्च न्यायालय में चुनौती दी थी। मामले की सुनवाई मुख्य न्यायाधीश आमिर फारूक के नेतृत्व वाली दो सदस्यीय पीठ ने की। सोमवार को इस्लामाबाद उच्च न्यायालय ने मामले में दंपति की सजा को निलंबित करके और उन्हें जमानत देकर अस्थाई राहत दी। हालांकि अदालत ने घोषणा की कि दोषसिद्धि के खिलाफ उनकी अपील पर सुनवाई अगले महीने ईद की छुट्टियों के बाद की जाएगी। संभव है कि खान को रिहा नहीं किया जाए क्योंकि उन्हें अन्य मामलों में दोषी ठहराया गया है और उनमें आरोपों से मुक्त होने तक उन्हें रिहा नही किया जा सकता। इसी तरह, बुशरा बीबी को भी एक अन्य मामले में दोषी ठहराया गया है और हो सकता है कि उनकी सजा निलंबित होने के बाद भी उन्हें रिहा नहीं किया जाए। तोशाखाना भ्रष्टाचार मामले में, 71 वर्षीय खान पर पाकिस्तान के प्रधानमंत्री के तौर पर अपने कार्यकाल के दौरान मिले महंगे सरकारी उपहारों को अपने पास रखने का आरोप है।

तोशाखाना संबंधी नियमों के तहत सरकारी अधिकारी कीमत चुकाकर उपहार रख सकते है लेकिन पहले उपहार तोशाखाना में जमा किया जाना चाहिए। खान और उनकी पत्नी या तो उपहार जमा करने में विफल रहे या कथित तौर पर अपने अधिकार का उपयोग करके इसे कम कीमत पर हासिल किया। तीस जनवरी को सिफर मामले में 10 साल की सजा सुनाए जाने के एक दिन बाद तोशाखाना मामले में खान को दोषी ठहराया गया था। इससे पहले, उन्हें अगस्त 2023 में तोशाखाना के एक अलग मामले में भी दोषी ठहराया गया था। जिसके कारण उन्हें गिरफ्तार किया गया था।

## पाकिस्तान : सुप्रीम कोर्ट ने जजों के पत्र पर लिया स्वतः संज्ञान

■ इस्लामाबाद(आईएएनएस)।

पाकिस्तान के सुप्रीम कोर्ट ने इस्लामाबाद उच्च न्यायालय (आईएचसी) के छह मौजूदा न्यायाधीशों के पत्र से संबंधित मामले पर स्वतः संज्ञान लिया है। न्यायाधीशों ने देश की खुफिया एजेंसियों पर परेशान करने, धमकी देने, ब्लैकमेल करने और न्यायिक मामले तथा निर्णय लेने में हस्तक्षेप करने का आरोप लगाया गया है। पाकिस्तान में पूरे देश की कानूनी बिरादरी की ओर से मुख्य न्यायाधीश पर दबाव डालने के बाद सुप्रीम कोर्ट एक्शन में आया है।

■ जजों ने खुफिया एजेंसियों पर परेशान करने, धमकी देने, ब्लैकमेल करने और न्यायिक मामले में हस्तक्षेप करने का आरोप लगाया

सुप्रीम कोर्ट का यह फैसला कानूनी बिरादरी के 300 सदस्यों के आईएचसी के छह न्यायाधीशों के समर्थन में आने की घोषणा के बाद आया है। कानूनी बिरादरी ने उच्चतम न्यायालय से मामले पर तत्काल संज्ञान लेने का आह्वान किया था क्योंकि यह देश की खुफिया एजेंसियों द्वारा न्यायिक मामलों में हस्तक्षेप से संबंधित है। कानूनी बिरादरी ने कहा कि इस तरह के हस्तक्षेप संविधान के अनुच्छेद 184(3) के तहत स्पष्ट उल्लंघन हैं। कानूनी बिरादरी ने सुप्रीम कोर्ट के पूर्व मुख्य न्यायाधीश तसद्दक जिलानी के तहत एक सदस्यीय जांच आयोग के गठन को भी खारिज कर दिया और जोर देकर कहा कि मामले की गंभीरता और संवेदनशीलता अधिक महत्वपूर्ण है तथा पूर्व न्यायाधीश की अध्यक्षता वाले आयोग की बजाय मुख्य न्यायाधीश द्वारा स्वतः संज्ञान लेने की आवश्यकता है। पत्र में कहा गया है, मामले की संघीय सरकार के दायरे में की गई कोई भी जांच उन सिद्धांतों का उल्लंघन करती है जिनकी जांच रक्षा के लिए यह जांच की जानी है।

## गैरहाजिर आरोपी इसरार ने अदालत में किया आत्मसमर्पण

**लखनऊ।** प्रयागराज के चर्चित पूर्व बसपा विधायक राजूपाल हत्याकांड में 29 मार्च को सजा पर सुनवाई के समय गैरहाजिर इसरार अहमद ने सीबीआई की विशेष अदालत में आत्मसमर्पण कर दिया है।अदालत ने आरोपी को हिरासत में लेकर जेल भेजते हुए 4 अप्रैल को सजा के प्रश्न पर सुनने के लिए जेल से तलब किया है।

इसके पहले गत 29 मार्च को अदालत ने मामले के आरोपी आबिद, जावेद, रंजीत पाल, अब्दुल कवि, गुल हसन एवं फरहान को हत्या,हत्या के प्रयास एवं विधि विरुद्ध जमावड़ा करने के आरोप में उम्रकैद की सजा के साथ-साथ प्रत्येक को 1 लाख 90 हजार रुपए के जुमनि की सजा सुनाई थी।जबकि दोषसिद्ध आरोपी इसरार अहमद के अदालत में मौजूद न होने के कारण उसके खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी किया गया। सोमवार को आरोपी इसरार अहमद ने अपने अधिवक्ता के माध्यम से अदालत में आत्मसमर्पण किया।जिसे अभिरक्षा में लेने के बाद अदालत ने कहा है कि सजा के प्रश्न पर अभियुक्त को सुना जाना है।

■ राजू पाल हत्या काण्ड

पत्रावली के अनुसार 25 जनवरी 2005 को इलाहाबाद पश्चिम से बसपा विधायक राजू पाल की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। इस गोलाबारी में देवीपाल एवं संदीप यादव की भी मौत हो गई थी तथा दो लोग गंभीर रूप से घायल हुए थे। इस घटना की रिपोर्ट राजू पाल की पत्नी पूजा पाल ने थाना धूमनगंज में दर्ज कराई थी। जिसमें अतीक अहमद उसके भाई अशरफ उर्फ खालिद आदिम को भी नामजद किया गया था।

## जापान ने मून स्नाइपर लैंडर को किया निष्क्रिय

■ नई दिल्ली (आईएएनएस)।



जापान ने चंद्रमा पर दो रात जमने से बचे रहने वाले अपने 'स्मार्ट लैंडर फॉर इन्वेस्टिगेटिंग मून' (स्लिम) को एक बार फिर निष्क्रिय कर दिया है। देश की अंतरिक्ष एजेंसी जाक्सा ने सोमवार को यह जानकारी दी। स्लिम, जिसे जापानी में मून स्नाइपर भी कहा जाता है, 20 जनवरी को चंद्रमा की सतह पर उतरा था। इसकी लैंडिंग योजना के अनुसार लक्ष्य के 100 मीटर के भीतर हुई, हालांकि यह सिर के बल चंद्रमा की सतह पर उतरा। 'स्मार्ट लैंडर फॉर इन्वेस्टिगेटिंग मून' (स्लिम) के सौर पैनलों के सूर्य की ओर नहीं होने के कारण, लैंडर बिजली उत्पन्न नहीं कर पा रहा है।

■ अंतरिक्ष एजेंसी जाक्सा के अनुसार सौर पैनलों के सूर्य की ओर नहीं होने के कारण लैंडर नहीं उत्पन्न कर पा रहा है बिजली

मिशन के अधिकारी लैंडर के जम जाने और चंद्रमा की मुश्किल रातों का सामना करने में लैंडर के सक्षम नहीं होने को लेकर चिंतित थे। पृथ्वी के एकमात्र उपग्रह चंद्रमा पर तापमान शून्य से 130 डिग्री सेल्सियस नीचे तक लुढक जाता है। जाक्सा ने कहा, 200 किलोग्राम वजनी मानवरहित लैंडर सर्दियों में बच गया, हालांकि इसके कुछ तापमान सेंसर और अप्रयुक्त बैटरी सेल खराब होने लगे हैं। लैंडर ने पृथ्वी पर नई तस्वीरें भी भेजी हैं। जाक्सा ने बताया कि लैंडर ने अपना दूसरा रात्रि अभियान सफलतापूर्वक पूरा कर लिया है और उसे निष्क्रिय कर दिया गया है। जाक्सा ने सोमवार को एक्स पर एक पोस्ट में कहा, स्लिम ने 30 मार्च के शुरुआती घंटों में अपना दूसरा रात का ऑपरेशन पूरा किया और फिर से निष्क्रिय हो गया। इसमें कहा गया है, इस ऑपरेशन के दौरान, हमने मुख्य रूप से स्विच चालू करके और लोड देकर कई उपकरणों की स्थिति की जांच की। हालांकि एमबीसी के कुछ फंक्शनों में थोड़ी खराबी है, फिर भी यह काम करता है। हम इसकी स्थिति की सावधानीपूर्वक जांच कर रहे हैं। एमबीसी 'मल्टी-बैंड कैमरा' है जिसका उपयोग चंद्रमा के चट्टानों की जांच के लिए किया जाता है।

## पाक में आत्मघाती बम विस्फोट मामले में 12 संदिग्ध गिरफ्तार

■ इस्लामाबाद (एपी)।

पिछले सप्ताह पाकिस्तान के अशांत खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में आत्मघाती बम हमले में पांच चीनी नागरिकों और उनके पाकिस्तानी चालक की मौत के सिलसिले में 12 संदिग्धों को गिरफ्तार किया गया है। इनमें नमें हमले का 'मास्टरमाइंड' शामिल है। अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी।

'एक्सप्रेस ट्रिब्यून' की खबर के अनुसार खैबर पख्तूनख्वा आतंकवाद निरोधक विभाग (सीटीडी) ने हमले के मामले में जांच शुरू कर दी है और इसके लिए प्रतिबंधित तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान आतंकी समूह को जिम्मेदार ठहराया है। हालांकि किसी संगठन ने अभी तक आतंकवादी हमले की जिम्मेदारी नही ली है। हमला उस समय हुआ जब चीनी इंजीनियर इस्लामाबाद से दासू स्थित अपने शिविर लौट रहे थे। अधिकारियों ने इस संबंध में छापेमारी की और एक दर्जन से अधिक आतंकवादियों और हमले में मदद करने वालों को गिरफ्तार किया।

## मौलाना तौकीर कोर्ट में पेश न हुए तो संपत्ति होगी कुर्क

**बरेली।** जिला जज न्यायालय ने आईएमसी प्रमुख मौलाना तौकीर रजा को फरार घोषित करते हुए कोर्ट में पेश न होने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए पुलिस को अग्रिम कार्रवाई करने के आदेश सोमवार को दिए हैं। प्रमुख मौलाना तौकीर रजा खां के मामले में सोमवार को जिला जज की अदालत में सुनवाई की गई। परन्तु तौकीर रजा के पेश न होने पर कोर्ट ने घोर नाराजगी जताते हुए मौलाना को फरार घोषित कर दिया एवम पुलिस को आगे की कार्रवाई का आदेश दिया। वहीं इस मामले में अगली तारीख आठ अप्रैल तय की गई है। अगर मौलाना पेश नहीं होते है तो उनकी सारी संपत्ति कुर्क की जा सकती है। उक्त संबंध में डीजीसी सुनीति पाठक ने जानकारी दी है।

बता दें कि सन 2010 दंगे के मास्टरमाइंड मौलाना तौकीर रजा की गिरफ्तारी वारंट पर रोक लगाकर हाईकोर्ट ने उन्हें 27 मार्च तक ट्रायल कोर्ट में पेश होने का आदेश दिया था। फिर भी इसके मौलाना कोर्ट में हाजिर नहीं हुए। पेशी से एक दिन पूर्व दिल्ली अस्पताल में भर्ती हो गए। उन्होंने बीमारी का हवाला देकर अपने अधिवक्ता से अदालत में अर्जी लगवाई थी, जिसे कोर्ट ने लेने से इन्कार कर दिया। जब सोमवार को मौलाना कोर्ट में पेश नहीं हुए तो कोर्ट ने नाराजगी जताकर पुलिस को अग्रिम कार्रवाई का आदेश जारी किया है।


Entertainment News



## एक साथ पार्टी करती नजर आईं ऋतिक रोशन की एक्स वाइफ और गर्लफ्रेंड


**एक्टर** ऋतिक रोशन अपनी एक्स वाइफ सुजैन खान से अलग हो चुके हैं। ये एक्स कपल अपनी-अपनी लाइफ में आगे बढ़ गया है। एक तरह जहां सुजैन अर्सलान गोनी को डेट कर रही हैं। तो वहीं ऋतिक रोशन तलाक के बाद पिछले कुछ सालों से एक्ट्रेस और सिंगर सबा आजाद को डेट कर रहे हैं। अलग होने के बाद भी सुजैन और ऋतिक के बीच एक अच्छी दोस्ती है। दोनों आए दिन पार्टीज भी करते नजर आते हैं। इसी बीच सोशल मीडिया पर एक फोटो वायरल हो रही हैं, जिसमें ऋतिक की एक्स वाइफ और गर्लफ्रेंड एक साथ नजर पोज देते नजर आ रही हैं। सुजैन खान ने अपने इंस्टाग्राम पर एक्स हसबैंड ऋतिक रोशन की गर्लफ्रेंड सबा आजाद के साथ चिल करती नजर आ रही हैं। बता दें, ऋतिक और सुजैन ने अपने बेटे रेहान रोशन का 18वां जन्मदिन मनाया था। इसी पार्टी में सबा भी शामिल हुई थी। दोनों ने एक साथ काफी मौज मस्ती की थी। सुजैन और सबा की तस्वीर देखकर सोशल मीडिया पर यूजर्स काफी हैरान हो रहे हैं। एक यूजर ने लिखा- मूव ऑन हो तो ऐसा एक्स वाइफ और गर्लफ्रेंड दोस्त, दूसरे यूजर ने लिखा- वाह ऋतिक रोशन दोनों को देख काफी खुश हो रहे होंगे।

## टाइगर श्रॉफ ने अक्षय कुमार को बनाया अप्रैल फूल




**अप्रैल** फूल्स डे पर एक्टर टाइगर श्रॉफ ने अपने को-एक्टर अक्षय कुमार के साथ मजेदार प्रैंक किया, जिसका वीडियो उन्होंने इंस्टाग्राम पर शेयर किया है। वीडियो की शुरुआत में टाइगर सॉफ्ट ड्रिंक की बोतल को हिलाते हुए दिखाई दे रहे हैं और फिर वह गार्डन में खेलने चले जाते हैं। इस बीच अक्षय दौड़ते हुए खेल में शामिल होने के लिए आते हैं। अक्षय को देख टाइगर उन्हें पहले बोतल लाने के लिए कहते हैं। इसके बाद, टाइगर अक्षय को बोतल खोलने के लिए कहते हैं, जिससे ड्रिंक बोतल से बाहर निकलकर उनके ऊपर गिर जाती है। 34 वर्षीय एक्टर ने क्लिप को कैप्शन दिया, अप्रैल (फूल इमोजी) बड़े मियां (हंसते हुए इमोजी)। वर्कफ्रंट की बात करें तो, टाइगर और अक्षय फिल्म बड़े मियां छोटे मियां में एक साथ बड़े पर्दे दिखाई देने वाले हैं, जिसमें सोनाक्षी सिन्हा, अलाया एफ और मानुषी छिल्लर भी हैं। अली अब्बास जफर के निर्देशन में बनी इस फिल्म में पृथ्वीराज सुकुमारन ने खलनायक की भूमिका निभाई है। यह फिल्म 10 अप्रैल को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

## तमन्ना भाटिया ने साड़ी में जीता फैंस का दिलं



**बॉलीवुड** अभिनेत्री तमन्ना भाटिया ने हाल ही में अपनी बेबाक शैली दिखाते हुए तस्वीरों की एक श्रृंखला साझा की, जिससे नेटिजन्स आश्चर्यचकित हो गए। अभिनेत्री ने अपने इंस्टाग्राम पर पन्ना हरे रंग की साड़ी में कुछ तस्वीरें साझा कीं, जिसे उन्होंने सुनहरे डिजाइन वाले खूबसूरत कढ़ाई वाले ब्लाउज के साथ जोड़ा था। अपने आकर्षण को बढ़ाते हुए, तमन्ना ने शानदार सोने की बालियां और न्यूनतम मेकअप के साथ आकर्षक आभा बिखेरी। उन्होंने पोस्ट को कैप्शन दिया, ग्रीन फ्लैग एनर्जी। जैसे ही अभिनेत्री ने तस्वीरें पोस्ट कीं, प्रशंसकों ने टिप्पणी अनुभाग में चिल्लाना शुरू कर दिया। एक यूजर ने लिखा, क्वीन इन ग्रीन।

Bollywood Update



# देसी मुंडे को डेट करना पसंद है : कृति सेनन

**एक्ट्रेस** कृति सेनन को फिल्म क्रू के लिए काफी सरहाना मिल रही है। एक्ट्रेस ने खुलासा किया है कि उन्हें भारतीय लड़के क्यों पसंद हैं। एक्ट्रेस ने कहा कि उन्हें एक ऐसे लड़के की जरूरत है, जो थोड़ा देसी हो। एक्ट्रेस ने राज शमानी के साथ उनके पॉडकास्ट पर बात करते हुए कहा, अभी तक मैं किसी गोरे व्यक्ति की ओर आकर्षित नहीं हुई हूं, लेकिन मुझे कैनेडियन एक्टर रयान गोसलिंग बहुत आकर्षक लगते हैं। आप हॉट हो सकते हैं लेकिन मैं किसी ऐसे व्यक्ति के प्यार में नहीं पड़ी हूं जो भारतीय नहीं है। मैं ऐसे लड़के को डेट करना पसंद करूंगी जो थोड़ा देसी हो।

उन्होंने आगे कहा, ऐसा इसलिए है क्योंकि मैं बहुत देसी हूं, मुझे चाहिए कि पार्टनर कम से कम हिंदी समझे। मेरे मुंह से हिंदी निकलने वाली है, मैं हमेशा इंग्लिश में बात नहीं कर सकती। मैं इंग्लिश गानों पर ज्यादा देर तक डांस नहीं कर सकती, मैं हिंदी गाने और पंजाबी गाने प्ले करना पसंद करती हूं।

## जब तब्बू की इस फिल्म को बनने में लग गए पूरे 8 साल

**तब्बू** की फिल्म क्रू हाल ही में रिलीज हुई है जिसमें करीना कपूर खान का लीड रोल है। फिल्म में तब्बू के रोल की खूब चर्चा भी हो रही है। एक्ट्रेस को इंडस्ट्री में इतना लंबा वक्त हो चुका है। एक्ट्रेस आज भी अपने क्रॉफ्ट का खास खयाल रखती हैं और फिल्मों का सेलेक्शन भी बहुत सोच-समझकर करती हैं। तब्बू के करियर की शुरुआत में उन्हें लेकर बोनी कपूर ने एक फिल्म बनाई थी। इसमें उन्होंने अपने छोटे भाई संजय कपूर को तब्बू के अपोजिट साइन किया था। लेकिन फिल्म को बनने में काफी समय लग गया।

**तब्बू को हुआ प्यार**

बॉलीवुड इंडस्ट्री में कई सारे स्टार्स ऐसे हैं जो 50 साल की उम्र पार कर चुके हैं लेकिन अपने जीवन में अभी तक कुंआरे हैं। इसमें एक नाम तब्बू का भी है। लेकिन ऐसा नहीं है कि तब्बू को कभी प्यार नहीं हुआ। आज से 3 दशक पहले तब्बू भी अपने को-स्टार संजय कपूर के प्यार में पड़ गई थीं। सब कुछ ठीक चल रहा था लेकिन फिर न जाने क्या हुआ कि दोनों अलग हो गए। अबतक दोनों के अलगाव की वजह का खुलासा नहीं हो सका है। फिल्म की बात करें तो संजय कपूर के करियर की ये शुरुआती फिल्मों में से एक थी और तब्बू भी उस दौरान नई-नई थीं। फिल्म को कुछ खास रिस्पॉन्स नहीं मिला और ये फिल्म बॉक्स ऑफिस पर पिट गई थी।



## ना वीएफएक्स,जब 30 फुट से लगाई थी अमिताभ बच्चन ने छलांग

**बॉलीवुड** महानायक अमिताभ बच्चन काफी लंबे समय से फिल्म इंडस्ट्री से जुड़े हुए हैं। वह तब से सिनेमा में काम कर रहे हैं, जब एक्टर्स को आसानी और सुरक्षा के साथ एक्शन सीक्वेंस करने में मदद करने के लिए कोई बॉडी डबल या उपकरण नहीं थे। हाल ही में बिग बी ने उन दिनों को याद किया और शेयर किया कि कैसे वह एक चट्टान से कूदे थे। इस दौरान कोई हार्नेस या बॉडी डबल नहीं था और उन्हें मैटरेस पर लैंड करना था। आपको बता दें कि 1969 में सात हिंदुस्तानी से अभिनय की शुरुआत करने वाले अमिताभ बच्चन को इंडस्ट्री में कई दशक हो गए हैं। उन्होंने 200 से ज्यादा फिल्मों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले महानायक ने जंजीर, शोले, अमर अकबर एंथोनी, डॉन, मिस्टर नटवरलाल, दीवार और कई एक्शन फिल्मों में काम किया है। अपने लेटेस्ट इंस्टाग्राम पोस्ट के जरिये बॉलीवुड के शहंशाह ने फिल्मों के लिए एक्शन दृश्यों की शूटिंग के दौरान अपनी जान जोखिम में डालने को याद किया। अमिताभ बच्चन ने इंस्टाग्राम पर अपनी एक फिल्म की मोनोक्रॉम फोटो शेयर की, जिसमें वह एक चट्टान से कूदते हुए नजर आ रहे हैं।







## प्रेग्नेंसी को लेकर सुनील शेट्टी ने किया खुलासा

**बॉलीवुड** एक्टर सुनील शेट्टी की बेटी अथिया शेट्टी ने पिछले साल 2023 में भारतीय क्रिकेटर केएल राहुल से शादी की थी। दोनों की शादी को 23 जनवरी को पूरा एक साल हो चुका है। अब खबर आ रही ह कि कपल जल्द ही फैंस को गुड न्यूज देने वाला है। दरअसल, अथिया शेट्टी के पिता सुनील शेट्टी ने हाल ही में रियलिटी शो डांस दीवाने में इस बात को लेकर हिंट दिया है कि जल्द ही केएल राहुल और अथिया माता-पिता बनने वाले हैं। एक्टर का ये वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। आइए जानते हैं कि एपिसोड के दौरान क्या हुआ।

दरअसल, शो रियलिटी शो डांस दीवाने में माधुरी दीक्षित के साथ सुनील शेट्टी जज की भूमिका निभा रहे हैं। इस एपिसोड के दौरान भारती सिंह ने एक्टर से खूब मजाक किया। उन्होंने सुनील शेट्टी से पूछा कि जब वह नाना बनेंगे तो फिर कैसा व्यवहार करेंगे। इसके जवाब में एक्टर ने कुछ ऐसा कह दिया जिसकी हर तरफ चर्चा हो रही है। सुनील शेट्टी ने भारती सिंह को जवाब देते हुए कहा, हां, अगले सीजन में जब मैं आऊंगा तो नाना की तरह स्टेज पर चलूंगा। अब एक्टर का ये बयान काफी चर्चा में है। सोशल मीडिया पर फैंस कयास लगा रहे हैं कि अथिया शेट्टी प्रेग्नेंट हैं। हालांकि कपल ने अब तक इस बयान पर कोई रिएक्शननहीं दिया।वह ज्यादातर अपनी पर्सनल लाइफ कोप्राइवेटरखना पसंद करते हैं।

## बोनी कपूर ने लगा दी बेटी जाह्नवी और शिखर पहाड़िया के रिश्ते पर मुहर

**बॉलीवुड** एक्ट्रेस जान्हवी कपूर और बिजनेसमैन शिखर पहाड़िया के रिलेशनशिप को लेकर खबरें सामने आती रहती हैं। अक्सर दोनों को एक साथ वेकेशन, मंदिर और घूमते-फिरते स्पॉट किया जाता है। कुछ वक्त पहले करण जौहर के शो कॉफी विद करण में जान्हवी कपूर ने शिखर पहाड़िया के साथ रिश्ते को लेकर हिंट दिया था। और अब जान्हवी के पिता बोनी कपूर ने इन दोनों के रिश्ते पर मुहर लगा दी है?

बोनी कपूर ने हाल ही में मीडिया को दिए इंटरव्यू में शिखर पहाड़िया के साथ अपने मजबूत बॉन्ड, विश्वास और स्नेह के बारे में बात की। उन्होंने खुलासा किया कि वह शिखर पहाड़िया को अपनी जिंदगी के परमानेंट हिस्से के रूप में देखते हैं। बोनी कपूर ने कहा, वह तस्वीरें क्लिक नहीं करवाना चाहते। मैं इसकी वजह नहीं जानता। शायद वह बस मुझे ही लाइमलाइट में रखना चाहते हैं

इसलिए वह पीछे रहते हैं। वर्ना हेडलाइन्स सिर्फ बोनी ना होकर शिखर और बोनी होती। उन्होंने आगे कहा, मैं उन्हें प्यार करता हूं। कुछ साल पहले तक, जब वह जान्हवी के साथ नहीं थे, लेकिन मैं तब भी उनके साथ फ्रेंडली था। बेटी जान्हवी के रिलेशनशिप पर बात करते हुए बोनी कपूर ने आगे कहा, मुझे यकीन था कि वह जान्हवी के लिए कभी एक्स नहीं होंगे। वह हमेशा आसपास रहेंग

**एक साथ अक्सर होते हैं स्पॉट** बता दें कि कॉफी विद करण में जब शो के होस्ट करण जौहर ने रैपिड फायर राउंड के दौरान जान्हवी कपूर से उनके फोन के स्पीड डायल के तीन नंबरों के बारे में पूछा तो एक्ट्रेस ने अपने पिता बोनी कपूर, बहन खुशी कपूर और शिक्खू का नाम लिया था। इसके बाद से दोनों को सार्वजनिक तौर पर एक साथ देखा गया।

उनके जान्हवी के साथ अक्सर तिरुपति बालाजी के दर्शनों के लिए भी जाते देखा गया।



**खबर संक्षेप**

## महिंद्रा की बिक्री मार्च में चार प्रतिशत बढ़ी



**नई दिल्ली।** घरेलू वाहन विनिर्माता महिंद्रा एंड महिंद्रा की मार्च में कुल बिक्री चार प्रतिशत बढ़कर 68,413 इकाई हो गई। कंपनी ने सोमवार को फरवरी के बिक्री आंकड़े जारी करते हुए कहा कि एक साल पहले की समान अवधि में उसने 66,041 इकाइयों की बिक्री की थी।

## हुंडई की बिक्री बढ़कर 7,77,876 इकाई रही




**नई दिल्ली।** देश की दूसरी बड़ी वाहन विनिर्माता कंपनी हुंडई मोटर इंडिया की कुल बिक्री मार्च में सालाना आधार पर सात प्रतिशत बढ़कर 65,601 इकाई रही। कंपनी ने मार्च 2023 में 61,500 वाहन बेचे थे। हुंडई मोटर इंडिया लिमिटेड ने मंगलवार को बिक्री आंकड़े जारी किए। वाहनों की घरेलू थोक बिक्री पिछले महीने पांच प्रतिशत बढ़कर 53,001 इकाई रही।

## मारुति की कुल बिक्री में 10 फीसदी का इजाफा




**नई दिल्ली।** मारुति सुजुकी इंडिया (एमएसआई) की कुल बिक्री इस साल मार्च में 10 प्रतिशत बढ़कर 1,87,196 इकाई हो गयी। पिछले साल इसी महीने में कंपनी ने 1,70,071 वाहन बेचे थे। मारुति सुजुकी इंडिया ने बयान में कहा कि वित्त वर्ष 2023-24 में कंपनी ने 17,93,644 इकाइयों की उच्चतम वार्षिक घरेलू बिक्री दर्ज की।

## टाटा मोटर्स की घरेलू बिक्री दो फीसदी बढ़ी



**नई दिल्ली।** टाटा मोटर्स की मार्च में कुल घरेलू थोक बिक्री दो प्रतिशत बढ़कर 90,822 इकाई रही। एक साल पहले समान महीने में कंपनी ने घरेलू बाजार में 89,351 बेचे थे। घरेलू बाजार में इलेक्ट्रिक वाहनों सहित यात्री वाहनों की बिक्री मार्च में 50,297 इकाई रही। यह पिछले साल की समान अवधि की 44,225 इकाई से यह 14 प्रतिशत अधिक है।

## एमजी मोटर इंडिया की बिक्री 23 प्रतिशत घटी



**नई दिल्ली।** एमजी मोटर इंडिया की मार्च में खुदरा बिक्री सालाना आधार पर 23 प्रतिशत घटकर 4,648 इकाई रह गई। मोटर वाहन विनिर्माता ने मार्च 2023 में 6,051 इकाइयों की बिक्री की थी। बयान के अनुसार, वित्त वर्ष 2023-24 में कंपनी की बिक्री सालाना आधार पर करीब 14 प्रतिशत बढ़ी।

## टोयोटा ने मार्च में अब तक की सर्वाधिक मासिक बिक्री




**नई दिल्ली।** वाहन विनिर्माता टोयोटा किर्लोस्कर मोटर ने मार्च में 27,180 इकाइयों की बिक्री के साथ अब तक की सर्वाधिक मासिक थोक बिक्री दर्ज की है। आपूर्ति पिछले महीने 25 प्रतिशत बढ़कर 22,910 इकाई हो गई। एक साल पहले की समान अवधि में उसने 21,783 वाहनों की बिक्री की थी। 2023-24 के लिए कंपनी ने 2,63,512 इकाइयों की अब तक की सर्वाधिक थोक बिक्री दर्ज की, जो 2022-23 में 1,77,683 इकाइयों की तुलना में 48 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाता है।

# गडकरी की प्रतिज्ञा, रोड से हटा देंगे 36 करोड़ पेट्रोल-डीजल वाहन

एजेंसी ▸▸| नागपुर

केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने भारत को हरित अर्थव्यवस्था बनाने के लिए देश में हाइब्रिड वाहनों पर माल एवं सेवा कर (जीएसटी) कम करने की वकालत की है। इसके साथ ही उन्होंने देश को 36 करोड़ से अधिक पेट्रोल और डीजल वाहनों से पूरी तरह मुक्त बनाने का संकल्प किया है।

- भारत ईंधन आयात पर 16 लाख करोड़ रुपए खर्च करता है

यह पूछे जाने पर कि क्या भारत को पेट्रोल और डीजल वाहनों से पूरी तरह मुक्त कराना संभव है। केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री ने कहा, '100 प्रतिशत।' गडकरी ने कहा, 'यह मुश्किल है, नामुमकिन नहीं। यह मेरा विचार है। उन्होंने कहा कि भारत ईंधन आयात पर 16 लाख करोड़ रुपए खर्च करता है।

### केंद्रीय मंत्री हाइब्रिड कारों पर जीएसटी में कमी चाहते हैं

#### हाइब्रिड पर पांच व फ्लेक्स पर 12 फीसदी हो जीएसटी

मंत्री ने कहा कि हाइबिड वाहनों पर जीएसटी घटाकर पांच प्रतिशत और फ्लेक्स इंजन पर 12 प्रतिशत करने का प्रस्ताव वित्त मंत्रालय को भेजा गया है, जो इसपर विचार कर रहा है। उन्होंने कहा कि उनका दृढ़ विश्वास है कि देश जैव ईंधन के उपयोग को बढ़ावा देकर ईंधन आयात को समाप्त कर सकता है।





*हम जीवाश्म ईंधन ऊर्जा प्रणाली पर अधिक निर्भर : ग्रीनपीस इंडिया के प्रचारक अविनाश चंचल ने कहा, 'भारत में हम अब भी इलेक्ट्रिक वाहनों को चलाने के लिए जीवाश्म ईंधन-आधारित ऊर्जा प्रणाली पर बहुत अधिक निर्भर हैं। इसे बदलने की जरूरत है। जलवायु संकट से निपटने के लिए इलेक्ट्रिक वाहनों के साथ-साथ 100 प्रतिशत नवीकरणीय ऊर्जा सुनिश्चित करने की तत्काल जरूरत है।'*

#### लक्ष्य को पूरा करने कोई समयसीमा तय नहीं

मंत्री ने कहा कि इस पैसे का इस्तेमाल किसानों के जीवन को बेहतर बनाने के लिए किया जाएगा, गांव समृद्ध होंगे और युवाओं को रोजगार मिलेगा। गडकरी ने इस महत्वाकांक्षी लक्ष्य को पूरा करने के लिए कोई समयसीमा नहीं दी, जिसे हरित ऊर्जा के समर्थक भी बेहद कठिन मानते हैं।

#### पांच से सात साल में चीजें बदल जाएगी

गडकरी ने कहा कि वह 2004 से वैकल्पिक ईंधन की वकालत कर रहे हैं और उन्हें भरोसा है कि आने वाले पांच से सात साल में चीजें बदल जाएंगी। मंत्री ने कहा, 'मैं आपको इस बदलाव के लिए कोई तारीख और साल नहीं बता सकता क्योंकि यह बहुत कठिन है। यह मुश्किल है, नामुमकिन नहीं।'

#### आने वाला युग वैकल्पिक ईंधन का होगा

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि उनका दृढ़ विश्वास है कि जिस गति से इलेक्ट्रिक वाहन पेश किए जा रहे हैं, आने वाला युग वैकल्पिक तथा जैव ईंधन का होगा और यह सपना सच होगा। गडकरी ने कहा कि बजाज, टीवीएस और हीरो जैसी मोटर वाहन कंपनियां भी फ्लेक्स इंजन का इस्तेमाल करके मोटरसाइकिल बनाने की योजना बना रही हैं।

### रिजर्व बैंक के 90 साल पूर्ण होने पर बोले मोदी

# भारत को अगले 10 साल में आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनने की जरूरतः प्रधानमंत्री

एजेंसी ▸▸| मुंबई

*प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को कहा कि भारत को अगले 10 वर्षों में आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनने की जरूरत है, ताकि राष्ट्र वैश्विक कारकों से ज्यादा प्रभावित न हो। रिजर्व बैंक के 90 साल पूरे होने के मौके पर आयोजित कार्यक्रम में प्रधानमंत्री ने कहा कि जून में तीसरी बार राजग के सत्ता में आने पर हर किसी के लिए ढेर सारे काम सृजित होंगे।*

मोदी ने कहा कि बैंकिंग क्षेत्र फायदे में आ गया है और पिछले दशक में उनकी सरकार और आरबीआई द्वारा किए गए प्रयासों के कारण ऋण वृद्धि बढ़ रही है। उन्होंने आगे कहा कि सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों की सकल गैर-निष्पादित आस्तियां (एनपीए), जो 2018 में लगभग 11.25 प्रतिशत थीं, सितंबर, 2023 तक घटकर तीन प्रतिशत से कम पर आ गईं।

#### ट्विन बैलेंस शीट की समस्य खत्म

मोदी ने कहा कि 'ट्विन बैलेंस शीट' (बैंकों और कंपनियों के बही-खाते के स्तर पर समस्या) की समस्या अब अतीत की बात हो गई है और बैंक अब ऋण में 15 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज कर रहे हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि आरबीआई ने इन सभी उपलब्धियों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

#### आरबीआई के उपलब्धियों की सराहना

पीएम ने बैंकिंग क्षेत्र में नियम-आधारित अनुशासन और राजकोषीय रूप से विवेकपूर्ण नीतियों को लागू करने में आरबीआई की उपलब्धि की सराहना की और बैंकों को सरकार के समर्थन का आश्वासन दिया। मोदी ने मुद्रास्फीति को नियंत्रित करने के कदम उठाने के लिए आरबीआई की मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की सराहना भी की।

- राष्ट्र वैश्विक कारकों से ज्यादा प्रभावित न हो
- अब देश का बैंकिंग क्षेत्र फायदे में आ गया
- पीएसयू बैंकों का एनपीए घटकर तीन फीसदी पर आया



#### स्मारक सिक्का जारी

*मोदी ने कहा कि भारतीय अर्थव्यवस्था ऐसे समय में नए रिकॉर्ड बना रही है, जब दुनिया के कई देश अब भी महामारी के आर्थिक झटके से उबरने की कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने दुनियाभर में रुपये को अधिक सुलभ और स्वीकार्य बनाने के प्रयासों पर जोर दिया। प्रधानमंत्री ने आरबीआई के 90 साल पूरे होने पर एक स्मारक सिक्का भी जारी किया।*

#### आरबीआई को सर्वोच्च प्राथमिकता देना होगा

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) की वृद्धि को सर्वोच्च प्राथमिकता देनी होगी और साथ ही भरोसे और स्थिरता पर भी ध्यान देना होगा। उन्होंने कहा कि अगला दशक विकसित भारत के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए उतना ही महत्वपूर्ण है, जितना यह आरबीआई के लिए है, जो 2035 में अपने 100 साल पूरे करेगा।

#### आरबीआई की प्राथमिकता मुद्रास्फीति को काबू में रखना

मोदी ने कहा कि आरबीआई को विश्वास और स्थिरता पर ध्यान देने के साथ ही तेज वृद्धि को अपनी सर्वोच्च प्राथमिकता देनी चाहिए। आरबीआई का प्राथमिक लक्ष्य 2016 से मुद्रास्फीति को काबू में रखना बन गया है। अक्सर ब्याज दर में कटौती जैसे उपायों के जरिये वृद्धि पर अतिरिक्त ध्यान देने की वकालत की जाती है।

#### एमपीसी ने बहुत अच्छा काम किया

प्रधानमंत्री की यह टिप्पणी नये वित्त वर्ष की पहली मौद्रिक नीति समीक्षा से कुछ दिन पहले आई हैं। उन्होंने कहा कि छह सदस्यीय मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) ने पिछले कुछ वर्षों में बहुत अच्छा काम किया है। राजकोषीय सुदृढ़ीकरण और सक्रिय मूल्य निगरानी सहित सरकार के प्रयासों से भी मुद्रास्फीति को कम करने में मदद मिली।

## सोना 68,420 रुपए के नए रिकॉर्ड स्तर पर

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

अंतरराष्ट्रीय बाजारों में सोने की कीमतों में मजबूती के रुख के बीच राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में सोमवार को सोने का भाव 1,070 रुपये के उछाल के साथ 68,420 रुपये प्रति 10 ग्राम के सर्वकालिक उच्चस्तर पर पहुंच गया। ए च डी ए फ सी सिक्योरिटीज ने यह जानकारी दी। पिछले कारोबारी सत्र में सोना 67,350 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। चांदी की कीमत भी 1,120 रुपये की तेजी के साथ 78,570 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई। इससे पिछले कारोबारी सत्र में यह 77,450 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी।



- सोने में 1070 रुपए का उछाल
- चांदी में भी 1120 रुपए की तेजी

एचडीएफसी सिक्योरिटीज के शोध विश्लेषक दिलीप परमार ने कहा, 'सोने की कीमतें रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गई हैं क्योंकि अमेरिकी फेडरल रिजर्व ब्याज दरों में कटौती के करीब पहुंच रहा है जिससे सराफा कीमतों में बढ़ोतरी को रफ्तार मिल रही है।' 'इसके अतिरिक्त चीन की मजबूत मांग भी सोने की कीमतों में वृद्धि का कारण बन रही है।

#### पीएमआई और अमेरिकी आंकड़े होंगे जारी

बीएनपी पारिबा बाय शेयरखान में एसोसिएट उपाध्यक्ष बुनियादी मुद्रा एवं जिंस प्रवीण सिंह ने कहा, 'इसके अलावा, सोमवार को मैन्युफैक्चरिंग परचेजिंग मैनेजर इंडेक्स (पीएमआई) सहित प्रमुख अमेरिकी आंकड़े जारी किए जाएंगे, जो फेडरल रिजर्व की मौद्रिक नीति के दृष्टिकोण को आगे की दिशा प्रदान करेंगे।'

## जीएसटी संग्रह मार्च में 1.78 लाख करोड़ रुपए

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

बीते वित्त वर्ष 2023-24 के मार्च महीने में माल एवं सेवा कर (जीएसटी) संग्रह सालाना आधार पर 11.5 प्रतिशत बढ़कर 1.78 लाख करोड़ रुपये हो गया। वित्त मंत्रालय ने सोमवार को कहा कि घरेलू लेनदेन बढ़ने से मार्च में जीएसटी संग्रह बढ़ा है।

यह अबतक का दूसरा उच्चतम मासिक जीएसटी संग्रह है। अबतक का सर्वाधिक जीएसटी संग्रह अप्रैल, 2023 में 1.87 लाख करोड़ रुपये दर्ज किया गया था। मार्च में संग्रह बढ़ने के साथ समूचे वित्त वर्ष 2023-24 में कुल जीएसटी संग्रह 20.14 लाख करोड़ रुपये हो गया जो वित्त वर्ष 2022-23 की तुलना में 11.7 प्रतिशत अधिक है। इस वित्त वर्ष में औसत मासिक जीएसटी संग्रह 1.68 लाख करोड़ रुपये रहा, जो एक साल पहले 1.5 लाख करोड़ रुपये से अधिक था। वित्त मंत्रालय ने बयान में कहा, ''मार्च, 2024 के लिए सकल जीएसटी राजस्व में सालाना आधार पर 11.5 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 1.78 लाख करोड़ रुपये का दूसरा सबसे बड़ा संग्रह देखा गया।




- अब तक का दूसरा सबसे ऊंचा आंकड़ा
- संग्रह सालाना आधार पर 11.5 फीसदी बढ़ा

#### घरेलू लेनदेन में हुई बढ़ोतरी

घरेलू लेनदेन में 17.6 प्रतिशत की बढ़ोतरी होने से कर संग्रह में यह उछाल दर्ज किया गया। मार्च महीने में रिफंड के बाद शुद्ध जीएसटी राजस्व 1.65 लाख करोड़ रुपये रहा, जो एक साल पहले की समान अवधि की तुलना में 18.4 प्रतिशत अधिक है।

## एक अप्रैल से आयकर व्यवस्था में कोई नया बदलाव नहीं




**नई दिल्ली।** वित्त मंत्रालय ने सोमवार को कहा कि चालू वित्त वर्ष 2024-25 में लोगों के लिए नई आयकर व्यवस्था में कोई बदलाव नहीं है। व्यक्तिगत करदाता अपना आईटीआर दाखिल करते समय इस व्यवस्था से बाहर निकलने का विकल्प चुन सकते हैं। मंत्रालय ने यह स्पष्टीकरण सोशल मीडिया पर जारी उन सूचनाओं के बाद दिया जिसमें एक अप्रैल से प्रभावी नई कर व्यवस्था में कुछ बदलावों का दावा किया गया है। मंत्रालय ने कहा, 'एक अप्रैल 2024 से कोई नया बदलाव नहीं किया गया है।' एक अप्रैल 2023 से शुरू हुए वित्त वर्ष में लोगों के लिए एक संशोधित नई आयकर व्यवस्था लागू की गई थी, जिसके तहत कर दरें ''काफी कम'' हैं। उसमें पुरानी व्यवस्था की तरह विभिन्न छूट तथा कटौती (वेतन से 50,000 रुपये और पारिवारिक पेंशन से 15,000 रुपये की मानक कटौती के अलावा) का लाभ मौजूद नहीं है।

## एनटीपीसी ने 3,924 मेगावाट बिजली उत्पादन क्षमता जोड़ी

- कंपनी की कुल स्थापित क्षमता लगभग 76,000 मेगावाट हो गयी

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

सार्वजनिक क्षेत्र की बिजली कंपनी एनटीपीसी ने 2023-24 में 3,924 मेगावाट उत्पादन क्षमता जोड़ी। इसके साथ कंपनी की कुल स्थापित क्षमता लगभग 76,000 मेगावाट हो गयी है।

कंपनी ने सोमवार को बयान में कहा कि 3,924 मेगावाट क्षमता में बांग्लादेश में चालू दूसरी इकाई तथा अनुषंगी इकाइयों...एनटीपीसी ग्रीन एनर्जी लि. (एनजीईएल) और एनटीपीसी रिन्यूएबल एनर्जी लि. (एनआरईएल)...की पहली बार जोड़ी गयी क्षमताएं शामिल हैं। वित्त वर्ष में 3,924 मेगावाट की नई क्षमता के साथ देश की सबसे बड़ी बिजली कंपनी की संचयी रूप से स्थापित क्षमता लगभग 76,000 मेगावाट पर पहुंच गयी है। देश की सबसे बड़ी एकीकृत बिजली कंपनी एनटीपीसी देश में बिजली की कुल जरूरत का एक चौथाई हिस्सा पूरा करती है। इससे पहले, एनटीपीसी ने रविवार को कहा कि उसने वित्त वर्ष 2023-24 में 422 अरब यूनिट बिजली का उत्पादन किया।




### कच्चे इस्पात का उत्पादन बढ़कर 1.92 करोड़ टन पर...



**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र की इस्पात कंपनी सेल का वित्त वर्ष 2023-24 में कच्चे इस्पात का उत्पादन पांच प्रतिशत बढ़कर 1.92 करोड़ टन रहा। स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सेल) की ओर से जारी बयान के अनुसार, 31 मार्च को समाप्त वित्त वर्ष में इसका 'हॉट मेटल' का उत्पदान छह प्रतिशत बढ़कर 2.05 करोड़ टन रहा। वित्त वर्ष 2022-23 की तुलना में बिक्री योग्य इस्पात उत्पादन सात प्रतिशत की वृद्धि के साथ 1.84 करोड़ टन रहा। कंपनी ने इस वर्ष सालाना आधार पर पांच प्रतिशत अधिक 1.71 करोड़ टन की बिक्री दर्ज की। यह इसकी अबतक की सर्वाधिक बिक्री है। बयान के अनुसार, 'सेल के चेयरमैन अमरेंदु प्रकाश ने उत्कृष्ट प्रदर्शन का श्रेय इस्पात बाजार में बढ़ती मांग के साथ कंपनी के रणनीतिक तालमेल को दिया है। उन्होंने बदलती बाजार आवश्यकताओं के प्रति उत्तरदायी रहते हुए कंपनी की उत्पादन क्षमताओं को और बढ़ाने की सेल की प्रतिबद्धता पर जोर दिया।'

## छत्तीसगढ़ के सबसे बड़े वाटर पार्क एमएम फन सिटी के पूर्ण हुए 14 साल



**रायपुर।** गोढ़ी बकतरा रोड स्थित एमएम फन सिटी वाटर पार्क ने अपने 14वां वर्ष पूर्ण कर लिए है। अब एमएम फन सिटी 15वें वर्ष में प्रवेश करने जा रहा हैं। तब से लेकर अब तक एमएम फन सिटी वाटर पार्क छत्तीसगढ़ का सबसे बड़ा वॉटर पार्क बना हुआ है। एमएम फन सिटी की स्थापना 2010 में हुई थी तब से एमएम फन सिटी राजधानी रायपुर सहित पूरे प्रदेशवासियों के लिए मनोरंजन का केंद्र बना हुआ हैं। ये वाटर कम फन एम्यूजमेंट पार्क सबसे पसंदीदा मनोरंजन स्थलों में से एक है। जो परिवार और दोस्तों के साथ आनंद लेने के लिए एक मजेदार जगह है। एमएम फन सिटी के संचालक राजेश थोरानी ने बताया कि हमारा वाटर पार्क अपने विभिन्न वाटर स्लाइड्स, रेन डांस, किड्स जोन, वेव पूल, फैमली पूल के जाना जाता हैं। यहां मौजूद वाटर राइड्स का क्लस्टर विभिन्न आकृतियों और मॉडलो के साथ बना हुआ हैं, जो आपकी राइड्स को और मजेदार बना देगा। यहां अन्य लोकप्रिय स्पॉट जैसे बैंक्वेट, रेस्तरां और लॉन हैं। यहां आपके और आपके परिवार के लिए आराम करने की सुविधा है। एयर कंडीशन डीलक्स रुम (सुईट) और लगभग 200 लोगों के लिए बैंक्वेट हॉल है। यही सभी प्रकार की पार्टी जैसे कारपोरेट पार्टी, बर्थडे पार्टी, मैरिज लॉन, किटी पार्टी, गेट-टू-गेदर आदि के लिए हराभरा लॉन है।

- वाटर स्लाइडर, फैमिली पूल, वेव पूल, डीजे विथ रेन डांस के साथ स्वादिष्ट फूड का मजा

### केवाईसी की डेडलाइन 31 मार्च को खत्म हो गई

# डेडलाइन खत्म पर इन खातों में दोबारा केवाईसी की जरूरत नहीं

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली


म्यूचुअल फंड केवाईसी (केवाईसी) की डेडलाइन 31 मार्च को खत्म हो गई है, लेकिन इसके मौजूदा निवेशकों को थोड़ी राहत दी गई है। इसके तहत निवेशकों को अब अपने मौजूदा म्यूचुअल फंड खाते के लिए दोबारा केवाईसी दोबारा कराने की जरूरत नहीं है। ऐसे निवेश एसआईपी (एसआईपी) और अन्य योजनाओं में निवेश जारी रख सकते हैं।

- एसआईपी और अन्य योजनाओं में निवेश जारी रख सकते हैं

इससे पहले कहा गया था कि सभी म्यूचुअल फंड के निवेशकों के लिए 31 मार्च से पहले नई केवाईसी अनिवार्य थी। ऐसा न करने पर खाते निष्क्रिय हो जाएगा। इसके बाद हाल ही में केवाईसी रजिस्ट्रेशन एजेंसी सीडीएसएल ने नई सूचना जारी की, जिसमें कहा गया है कि सभी निवेशकों को अपने केवाईसी रिकॉर्ड को अपडेट करने की आवश्यकता नहीं है। यह केवल उन्हीं पर लागू होगा, जिनके नए म्यूचुअल फंड खुले हैं।

#### इनके लिए जरूरी नहीं

सीडीएसएल ने कहा है कि अगर आपका केवाईसी रिकॉर्ड निर्धारित आधिकारिक वैध दस्तावेजों का उपयोग करके सत्यापित हैं और आपका मोबाइल नंबर और ईमेल आईडी भी सत्यापित है, तो इस प्रक्रिया से गुजरने की कोई जरूरत नहीं है। यानी किसी निवेशक ने अपना मोबाइल नंबर और ईमेल आईडी सत्यापित कर लिया है और उनके द्वारा दिया गया पता प्रमाण दस्तावेज आज की तारीख में आधिकारिक तौर पर वैध दस्तावेजों की सूची में है, तो उन्हें फिर से केवाईसी कराने की जरूरत नहीं है।




#### ये दस्तावेज होंगे मान्य

आधिकारिक तौर पर वैध दस्तावेजों में आधार कार्ड, पासपोर्ट और मतदाता पहचान पत्र सहित अन्य शामिल हैं। बैंक स्टेटमेंट और बिजली-पानी जैसे यूटिलिटी बिल अब केवाईसी के लिए वैध नहीं माने जाएंगे। पहले इन बिलों को वैध मान लिया जाता था।

#### बंद नहीं होल्ड पर होगा खाता

इसके अलावा, सीडीएसएल ने कहा है कि म्यूचुअल फंड योजना में लेनदेन करते रहने के लिए निवेशकों के साथ 31 मार्च तक नई केवाईसी कराने की बाध्यता नहीं है। अगर कोई निवेशक नई केवाईसी नहीं करा पाता है, तब भी वह अपने म्यूचुअल फंड खाते में लेनदेन कर पाएगा। उसका खाता बंद (ब्लॉक) नहीं होगा बल्कि कुछ समय के लिए रोक (होल्ड) दिया जाएगा। जैसे ही निवेशक दोबारा केवाईसी कराएंगे, उनका म्यूचुअल फंड खाता शुरू कर दिया जाएगा।

## कॉमर्स में बेहतर भविष्य के लिए 'एक्सेल एजुकेशन इंस्टिट्यूट' बेहतर विकल्प

**रायपुर।** कॉमर्स में बेहतर भविष्य के लिए एक्सेल एजुकेशन इंस्टिट्यूट एक बेहतरीन परिणाम देने वाले संस्थान के रूप में स्थापित हो चुका है। एक्सेल एजुकेशन इंस्टिट्यूट में सीए, सीएस, सीएमए जैसे प्रोफेशनल कोर्स छात्रों के लिए उपलब्ध हैं। एक्सेल के डायरेक्टर सीए प्रवीण गोलछा ने बताया कि एक्सेल की स्थापना सन 2007 में की गई थी तब से लेकर आज तक सभी प्रोफेशनल कोर्सेज में 3 छात्रों ने पूरे भारत में प्रथम स्थान हासिल किया। 160 छात्रों ने पूरे भारतवर्ष में रैंक हासिल की और लगभग 15,500 छात्रों ने सफलता प्राप्त की। उन्होंने कहा कि इंस्टीट्यूट का पूरा परिसर सभी सुविधाओं से युक्त है जिससे बच्चों को बेहतर माहौल मिलता है, यहां के क्लास रूम और स्टडी रूम बहुत ही शानदार है।

यहां पढ़ाई करने वाले बच्चों का वीकली टेस्ट भी होता है जिससे बच्चों को खुद का आकलन करने का मौका मिलता है। साथ ही साथ फैकल्टियां भी हर बच्चे की परफॉर्मेंस पर नजर रहती है, हर बच्चे का डाउट क्लियर किया जाता है जिसके लिए छात्र कभी भी टीचर से मीटिंग कर सकता है। एक्सेल हाईटेक होने की वजह से बच्चे की हर गतिविधि की जानकारी पेरेंट्स को मिलती रहती है।

# ज्योति दिवस पर याद किए गए बाबूजी




**लखनऊ :** सहारा इंडिया परिवार के संस्थापक सहाराश्री श्री सुब्रत रॉय सहारा के पूजनीय 'बाबूजी' स्वर्गीय सुधीर चन्द्र रॉय की 111 वीं जयंती सोमवार को 'ज्योति दिवस' के रूप में मनाई गई। (1) सहारा शहर में ज्योति स्थल पर पूजनीय बाबूजी की प्रतिमा पर माल्यार्पण करतीं सहारा इंडिया परिवार की वाइस चेयरपर्सन श्रीमती स्वप्ना रॉय। (2) बाबूजी की प्रतिमा पर माल्यार्पण करते सहारा इंडिया परिवार के उपप्रबंध कार्यकर्ता श्री ओपी श्रीवास्तव। (3) **नोएडा** स्थित सहारा इंडिया कॉम्प्लेक्स में बाबूजी को पुष्पांजलि अर्पित करते सहारा इंडिया परिवार के उपप्रबंध कार्यकर्ता श्री जयब्रत रॉय। बाबूजी के साथ ही सहाराश्री की माताजी छबि रॉय की प्रतिमा पर भी श्रद्धासुमन अर्पित किए गए। सहारा शहर में अधिशासी निदेशक श्रीमती कुमकुम रॉयचौधरी, परिवार के वरिष्ठ सदस्य श्री सम्राट नियोगी, परिवार के वरिष्ठ सलाहकार श्री अनिल विक्रम सिंह, हेड मीडिया एंड इंटरटेनमेंट श्री सुमित रॉय के साथ परिवार के अन्य सदस्यों ने बाबूजी के श्री चरणों में श्रद्धासुमन अर्पित किए।

## टाइगर श्रॉफ ने अक्षय कुमार को बनाया अप्रैल फूल'



**मुंबई (आईएएनएस)।** अप्रैल फूल्स डे पर एक्टर टाइगर श्रॉफ ने अपने को-एक्टर अक्षय कुमार के साथ मजेदार प्रैंक किया, जिसका वीडियो उन्होंने इंस्टाग्राम पर शेयर किया है। वीडियो की शुरुआत में टाइगर सॉफ्ट ड्रिंक की बोतल को हिलाते हुए दिखाई दे रहे हैं और फिर वह गार्डन में खेलने चले जाते हैं। इस बीच अक्षय दौड़ते हुए खेल में शामिल होने के लिए आते हैं। अक्षय को देख टाइगर उन्हें पहले बोतल लाने के लिए कहते हैं। इसके बाद, टाइगर अक्षय को बोतल खोलने के लिए कहते हैं, जिससे ड्रिंक बोतल से बाहर निकलकर उनके ऊपर गिर जाती है। 34 वर्षीय एक्टर ने क्लिप को कैप्शन दिया, अप्रैल फूल बड़े मियां । वर्कफ्रंट की बात करें तो, टाइगर और अक्षय फिल्म 'बड़े मियां छोटे मियां' में एक साथ बड़े पर्दे दिखाई देने वाले हैं, जिसमें सोनाक्षी सिन्हा, अलाया एफ और मानुषी छिल्लर भी हैं। अली अब्बास जफर के निर्देशन में बनी इस फिल्म में पृथ्वीराज सुकुमारन ने खलनायक की भूमिका निभाई है। यह फिल्म 10 अप्रैल को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

## क्यों गुड्डू को पसंद थे अंडे, अली फजल ने किया खुलासा



**मुंबई (आईएएनएस)।** 'मिर्जापुर', 'फुकरे' फ्रेंचाइजी, 'खुफिया' और अन्य फिल्मों के अभिनेता अली फजल ने खुलासा किया कि हिट स्ट्रीमिंग सीरीज 'मिर्जापुर' में उनके किरदार को आखिर अंडे ज्यादा क्यों पसंद थे। एक्टर ने हाल ही में अपने इंस्टाग्राम स्टोरीज सेक्शन में हॉलीवुड एक्टर रॉबर्ट डी नीरो और मिकी राउरके स्टारर नियो-नोयर साइकोलॉजिकल हॉरर फिल्म 'एंजेल हार्ट' का एक वीडियो शेयर किया। वीडियो में डी नीरो और मिकी राउरके को बैठे हुए दिखाया गया है। इस दौरान डी नीरो अंडे छील रहे हैं। अली ने वीडियो पर लिखा, मेरे ऑल टाइम फेवरेट सीन्स में से यह एक है, गुडडू को अंडे इस सीन को देखने के बाद ज्यादा पसंद आए, अब अ ा ा अंदाजा लगाएं कि यह सीरीज में कौन सा पार्ट है। 'मिर्जापुर' में अली का किरदार गुड्डू बॉडी बिल्डर का है, जो हैवी प्रोटीन डाइट पर है। उसके लिए प्रोटीन का सबसे अच्छा सोर्स अंडे हैं। इस सीरीज में उनका अपराध की दुनिया में ग्राफ तब तक चढ़ता रहता है जब तक कि त्रिपाठी परिवार उनके छोटे भाई और उनकी पत्नी को मार नहीं देता। शो के दूसरे सीजन में, गुड्डू बदला लेने के लिए निकलता है और मुन्ना त्रिपाठी को मार डालता है, जो उसकी पत्नी और भाई की हत्या के लिए जिम्मेदार था।

## वंचित वर्गों के छात्रों में होता है अधिक आत्मविश्वास

**सिडनी (द कन्वरसेशन)।** शोध से पता चलता है कि जो छात्र स्कूल में सफल होने की अपनी क्षमता के बारे में आश्वस्त होते है, वे शैक्षणिक रूप से अधिक सफल होते है। शोधकर्ता इस आत्मविश्वास के पीछे के विचारों, कार्यों और भावनाओं को "(एकेडेमिक) शैक्षणिक एजेंसी" कहते है। मूलतः यह छात्रों की समझ के बारे में है कि क्या वे विशेष चीजें करने में सक्षम है जो उन्हें स्कूल में सफल होने में मदद करेंगी। इसमें अध्ययन में दृढ़ता, कठिन अनुभवों (जैसे परीक्षा के समय घबराहट) का सामना करना और स्कूल के नियमों का पालन करना शामिल हो सकता है। पिछले शोध में सुझाव दिया गया है कि निम्न सामाजिक-आर्थिक पृष्ठभूमि वाले छात्र विभिन्न कारणों से उच्च सामाजिक-आर्थिक पृष्ठभूमि वाले छात्रों की तुलना में स्कूल के बारे में कम आश्वस्त होते है। इन कारणों में घर पर कम संसाधन और प्रौद्योगिकी तक कम पहुंच शामिल है।



### नया अध्ययन :

छात्रों के आत्मविश्वास को मापने के लिए, न्यू साउथ वेल्स के 421 सरकारी स्कूलों के निम्न सामाजिक-आर्थिक पृष्ठभूमि वाले 20,000 से अधिक छात्रों को सर्वेक्षण में शामिल किया गया। इस अध्ययन ने शैक्षणिक आत्मविश्वास के पांच अलग-अलग संकेतकों को देखने में सक्षम बनाया जिनमें छात्रों की स्कूली कार्य में सक्षम होने की भावना, यह महसूस करना कि वे स्कूल का हिस्सा है, स्कूली कार्य में दृढ़ता, चुनौतियों से उबरने की क्षमता और स्कूल में उचित व्यवहार शामिल है। इन निष्कर्षों से पता चलता है कि निम्न सामाजिक-आर्थिक पृष्ठभूमि वाले छात्रों का एक हिस्सा है जो अपने शैक्षणिक आत्मविश्वास के मामले में संपन्न है।

- भावनात्मक समर्थन या छात्रों का यह सोचना कि शिक्षक उनकी सीखने और शैक्षणिक प्रगति में रुचि रखते है।
- अनुदेशात्मक प्रासंगिकता या छात्रों का यह सोचना कि शैक्षणिक सामग्री और कार्य सार्थक है।
- संगठन और स्पष्टता या छात्रों को स्पष्ट रूप से संगठित पाठ पढाया जाना।
- फीडबैक या छात्रों का यह सोचना कि उनके शिक्षण स्पष्ट निर्देश और उपयोगी फीडबैक देते है।
- कक्षा प्रबंधन या कक्षाओं में छात्रों को स्पष्ट नियमों और उम्मीदों के साथ पढ़ाया जाना।

**ये निष्कर्ष महत्वपूर्ण हैं क्योंकि वे दिखाते हैं कि बड़ी संख्या में निम्न सामाजिक-आर्थिक पृष्ठभूमि वाले छात्र आश्वस्त हैं। उनका सुझाव है कि शिक्षण सहायता इसमें एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है।**

## शिल्पा शेट्टी ने वर्कआउट का वीडियो किया शेयर



**मुंबई (आईएएनएस)।** एक्ट्रेस और फिटनेस फ्रीक शिल्पा शेट्टी ने अपने फैब कोर वर्कआउट की एक झलक शेयर की। शिल्पा ने एक्स पर अपनी जिम फ्रेंड के साथ वर्कआउट करते हुए एक वीडियो शेयर की, जिसमें दोनों एक-दूसरे को बैलेंस करते नजर आ रहे हैं। एक्ट्रेस ने वीडियो को शेयर करते हुए कैप्शन में लिखा, वीक का फर्स्ट डे और अप्रैल का मंडे। पहले ट्राई में इस वर्कआउट को पूरा करने का एहसास भी इसमें जुड़ा। यह उतना आसान नहीं है जितना लगता है, लेकिन यह एक फैब कोर वर्कआउट है। टॉप पर बैठे व्यक्ति को पाइक परफॉर्म करना चाहिए, जबकि नीचे वाले व्यक्ति को मजबूत चुस्त फॉर्म बनाए रखते हुए वेट सिट-अप करना चाहिए। यह मैंने अपनी जिम फ्रेंड यशमीन चौहान के साथ किया।

## अमिताभ की फिल्म शूटबाइट हो सकती है रिलीज!



**मुंबई (वार्ता)।** बॉलीवुड के महानायक अमिताभ बच्चन की 12 साल से अटकी फिल्म शूबाइट रिलीज हो सकती है।

निर्देशक शुजीत सरकार ने अमिताभ बच्चन को लेकर वर्ष 2012 में फिल्म शूबाइट बनाई थी। शूबाइट कई तरह के विवादों के चलते अबतक रिलीज नहीं हुई है। शूबाइट के बाद शुजीत सरकार ने अमिताभ को लेकर फिल्म पिंक, पीकू और गुलाबो सिताबो बनाई। शुजीत सरकार चाहते है कि फिल्म शूबाइट रिलीज हो। शुजीत सरकार ने कहा,शूबाइट फिल्म मेरे दिल के काफी करीब है। मै सभी को फिल्म शूबाइट दिखाना चाहता हूं कि इस फिल्म के लिए अमिताभ बच्चन ने किस तरह से अपना दिल और आत्मा निकालकर रख दी थी।

## मनीषा रानी का एयरपोर्ट लुक वायरल



**मुंबई (आईएएनएस)।** सेलिब्रिटी डांस रियलिटी शो 'झलक दिखला जा' सीजन 11 की विनर मनीषा रानी को सोमवार को मुंबई एयरपोर्ट पर स्पॉट किया गया। वह एक म्यूजिक वीडियो की शूटिंग के लिए चंडीगढ़ जा रही थी। एयरपोर्ट लुक की बात करें तो मनीषा ने व्हाइट क्रॉप टॉप, पेस्टल ब्लू क्रॉप जैकेट को वाइड लेग ब्लू डेनिम के साथ पेयर किया। उन्होंने अपने लंबे बालों को खुला रखा और सनग्लासेस के साथ लुक को पूरा किया।

## सैयामी खेर ने साइकिल-फ्रेंडली इंफ्रास्ट्रक्चर पर दिया जोर



**मुंबई (आईएएनएस)।** एक्ट्रेस सैयामी खेर ने इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट के बीच मुंबई में साइकिल चालकों की सुरक्षा के बारे में अपनी चिंता व्यक्त की है। एक्ट्रेस ने मेट्रो ट्रैक, फ्लाईओवर और तटीय सड़कों के निर्माण के चलते सिकुड़ती जा रही सड़कों से पैदा हुई चुनौतियों पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा, सुरक्षित सवारी के लिए बहुत कम जगह बची है। सैयामी ने कहा, दुर्घटनाओं और असुरक्षित वातावरण का सामना करने वाले साइकिल चालकों की संख्या बढ़ रही है। पूरे शहर में हर बड़ी और छोटी सड़क को खोद दिया गया है, जिससे साइकिल चालकों के लिए चलना मुश्किल हो गया है।

उन्होंने कहा, इससे न केवल असुविधा हो रही है और इस पर ध्यान दिया जाना चाहिए, बल्कि इसके कारण लोगों की मौत भी हुई है, ये वास्तव में चौंकाने वाला है। एक्ट्रेस ने कहा कि हर शहर में खुली हवा में फिटनेस ऑप्शन्स के लिए इंफ्रास्ट्रक्चर होना चाहिए, जिनमें से कई लोगों के लिए साइकिल चलाना एक अच्छा ऑप्शन है, और यह जानना कि यह खतरनाक हो सकता है, वास्तव में दुखद है। उन्होंने कहा, अधिकारियों को और बेहतर करने की जरूरत है, मौजूदा हालात को देखते हुए ।




## मधुमेह रोगियों में स्ट्रोक का खतरा बढ़ा सकता है हाई ब्लड प्रेशर

**नई दिल्ली (आईएएनएस)। चीनी शोधकर्ताओं ने एक स्टडी में पाया है कि हाई ब्लड प्रेशर वाले मधुमेह रोगियों को स्ट्रोक का खतरा हो सकता है। जर्नल डायबिटीज एंड मेटाबोलिक सिंड्रोम क्लिनिकल रिसर्च एंड रिव्यूज में प्रकाशित अध्ययन से पता चला है कि सिस्टोलिक ब्लड प्रेशर टाइप 2 मधुमेह के रोगियों में स्ट्रोक के जोखिम से सीधा जुड़ा हुआ है। चीन में सेंट्रल साउथ यूनिवर्सिटी की टीम ने कहा कि टाइप 2 मधुमेह वाले व्यक्तियों में ब्लड प्रेशर से स्ट्रोक का खतरा है और यह पूर्वानुमान लगाता है कि ब्लड प्रेशर का आकलन करने से स्ट्रोक के बारे में जानने में मदद मिलती। अध्ययन के लिए टीम ने 8,282 लोगों पर 6.36 साल तक रिसर्च की। परिणाम से पता चला कि ब्लड प्रेशर और नाड़ी दबाव ने स्वतंत्र रूप से स्ट्रोक का उच्च जोखिम दिखाया, यानि कि बीपी और स्ट्रोक के बीच एक मजबूत संबंध की पहचान की गई। मधुमेह और हाई ब्लड प्रेशर दोनों ही विश्व स्तर पर प्रमुख स्वास्थ्य चुनौतियां हैं। अध्ययन से पता चला है कि मधुमेह रोगियों में बाकी लोगों की तुलना में इस्केमिक स्ट्रोक का खतरा दो से चार गुना बढ़ जाता है। स्ट्रोक वाले मधुमेह रोगियों को लंबे समय तक अस्पताल में रहना पड़ सकता है, विकलांग हो सकते हैं और उनमें मृत्यु दर भी ज्यादा होती है। अध्ययन में कहा गया, दूसरी ओर, मधुमेह रोगियों में आम तौर पर पाया जाने वाला हाई ब्लड प्रेशर स्ट्रोक के लिए सबसे अधिक जोखिम का कारक है।**

**मधुमेह रोगियों में बाकी लोगों की तुलना में इस्केमिक स्ट्रोक का खतरा दो से चार गुना बढ़ जाता है। स्ट्रोक वाले मधुमेह रोगियों को लंबे समय तक अस्पताल में रहना पड़ सकता है, विकलांग हो सकते हैं और उनमें मृत्यु दर भी ज्यादा होती है।**

# पीजी कालेज में हुआ पूर्व शोध प्रबंध संगोष्ठी का आयोजन कुसुम यादव ने रखे विचार



प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। पी०जी० कालेज गाजीपुर में पूर्व शोध प्रबन्ध प्रस्तुत संगोष्ठी का आयोजन किया गया। यह संगोष्ठी महाविद्यालय के अनुसंधान एवं विकास प्रकोष्ठ तथा विभागीय शोध समिति के तत्वावधान में महाविद्यालय के सेमिनार हाल में सम्पन्न हुई, जिसमें महाविद्यालय के प्राध्यापक, शोधार्थी व छात्र- छात्राएं उपस्थित रहे। उक्त संगोष्ठी में कला संकाय के भूगोल विषय की शोधार्थिनी कुसुम यादव ने अपने शोध प्रबंध शीर्षक "जखनियाँ विकासखण्ड जनपद गाजीपुर, उ०प्र० में जनसंख्या गत्यात्मकता एवं परिवार कल्याणः एक भौगोलिक विश्लेषण नामक विषय पर शोध प्रबन्ध व उसकी विषय वस्तु प्रस्तुत करते हुए कहा कि जखनियाँ विकासखण्ड जनपद गाजीपुर का एक ग्रामीण जनसंख्या बहुल क्षेत्र है, जहाँ कृषि लोगों की आजीविका का सबसे महत्वपूर्ण आधार है। इस क्षेत्र में बढ़ती हुई जनसंख्या से अनेक सामाजिक-आर्थिक एवं पर्यावरणीय समस्याएँ उत्पन्न हो रही हैं जैसे बेरोजगारी, निर्धनता, अशिक्षा, पेय जल एवं आवास सुविधाओं का अभाव, स्वास्थ्य सम्बन्धी समस्याएँ, प्रति व्यक्ति कृषि भूमि की कमी, जल प्रदूषण, वायु प्रदूषण, मृदा प्रदूषण आदि। इन समस्याओं का समाधान अध्ययनित क्षेत्र में परिवार कल्याण के कार्यक्रमों को अपनाने के लिए लोगों को प्रेरित करके एवं जनसंख्या वृद्धि को नियंत्रित करके किया जा सकता है। इसमें शिक्षा की महत्वपूर्ण भूमिका हो सकती है। शोध अध्ययन से प्रकाश में आया है कि शिक्षित परिवार जहाँ स्वयं परिवार कल्याण के कार्यक्रमों को अपनाने तथा जनसंख्या को नियन्त्रित करने में सबसे अधिक तत्पर पाए गए वहीं अशिक्षित परिवार इसके प्रति उदासीन और अनभिज्ञ पाए गए और इनमें बच्चा पैदा करना ईश्वर या अल्लाह की देन मानने की मानसिकता पायी गयी। इस मानसिकता को परिवर्तित करने की आवश्यकता है। प्रस्तुतिकरण के बाद विभागीय शोध समिति, अनुसंधान एवं विकास प्रकोष्ठ व प्राध्यापकों तथा शोध छात्र-छात्राओं द्वारा शोध पर विभिन्न प्रकार के प्रश्न पूछे गए जिनका शोधार्थी ने संतुष्टिपूर्ण एवं उचित उत्तर दिया। तत्पश्चात विकास एवं अनुसंधान प्रकोष्ठ के चेयरमैन एवं महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफे० डॉ० राघवेन्द्र कुमार पाण्डेय ने शोध प्रबंध को विश्वविद्यालय में जमा करने की संस्तुति प्रदान किया। इस संगोष्ठी में महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफे० डॉ० राघवेन्द्र कुमार पाण्डेय, अनुसंधान एवं विकास प्रकोष्ठ के संयोजक प्रोफे० डॉ० जी० सिंह, मुख्य नियंता प्रोफेसर डॉ०एस० डी० सिंह परिहार, शोध निर्देशक डॉ०बासुदेव राम, भूगोल विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ० सुनील कुमार शाही, अनुसंधान एवं विकास प्रकोष्ठ के सदस्य प्रोफे डॉ० अरुण कुमार यादव, डॉ०के०के० पटेल, डॉ० नितिश कुमार भारद्वाज, डॉ० गौतमी जैसवारा, डॉ०अतुल कुमार सिंह, डॉ० अंजनी कुमार गौतम एवं महाविद्यालय के प्राध्यापकगण तथा शोध छात्र छात्राएं आदि उपस्थित रहे। अंत में डॉ० सुनील कुमार शाही ने सभी का आभार व्यक्त किया, संचालन अनुसंधान एवं विकास प्रोकोष्ठ के संयोजक प्रोफे० डॉ० जी० सिंह ने किया।

# कम्पोजिट पूर्व माध्यमिक विद्यालय के बच्चों को किया पुरस्कृत



प्रखर गोरखपुर। पुरस्कार वितरण समारोह कम्पोजिट पूर्व माध्यमिक विद्यालय टंडवा कला विकास खण्ड पाली में दिनांक 2 अप्रैल दिन मंगलवार को शैक्षिक सत्र 2023-24 के परीक्षा समाप्त होने के उपरांत कापियों के मूल्यांकन किया गया, जिसमें कक्षा में प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले बालक बालिकाओं को विद्यालय परिवार की तरफ से मेडल एवं शील्ड देकर के उनके उज्जवल भविष्य के लिए विद्या की आराध्य देवी मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप जलाकर श्रीमती शशि कला यादव आंगनबाड़ी एवं श्रीमती मधु सिंह ई0 प्रधानाधयपापिका के द्वारा। कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया मुख्य अतिथि के रूप में ग्राम पंचायत टड़वा कला के ग्राम प्रधान प्रतिनिधि श्री मनीष चंद्र यादव जी द्वारा बालक एवं बालिका को मेडल एवं शील्ड प्रदान कर पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम का संचालन श्री गणेश कुमार सहायक अध्यापक के द्वारा किया गया। कार्यक्रम में प्रियंका नायक, श्री दीप नारायण त्रिपाठी, श्री हंस कुमार भट्ट, श्रीमती नीलम यादव, श्रीमती सीमा यादव, एवं श्रीमती स्नेहलता यादव सहित विद्यालय परिवार के सभी। शिक्षक एवं शिक्षिकाये उपस्थिति रही। पुरस्कार प्राप्त करके बच्चों के चेहरे खुशी से खिल उठे।

# 95 बटालियन केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल ने 36वां स्थापना दिवस मनाया



प्रखर वाराणसी। किसी भी बटालियन के लिए उसका वार्षिकोत्सव अपना विशेष महत्त्व रखता है। 95 बटालियन सीआरपीएफ परिवार के लिए इस दिन का उतना ही महत्त्व है जितना कि किसी व्यक्ति के जन्मदिन का होता है। 95 बटालियन सीआरपीएफ की स्थापना दिवस होने के कारण प्रतिवर्ष एक अप्रैल को इसका स्थापना दिवस मनाया जाता है। 36 वे वार्षिकोत्सव के अवसर पर बटालियन के कमांडेंट श्री अनिल कुमार बृक्ष ने सर्व प्रथम शहीदों को श्रद्धांजलि दी तत्पशत क्वार्टर गार्ड पर विशेष गार्ड की सलामी ली और सभी कार्मिकों को बधाई दी एवम बटालियन के कार्यों को याद किया। इस अवसर पर वाहिनी मुख्यालय में विभिन्न खेलों का आयोजन किया गया। शाम के समय एक सांस्कृतिक संध्या का आयोजन किया गया जिसमे कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राकेश कुमार पुलिस उप महानिरीक्षक समूह केंद्र चंदौली थे। वाहिनी के जवानों ने विभिन्न प्रकार के लोकगीत और लोकनृत्य प्रस्तुत कर वातावरण में संगीत घोल दिया। इसके पश्चात बड़े खाने में सभी ने एक साथ भोजन किया। इस अवसर श्री अनिल कुमार सिंह सृजन सामाजिक विकास न्यास के अध्यक्ष, श्रीकांत मिश्रा प्रमुख अर्चक श्री काशी विश्वनाथ मंदिर, डॉ अजय तिवारी, अध्यक्ष नई सुबह संस्था, श्रीमती श्रुति जैन बहु बेटी संस्था, संत अतुलानंद के अध्यापक व बच्चे तथा वाहिनी के अधिकारी व जवान एवमं उनके परिवार सम्मिलित हुए।

# एसडीएम पिंडरा ने एक दर्जन बूथों का किया निरीक्षण



पिंडरा। एसडीएम पिंडरा ने मंगलवार को पिंडरा विस क्षेत्र के एक दर्जन बूथों का औचक निरीक्षण कर उपलब्ध सुविधाओं के निरीक्षण के साथ बीएलओ से मतदान प्रतिशत की स्थिति जानी और मतदान प्रतिशत बढ़ाने के उद्देश्य से मतदाताओं को जागरूक किया। एसडीएम प्रतिभा मिश्रा ने जगनारायण तिवारी इंटर कालेज साधोगंज पहुँची। वहां के बूथ के निरीक्षण के साथ मतदाताओं से मिलकर भयमुक्त होकर मतदान करने के लिए जागरूक किया। बताते चलें कि उक्त इंटर कालेज के बूथ संख्या 69, 70 व 71 ब्लनरेबल बूथ के रूप में चिंहित है। इसके बाद एसडीएम कुड़ी के बूथ न0 80, 81,82,83 व 84 का निरीक्षण किया। जहां बूथ व्यवस्था में कमी मिलने पर दुरुस्त करने का निर्देश दिया। उसके बाद कनियर, कुसुमरा , कुंभापुर व हरिपुर के बूथों का निरीक्षण कर बीएलओ से बात कर घर घर मतदाता पर्ची समय पर पहुचाने का निर्देश दिया। बूथों के निरीक्षण के दौरान छात्र छात्राओं से भी मतदान के महत्व व उसके उद्देश्य के बारे में जानकारी लेने के साथ मतदान के लिए परिजनों को उत्साहित करने की अपील की। इस दौरान नायब तहसीलदार राधेश्याम के अलावा बूथ से सम्बंधित सुपरवाइजर व बीएलओ उपस्थित रही।

# गौरैया के संरक्षण के लिए रजत सिनर्जी फाउंडेशन के सहयोग से ऑस्ट्रियन, वियाना के कलाकार जोसेफ बर्नहार्ट द्वारा बनाया गया प्राकृतिक स्वरूप में घोसला



प्रखर वाराणसी। गौरैया विश्व के लगभग सभी देशों में पाई जाने वाली पक्षियों की सबसे पुरानी प्रजाति है जो आज विलुप्त होने के कगार पर पहुंच गई है जैसे कि हम अपने कला, संस्कृति, संस्कार व परम्परा को संजोने के लिए प्रयत्नशील है ये गौरैयां भी हमारी संस्कृति का हिस्सा है जिसके संरक्षण की जरूरत है` मई 2023 में रजत सिनर्जी फाउंडेशन ने वादा किया था कि जल्द ही गौरैयाओं के संरक्षण के लिए प्राकृतिक स्वरूप में घोसलों की स्थापना की जाएगी आज फाउंडेशन द्वारा किये गये वादे को पूरा करते हुए सुखद अनुभूति हो रही है` उक्त बातें रजत सिनर्जी फाउंडेशन की डायरेक्टर प्रगति पाठक ने सामनेघाट स्थित राम छटपार शिल्प न्यास (कला संग्रहालय) में कही। अवसर था गौरैयाओं के संरक्षण के लिए रजत सिनर्जी फाउंडेशन के सहयोग से आस्ट्रियन कलाकार जोसेफ बर्नहार्ट द्वारा प्राकृतिक स्वरूप में घोसलों को मूर्त रूप देने का उन्होने कहा कि एक वक्त था जब हमारी नींद गौरैयाओं के कोलाहल से खुलती थी एक ऐसा पक्षी जों मनुष्य के आसपास रहना पसंद करती है जो आज अपने स्तित्व के लिए संघर्ष कर रही है जिस मानव समुदाय पर इस नन्ही चिड़िया ने भरोसा किया, उसी मानव समुदाय ने अपने भौतिक सुख के लिए गौरैयां को विलुप्त होने की राह पर ढकेल दिया है अगर हम अब भी नही चेते तो वह दिन दूर नही जब मानव जीवन का सबसे पुराना साथी और सहयोगी सिर्फ किताब के पन्नों,किस्से कहानी और तस्वीरों में ही नजर आएगी। इस मौके पर गौरैया के संरक्षण के लिए अग्रसर आस्ट्रियन कलाकार जोसेफ बर्नहार्ट ने बताया कि जब वे भारत आये तो प्रकृति पूजक देश भारत में भी मरती हुई गौरैयाओं के समाचार से सामना हुआ जिससे वे बहुत ही व्यथित हो गये और लोगों को जागरूक करने उद्देश्य से उन्होने बर्ड हाउस कलाकृति में लाल रंग का उपयोग किया है` राम छटपार शिल्प न्यास (कला संग्रहालय) के संस्थापक मदन लाल गुप्ता ने राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय कलाकारों का स्वागत करते हुए कहा कि मां गंगा के किनारे स्थित इस कला संग्रहालय में गौरैया के लिए भी एक कलात्मक संग्रहाल प्राकृतिक परिवेश में बनाया गया है जो गौरैयाओं के लिए प्राकृतिक स्वरूप में उनका घोसला है। सूच्य हो कि मां गंगा के पावन तट पर स्थित राम छटपार शिल्प न्यास (कला संग्रहालय) उत्तर प्रदेश का सबसे बड़ा निजी कला संग्रहालय है जहां कला के बहुआयामी अनुभव प्राप्त कर सकते है यह संग्रालय मन को शान्ति प्रदान करने के साथ कला की सार्थकता को पूरा करता है।

# ईद की तैयारी को देखते हुए कमेटी ने सौंपा नगर मजिस्ट्रेट को ज्ञापन



प्रखर जौनपुर। जिला मुख्यालय पर पहुंचकर शाही ईदगाह कमेटी के एक प्रतिनिधिमंडल ने नगर मजिस्ट्रेट को एक ज्ञापन दिया जिसमें कमेटी ने मांग की है कि आगामी चंद्र दर्शन के बाद 10 या 11 अप्रैल को ईद का त्योहार पड़ रहा है ,शाही ईदगाह में ईद की नमाज सुबह 9:00 बजे अदा की जाएगी जिसको हजरत मौलाना अब्दुल जाहीर खुसैमा मुल्ला टोला अदा कराएंगे, नमाज पढ़ने वालो के लिए रास्ता सुबह 7:00 बजे से चालू हो जाता है नमाजियों के रास्ते को देखते हुए हर साल की भांति इस साल भी कोतवाली चौराहे से शाही ईदगाह तक पहुंचने के लिए बीच-बीच में बहुत सी गालियां पड़ती हैं जैसे मखदूम शाह अढ़न की गली ,ताड़तल्ले की गली, हनुमान घाट की गली, बेनीराम की गली, और भी बहुत सी गालियां है जिसमें साफ सफाई चूना छिड़काव का कार्य हर साल होता रहा है और इस साल भी हो, नमाजियों की तादाद बहुत ज्यादा होती है उसको देखते हुए सुबह 7 से 9:00 बजे तक दो पहिया एवम् चार पहिया वाहन उक्त रास्तों पर प्रतिबंध किया जाए ताकि किसी प्रकार की परेशानी और कोई घटना ना हो। प्रतिनिधिमंडल में मुख्य रूप से मोहम्मद शोएब अच्छु खा ,नेयाज ताहिर शैखू, शमीम अहमद, रियाजुल हक ,मुमताज मंसूरी आदि उपस्थित रहे।

# बोलेरो व ई-रिक्शा में हुई जोरदार टक्कर, चार घायल



प्रखर पूर्वांचल महाराजगंज ब्यूरो। महराजगंज के बृजमनगंज थाना क्षेत्र नगर पंचायत बृजमनगंज दिन सोमवार दोपहर 11 बजे नरायनपुर धानी मार्ग पर तेज रफ्तार बोलेरो ने ई रिक्शा को आमने सामने जोरदार मारी टक्कर। रिक्शा मे सवार सभी यात्री पलट गए ई रिक्शा टुट कर बिखर गया ई रिक्शा ड्राइवर समेत चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। राहगीरों की मदद से घायलों को एम्बुलेंस से बृजमनगंज सीएससी ले जाया गया जहां उनका उपचार एव इलाज चल रहा है। घटना की सूचना पर बृजमनगंज पुलिस ए एस आई आलोक कुमार कांस्टेबल बलिराम यादव के साथ पहुंचे।घटना में दो महिलाएं एक बच्चा एवं चालक गंभीर रुप से घायल हो गए है जबकी बोलेरो चालक बोलेरो को छोड़ कर फरार हो गया । घायल चालक का नाम पांचू पुत्र धनराज निवासी अहिरौला बंगला चौराहा तथा घायल महिला का नाम सुधा पत्नी संतोष तथा 4 वर्ष का लड़का जिसका नाम अभय पुत्र संतोष है जो हरिजनपुर के निवासी हैं।घटना स्थल पहुंच पुलिस ने बोलेरो को अपने कब्जे लेकर थाने पर ले जाया गया है। पुलिस द्वारा घायलों से पुछताछ कर आगे की कार्यवाही मे जुटी।

## संक्षिप्त खबरें

### ट्रायल मोड पर रुकी बंदे भारत ट्रेन कौतूहल का केंद्र बना बृजमनगंज रेलवे स्टेशन



प्रखर पूर्वांचल महराजगंज ब्यूरो। जनपद महराजगंज के बृजमनगंज रेलवे स्टेशन पर गोरखपुर से बढ़नी तक बिना सवारी के ट्रायल मोड पर चली इंपटी कोचिंग रैक के रूप में बंदे भारत ट्रेन।आज पहली बार स्थानीय लोगों ने देखा बृजमनगंज स्टेशन पर खड़ी बंदे भारत ट्रेन।जिसे देखने के लिए उमड़ी भीड़ के खुशी का ठिकाना नहीं रहा जब आज पहली बार गोरखपुर से बढ़नी के लिए बंदे भारत कीECR(empty coching rack) का ट्रायल के तौर पर बृजमनगंज के प्लेटफार्म नंबर एक पर उक्त ट्रेन खड़ी हुई। ज्ञात हो कि इसके पहले इस रुट पर इस तरह की कोई सुपरफास्ट ट्रेन नही थी , जिससे यहां के स्थानीय लोगों को काफी असुविधा होती थी। और काफी समय बर्बाद हो जाता था।कुछ दिनों के बाद इस ट्रेन का परिचालन और आगे तक बढ़ा दिया जाएगा ।इस सबसे लोकप्रिय ट्रेन की सौगात पाकर क्षेत्रीय लोगों में खुशी की लहर दौड़ गई। जिससे लोगों की कम समय में सुरक्षित यात्रा का सपना साकार होता प्रतीत हो रहा है।

### अवैध रूप से चल रहे अल्ट्रासाउंड सेंटर सहित प्राइवेट अस्पतालों की हुई जांच

प्रखर महराजगंज/बृजमनगंज। संयुक्त निदेशक स्वास्थ्य डा ए के गर्ग ने सोमवार की दोपहर बृजमनगंज नगर पंचायत क्षेत्र में स्थित जीवन ज्योति अल्ट्रासाउंड सेंटर सहित क्षेत्र के बिभिन्न प्राइवेट अस्पतालों का निरीक्षण किया। जिससे अस्पताल संचालकों में हडकंप मच गया। संयुक्त निदेशक ने पहले कस्बें में चल रहे जीवन ज्योति अल्ट्रासाउंड सेंटर का निरीक्षण किया। जहां में रेडियोलॉजिस्ट डाक्टर उपस्थित नही मिले। सेंटर संचालक को चेतावनी जारी कर जवाब मांगा गया।उसके नगर पंचायत में चल रहे नेशनल एक्सरे सेंटर का भी निरीक्षण किया। यहां भी एक्सरे टेक्नीशियन व रेडियोलॉजिस्ट नही मिले। इन्हें भी चेतावनी दी गई। इसके बाद स्टार हॉस्पिटल की भी उन्होंने जांच की। इस संबंध में संयुक्त निदेशक स्वास्थ्य डा ए के गर्ग ने बताया कि चल रहे सभी अवैध अस्पतालों को नोटिस जारी कर जवाब मांगा गया है। उचित जवाब न मिलने पर अस्पतालों को सील किया जाएगा।



### बनारस की ठंडई और लाल पेडा सहित जौनपुर की इमरती को जीआई टैग मिलने के बाद बिक्री में इजाफा

प्रखर वाराणसी। बनारस की ठंडई को जीआई टैग मिलने के बाद ठंडई कारोबारियों में खुशी देखने को मिली रही है। वही ठंडई कारोबारियों का कहना है की जब से बनारस की ठंडई को जीआई टैग मिला है ठंडई पिने वाले कस्टमर की सख्या बढ़ी है। बतादे कि धर्म एवं पर्यटन नगरी बनारस की ठंडई, लाल पेड़ा के साथ ही लाल भरवा मिर्च, चिरईगांव का करौंदा, बनारस की शहनाई और तबला, म्यूरल पेंटिंग और मूंज क्राफ्ट के साथ जौनपुर की इमरती को ज्योग्राफिकल इंडिकेशन का तमगा मिला है। इसी के साथ 32 की उत्पादों के साथ वाराणसी समेत पूर्वांचल जीआई का हब बन गया है, तो उत्तर प्रदेश 69 जीआई टैग के साथ तमिलनाडु को पीछे छोड़ते हुए देश में पहले पायदान पर पहुंच गया है।



### भैंसा गांव में अराजक तत्वों ने लगाई गेहूं की फसल में आग, ग्रामीणों की सूझबूझ से सैकड़ो एकड़ फसल जलने से बची!

प्रखर चंदवक जौनपुर। चंदवक थाना क्षेत्र अंतर्गत भैंसा ग्राम सभा के पुरवा घुना के पूरा में अराजक तत्वों द्वारा गेहूं की फसल में आग लगाकर फरार हो जाने का मामला प्रकाश में आया है। लेकिन ग्रामीणों की सूझबूझ से आग पर काबू पाया गया और सैकड़ो लेकर गेहूं की फसल जलने से बच गई। बतादे कि ग्रामीणों का कहना है कि ग्राम सभा भैंसा घुना के पूरा गेहूं के खेत में अज्ञात व्यक्ति आग लगाकर भाग गया। आग लगते ही गांव वालों के नजर पड़ी शोर मचाने लगे सभी गांव वालों मिलकर आग को किसी तरह बुझाया गया। जिससे पूरे सिवान का गेहूं बचाया गया। गांव वाले का आरोप है, कोई दुश्मनी के कारण आग लगाकर भाग गया। घटना दोपहर 3 बजे के आसपास की बताई गई है।



प्रखर पूर्वांचल

RNIUPHIN/2016/68754

मुद्रक प्रकाशक 'पंकज सिंह' के लिए सम्पादक 'अरूण सिंह' द्वारा 'गायत्री प्रिंटिंग प्रेस' सकलेनाबाद नियर दुर्गा चौक, गाजीपुर पिन कोडः 233001 से छपवाकर कनेरी गाजीपुर से प्रकाशित

सम्पादकीय कार्यालयः 9/10, टैगोर मार्केट, कचहरी, गाजीपुर पिन कोडः 233001

सम्पर्क सूत्रः 0548-2223833, +91-8858563779 +91-9450208067, +91-9452844802

सभी विवाद गाजीपुर न्यायालय के अधीन होगें।

ताजा खबर पढ़ने के लिए लॉगइन करें हमारी वेबसाइट
https://prakharpurvanchal.com
Email ID: prakharpurvanchal@gmail.com

सांध्य दैनिक प्रखर पूर्वांचल अखबार के सभी पद अवैतनिक हैं